4 | रायपुर संभाग
पटवारियों ने सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा जाति निवास आय...

6 | अभिमत
ब्रिटेन में चुनाव लेबर पार्टी की विजय

09 | विविध
10 जुलाई को जिले में वृहद वृक्षारोपण के तहत लगभग डेढ़...

10 | संस्कारधानी
निगम में सफाई के धंधे में सबके हाथ गंदे... 409...

रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 10 जुलाई 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-318 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### ब्रिक्स संसदीय मंच में भारतीय शिष्टमंडल का नेतृत्व करेंगे बिरला



**नयी दिल्ली।** लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला रूस के सेंट पीटर्सबर्ग में गुरूवार से शुरू होने वाले दो दिवसीय दसवें ब्रिक्स संसदीय मंच में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व करेंगे। इस शिष्टमंडल में राज्य सभा के उपसभापति हरिवंश, राज्य सभा सदस्य शंभू शरण पटेल, लोक सभा के महासचिव, उत्पल कुमार सिंह और राज्य सभा के महासचिव पी.सी. मोदी शामिल हैं। लोक सभा सचिवालय में संयुक्त सचिव अंजनी कुमार शिष्टमंडल के सचिव हैं। दसवें ब्रिक्स संसदीय मंच का मुख्य विषय 'समान वैश्विक विकास और सुरक्षा के लिए बहुपक्षवाद को मजबूत करने में संसदों की भूमिका' है।

### पूर्व आईएएस अधिकारी मनीष वर्मा जदयू में हुए शामिल

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के पूर्व अधिकारी मनीष वर्मा जनता दल यूनाइटेड (जदयू) में शामिल हो गए। ओडिशा और बिहार में 21 साल तक आईएएस अधिकारी के रूप में कार्यरत रहे वर्मा ने पार्टी मुख्यालय में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में जदयू की सदस्यता ग्रहण की। इसके बाद वर्मा ने पार्टी अध्यक्ष नीतीश कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि कुमार ने उन्हें अलग-अलग पदों पर रहते हुए बिहार की सेवा करने का भरपूर मौका दिया है लेकिन अब उन्हें नई जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### खादी का कारोबार रिकॉर्ड 1.5 लाख करोड़ रुपये के पार

**नयी दिल्ली।** खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के उत्पादों की बिक्री वित्त वर्ष 2023-24 में रिकॉर्ड 1.55 लाख करोड़ रुपये को पार कर गयी है। केवीआईसी के अध्यक्ष मनोज कुमार ने मंगलवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बीते वित्त वर्ष के आंकड़े जारी करते हुए कहा कि युवाओं के बीच खादी उत्पाद लगातार लोकप्रिय हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इतिहास में पहली बार केवीआईसी के उत्पादों की बिक्री वित्त वर्ष 2023-24 में 1.55 लाख करोड़ रुपये को पार कर गयी है। वित्त वर्ष 2022-23 में बिक्री का आंकड़ा 1.34 लाख करोड़ रुपये था।

# 5वीं तक बच्चों को स्थानीय भाषा-बोली में शिक्षा दिए जाने का प्रावधान

## मंत्रिपरिषद की बैठक में लिए गए कई अहम निर्णय,12 वीं तक सबको शिक्षा उपलब्ध कराने की अनुशंसा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

मंत्रिपरिषद की बैठक में निर्णय लिया गया कि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग तथा वन और जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा वन अधिकार अधिनियम के तहत व्यक्तिगत वन अधिकार पत्रधारकों की मृत्यु होने पर वारिसानों के नाम पर काबिज वन भूमि का हस्तांतरण राजस्व या वन अभिलेखों में दर्ज करने संबंधित कार्यवाही के लिए प्रक्रिया प्रारूप का अनुमोदन किया गया। इससे भविष्य में नक्शा का जिओ रिफ्रेंसिंग होने से भूखण्ड का आधार नंबर भी लिया जाएगा। इसका उपयोग नामांतरण, सीमांकन, बटवारा आदि में किया जाएगा। प्रदेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था के लिए मंत्रिपरिषद की बैठक में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को छत्तीसगढ़ राज्य में पूर्ण रूप से लागू करने का निर्णय लिया गया। नई शिक्षा नीति के तहत कक्षा 5वीं तक बच्चों को स्थानीय भाषा-बोली में शिक्षा दिए जाने का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही प्री-प्राइमरी से 12 वीं तक सबको शिक्षा उपलब्ध कराने की अनुशंसा की गई है। इस नवीन शिक्षा नीति के तहत समतामूलक और समावेशी शिक्षा प्रदान करने के साथ ही प्रचलित शैक्षणिक संरचना 10+2 के स्थान पर 5+3+3+4 लागू किया गया है। मंत्रिपरिषद की बैठक में निर्णय लिया गया कि छत्तीसगढ़ सशस्त्र सहायक प्लाटून कमाण्डर (नर्सिंग), प्रधान आरक्षक (नर्सिंग), मेल नर्स, फिमेल नर्स, लैब टेक्निशियन, फार्मासिस्ट, नर्सिंग असिस्टेंड, कम्पाउण्डर, ड्रेसर, आरक्षक (बैण्ड), आरक्षक (श्वान दल) भर्ती प्रक्रिया वर्ष-2023 के तहत छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय



निवासियों को निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट प्रदान की जाएगी। यह छूट अनारक्षित वर्ग को निर्धारित अधिकतम आयु सीमा के अतिरिक्त एक बार के लिए 05 वर्ष की छूट एवं आरक्षित वर्ग को पहले से 05 वर्ष की आयु शिथिलीकरण के अतिरिक्त, एक बार के लिए, निर्धारित आयु सीमा में 05 वर्ष की और छूट प्रदान की जाएगी। प्रदेश में राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों के सफल क्रियान्वयन, सुशासन एवं जनसमस्याओं के समाधान के लिए एक पृथक विभाग ''सुशासन एवं अभिसरण विभाग'' का गठन किया गया है। जिसमें ई-समीक्षा, ई-लोकसेवा गारंटी एवं डिजिटल सेक्रेटरियेट को शामिल किए जाने के संबंध में मंत्रिपरिषद द्वारा छत्तीसगढ़ शासन कार्य (आवंटन) नियम में संशोधन के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। पूर्व में ये शाखाएं सामान्य प्रशासन विभाग में थी। नवा रायपुर में आवासहीन, आर्थिक रूप से कमजोर और निम्न वर्ग के परिवारों को आवास मुहैया के लिए पंजीयन की तिथि में तीन वर्ष की वृद्धि कर दी गई है। राज्य सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत नवा रायपुर में आवासों का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें हितग्राहियों को न्यूनतम मूल्य में आवास प्रदान करने के लिए पूर्व में जारी दिशा-निर्देशों को यथावत् रखते हुए आवासों के पंजीयन की तिथि को 31 मार्च 2024 से बढ़ाकर 31 मार्च 2027 तक कर दिया गया है। इस निर्णय से अभी तक रिक्त मकानों के पंजीयन की संभावनाओं में वृद्धि होगी। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की तर्ज पर छत्तीसगढ़ राज्य राजधानी क्षेत्र तथा संबंधित प्राधिकरण की स्थापना के लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार करने की प्रक्रिया के लिए नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण को अधिकृत किया गया है और इसके लिए आवास एवं पर्यावरण विभाग को प्रशासकीय विभाग बनाया गया है। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा चालू वित्तीय वर्ष की बजट में 5 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।

**शेष पेज 12 पर...**

### हिन्दू मंदिरों, तीर्थ स्थलों के क्षेत्रों में मुस्लिम दुकानें बंद हों: विहिप

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com

विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) ने हिन्दू मंदिरों और तीर्थ स्थलों के क्षेत्रों में मुस्लिम दुकानें बंद करने की मांग की है। विहिप के महामंत्री बजरंग बागड़ा ने कहा, हमें अनेक स्थानों से जानकारी मिली है कि वहाँ जो लोग भारत माता की जय या वंदे-मातरम् भी नहीं बोल सकते और मूर्ति पूजा के विरोधी हैं, वे छद्म नामों से या हिन्दू देवी देवताओं के नामों से या हिन्दू आस्था केंद्रों के नाम से हमारे धर्म स्थलों पर प्रसाद तथा पूजा सामग्री बेच रहे हैं। देश भर से अनेक प्रत्यक्ष ऐसी घटनाएं सामने आई हैं, जहां सब्ज़ियों और अन्य खाद्य एवं पेय सामग्रियों पर थूककर पहले उन्हें अपवित्र किया जाता है और इसके बाद हिन्दू श्रद्धालुओं को बेचा जाता है, इससे हिन्दुओं की भावनाएं आहत हो रही हैं। उन्होंने कहा कि देश के अनेक तीर्थों में भगवान के भोग, श्रृंगार तथा अर्पण से जुड़ी अनेक वस्तुओं को मुस्लिम समाज के लोग अपवित्र कर बेच रहे हैं, जो कि हिन्दू आस्था के साथ खिलवाड़ है, जिसे अविलम्ब रोका जाना जरूरी है।

### सरकार ने सिख फॉर जस्टिस पर प्रतिबंध की अवधि पांच वर्ष बढायी

**नयी दिल्ली।** सरकार ने आतंकवादी संगठन सिख फॉर जस्टिस पर प्रतिबंध की अवधि पांच वर्ष के लिए और बढा दी है। गृह मंत्रालय ने मंगलवार को एक अधिसूचना जारी करके कहा कि सिख फॉर जस्टिस पर प्रतिबंध की अवधि 10 जुलाई से पांच वर्ष के लिए बढायी जाती है। केन्द्र सरकार ने जुलाई 2019 पर इस संगठन पर प्रतिबंध लगाया था जिसकी अवधि अब समाप्त हो रही थी। अधिसूचना में कहा गया है कि सिख फॉर जस्टिस देश की अखंडता और सुरक्षा के प्रतिकूल गतिविधियों में लिप्त है इसलिए विधि विरूद्ध क्रियाकलाप(निवारण)अधिनियम 1967 की धारा दो की उप धारा के एक के अंतर्गत इसके खिलाफ यह कदम उठाया गया है।

### रिज क्षेत्र में बिना अनुमति काटे गए सैकड़ों पेड़ों के सबूत मिटा रहा डीडीए: सौरभ

एजेंसी < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

दिल्ली के कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सड़क को चौड़ा करने के नाम पर रिज क्षेत्र में बिना अनुमति के सैकड़ों पेड़ों को काटा गया और डीडीए इसके सबूत मिटा रहा है। दिल्ली सरकार की तीन मंत्रियों की फैक्ट फाइंडिंग कमेटी ने मंगलवार को छतरपुर के रिज क्षेत्र का दौरा कर अवैध रूप से काटे गए 1100 पेड़ों के घटनास्थल पर मुआयना किया। इस दौरान भारद्वाज बताया कि कि उच्चतम न्यायालय ने यहां काम पर रोक लगा रखा है लेकिन डीडीए लगातार काम कराकर पेड़ों की जड़ों और तनों को गायब कर रहा है, ताकि पेड़ों की सही गिनती न हो सके और सबूत मिटा दिए जाएं।

## राहुल गांधी ने रायबरेली में की जनसमस्यायों की पड़ताल

एजेंसी < रायबरेली
www.dailypioneer.com



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली के एक दिवसीय दौरे में जनसमस्यायों की पड़ताल की और निराकरण का आश्वासन दिया। मौसम खराब होने के कारण राहुल गांधी सड़क मार्ग से रायबरेली पहुंचे और दौरे की शुरुआत हनुमान मंदिर में पवनपुत्र श्री हनुमान की पूजा-अर्चना कर की। उन्होने देश की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। इसके बाद कांग्रेस नेता शहीद सैन्य अधिकारी अंशुमान सिंह के माता पिता से मिले। गांधी ने चिकित्सकों की एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानीं। उन्होने अधिवक्ताओं के एक डेलीगेशन से भी मुलाकात की और अधिवक्ता कल्याण कोष जैसी मागों पर आश्वासन दिया। उन्होने पूर्व कांगेस विधानसभा एवं नगर पंचायत प्रत्याशियों से मुलाकात की। उन्होने वरिष्ठ नेताओं, पूर्व विधायक, पूर्व सांसदों से मुलाकात की। उन्होने संगठन पदाधिकारियों से मुलाकात की। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्षों और कमेटी के पदाधिकारियों से मुलाकात की। नेता प्रतिपक्ष ने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि वह आगामी बजट सत्र में बेरोजगारी महंगाई, पेपर लीक जैसी समस्याओं को उजागर करेंगे। गांधी रायबरेली में किसान गोलीकांड शहीद स्मारक पर गये और किसानो को श्रद्धाजंलि अर्पित की। उन्होने शहीद स्मारक में वृक्षारोपण किया। लोकसभा मे नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी रायबरेली स्थित एम्स पहुंचें और ओपीडी में मरीजों का हाल चाल जाना। गौरतलब है कि चार जून को लोकसभा चुनाव में रायबरेली से विजय के बाद राहुल गांधी की यह दूसरी यात्रा है। इसके पहले वह अपनी बहन प्रियंका गांधी और अमेठी के नवनिर्वाचित सांसद किशोरीलाल शर्मा के साथ जनता को और कार्यकर्ताओं को आभार व्यक्त करने एक सभा मे शिरकत कर चुके है। रायबरेली अमेठी कांग्रेस के गढ़ के रूप में देखी जाती है। इस लोकसभा सीट को गांधी परिवार की पारिवारिक सीट के तौर पर भी देखा जाता है।

## विज्ञान वरदान है लेकिन इससे मानवता के लिए चुनौतियां भी पैदा हो रही हैं : मुर्मु

पायनियर संवाददाता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मंगलवार को कहा कि विज्ञान वरदान है लेकिन इसके साथ-साथ उसके अभिशाप का खतरा भी सदैव बना रहता है, क्योंकि तकनीकी विकास से क्षमता तो बढ़ रही हैं लेकिन इससे मानवता के लिए चुनौतियां भी पैदा हो रही हैं। मुर्मु ने ओडिशा के भुवनेश्वर में राष्ट्रीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (नाइसर) के 13वें स्नातक दीक्षांत समारोह में कहा कि नाइसर की यात्रा अभी कुछ वर्षों की ही है, लेकिन इतने कम समय में ही इसने शिक्षा जगत में अपना महत्वपूर्ण स्थान बना लिया है। यह अच्छी बात है कि संस्थान विज्ञान की तार्किकता और परंपरा के मूल्यों को एकजुट कर आगे बढ़ रहा है। राष्ट्रपति ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सार्थक शिक्षा और ज्ञान वही है जो मानवता के कल्याण और उत्थान के लिए इस्तेमाल किया जाए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वे जहां भी कार्य करेंगे, अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता के सर्वोच्च स्तर को प्राप्त करेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि विद्यार्थी अपने कार्यक्षेत्र में उपलब्धियों के साथ-साथ अपने सामाजिक कर्तव्यों का भी पूरी जवाबदेही के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने सात सामाजिक पाप परिभाषित किए हैं, जिनमें से एक है दयारहित विज्ञान, यानी मानवता के प्रति संवेदनशीलता के बिना विज्ञान को बढ़ावा देना पाप-कर्म के समान है। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि उन्हें गांधी जी के इस संदेश को सदैव याद रखना चाहिए। मुर्मु ने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपने व्यक्तित्व में हमेशा विनम्रता और जिज्ञासा की भावना बनाए रखें। उन्होंने कहा कि उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे अपने ज्ञान को एक सामाजिक उद्यम के रूप में देखें और इसका उपयोग समाज और देश के विकास के लिए करें। राष्ट्रपति ने कहा कि विज्ञान, वरदान है लेकिन इसके साथ-साथ उसके अभिशाप का खतरा भी सदैव बना रहता है। आज विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बहुत तेजी से परिवर्तन हो रहे हैं। नए तकनीकी विकास मानव-समाज को क्षमताएं प्रदान कर रहे हैं, लेकिन साथ ही, वे मानवता के लिए नई चुनौतियां भी पैदा कर रहे हैं।

## सीएम केजरीवाल के खिलाफ प्रोडक्शन वारंट, 12 जुलाई को अदालत में पेशी

वार्ता < नयी दिल्ली
www.dailypioneer.com



दिल्ली की एक विशेष अदालत ने आबकारी नीति कथित घोटाला मामले में मंगलवार को प्रोडक्शन वारंट जारी कर आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 12 जुलाई को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया हैं। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा की अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से केजरीवाल के खिलाफ दायर पूरक आरोप पत्र का संज्ञान लेते हुए प्रोडक्शन वारंट जारी किया।दिल्ली की सत्ताधारी आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आबकारी नीति मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी और सीबीआई की गिरफ्तारी के बाद न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं। ईडी ने 21 मार्च और सीबीआई ने 26 जून 24 को आरोपी मुख्यमंत्री केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुकदमे में मार्च से न्यायिक हिरासत में बंद आरोपी मुख्यमंत्री केजरीवाल को अदालत की अनुमति के बाद 25 जून को पूछताछ और फिर 26 जून को गिरफ्तार किया था। विशेष अदालत ने उसी दिन सीबीआई की गुहार पर उन्हें इस केंद्रीय जांच एजेंसी की तीन दिनों की हिरासत में भेज दिया था। हिरासत अवधि समाप्त होने के बाद विशेष अदालत ने शनिवार 29 जून को उन्हें 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। राऊज एवेन्यू स्थित अवकाशकालीन विशेष न्यायाधीश सुनैना शर्मा ने सीबीआई की ओर से केजरीवाल की हिरासत अवधि बढ़ाने की मांग नहीं करने और 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजने के आग्रह के बाद यह आदेश पारित किया था। इससे पहले ईडी की ओर से दर्ज मामले में विशेष अदालत ने 20 जून को केजरीवाल को जमानत दी थी।

### मैं अपने साथ हिन्दुस्तान की मिट्टी की महक लेकर के आया हूं

## भारत की वृद्धि दर और वैश्विक प्रगति बढ़ेगी : पीएम मोदी

वार्ता < मॉस्को
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की विकास यात्रा में रूस की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि आने वाले दस साल में भारत और भी तेज़ गति से विकास करने वाला है और वैश्विक प्रगति में भारत का योगदान 15 प्रतिशत से कहीं ज़्यादा होगा। मोदी ने रूस में भारतीय समुदाय के लोगों के साथ मुलाकात के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह कहा। उन्होंने रूस की यात्रा के दूसरे दिन सबसे पहले इस कार्यक्रम में भारत की विकास यात्रा का उल्लेख किया तथा भारत -रूस के अनूठे रिश्तों की विशेषता एवं देश के विकास में रूस के योगदान एवं आने वाले दिनों की भूमिका का ज़िक्र किया। मोदी ने रूस में कज़ान और येकातेरिनबर्ग में भारतीय वाणिज्य दूतावास खोलने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा, चुनाव के दौरान मैं कहता था कि बीते 10 सालों में भारत ने जो विकास किया....वो तो सिर्फएक ट्रेलर है। आने वाले 10 साल और भी तेज़ प्रगति के होने वाले हैं। सेमीकंडक्टर से इलैक्ट्रॉनिक विनिर्माण तक, ग्रीन हाइड्रोजन से इलैक्ट्रिक वाहन तक और विश्व स्तरीय आधारभूत ढांचा, भारत की नई गति, दुनिया के विकास का और मैं बहुत जिम्मेदारी से कह रहा हूं, दुनिया के विकास का अध्याय लिखेगी। वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि में 15 प्रतिशत का योगदान भारत कर रहा है। आने वाले समय में इसका और ज्यादा विस्तार होना तय है। दुनिया की गरीबी से लेकर जलवायु परिवर्तन तक, हर चुनौती को, चुनौती देने में भारत सबसे आगे रहेगा, और मेरे तो डीएनए में है चुनौती को चुनौती देना। उन्होंने कहा, ये अमर प्रेम की कहानी है दोस्तों। ये दिनों दिन बढ़ती रहेगी, सपनों को संकल्प में बदलती रहेगी और हमारे कठोर परिश्रम से हर संकल्प सिद्धि को पा करके रहेगा। मोदी ने अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए कहा, मैं अपने साथ हिन्दुस्तान की मिट्टी की महक लेकर के आया हूं। मैं अपने साथ 140 करोड़ देशवासियों का प्यार लेकर के आया हूं। उनकी शुभकामनाएं आपके लिए लेकर के आया हूं और ये बहुत सुखद है कि तीसरी बार सरकार में आने के बाद भारतवंशियों से मेरा पहला संवाद यहां मॉस्को में आपके साथ हो रहा है। उन्होंने याद किया कि आज 9 जुलाई को उन्हें शपथ लिए एक महीना पूरा हुआ है। उन्होंने कहा, आज से ठीक एक महीने पहले 9 जून को मैंने तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी, और उसी दिन मैंने एक प्रण किया था। मैंने प्रण किया था कि अपने तीसरे कार्यकाल में, मैं तीन गुनी ताकत से काम करूंगा। तीन गुनी रफ्तार से काम करूंगा। और ये भी एक संयोग है कि सरकार के कई लक्ष्यों में भी तीन का अंक छाया हुआ है। सरकार का लक्ष्य है तीसरे कार्यकाल में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना, सरकार का लक्ष्य है तीसरे कार्यकाल में गरीबों के लिए तीन करोड़ आवास बनाना, तीन करोड़ घर बनाना, सरकार का लक्ष्य है तीसरे कार्यकाल में तीन करोड़ लखपति दीदी बनाना। उन्होंने कहा कि भारत में जो महिला स्वसहायता समूह चल रहे हैं गांव में। हम उनको इतना सशक्त करना चाहते हैं, उतना कौशल विकास करना चाहते हैं, इतना विविधीकरण करना चाहते हैं। हम चाहते हैं कि तीसरे कार्यकाल में गावों की जो गरीब महिलाएं हैं उसमें तीन करोड़ दीदी लखपति बनें।

# अमेठी में सड़क हादसा, 5 की मौत,12 घायल

वार्ता < अमेठी
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश में अमेठी जिले के शुकुल क्षेत्र में मंगलवार भोर एक सड़क हादसे में पांच यात्रियों की मौत हो गयी जबकि 12 से अधिक घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर किलोमीटर संख्या 68.8 के पास मंगलवार सुबह लगभग तीन बजे यहा हादसा उस समय हुआ जब दिल्ली से सिवान की तरफ जा रही बस एक अज्ञात वाहन से पीछे से टकरा गयी। हादसे में बस का बायां हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। इस दौरान बस में बैठे पांच लोगों की मौत हो गई जबकि 12 लोग घायल हुए है। पुलिस ने घायलों को तत्काल इलाज के लिये सीएचसी में भर्ती कराया जिसमें 11 लोगों का इलाज सीएचसी बाजार शुकुल में चल रहा है। एक अन्य को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। मृतकों की शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे हैं।

### हरदोई में झोपड़ी में घुसी बस, 4 की मौत, 6 घायल

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश में हरदोई जिले के माधौगंज क्षेत्र में मंगलवार को एक सड़क हादसे में चार लोगों की मृत्यु हो गयी जबकि छह अन्य गंभीर रुप से घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे यह हादसा उस समय हुआ जब हरदोई से उन्नाव जा रही निजी बस कटरा-बिल्हौर हाईवे पर सड़क किनारे एक झोपड़ी नुमा घर में जा घुसी और घर के बाहर बैठे लोगों पर पलट गई। आनन फानन जेसीबी की मदद से मलबे को हटाकर सभी को बाहर निकाला गया लेकिन तब तक तीन महिलाओं समेत चार की मौत हो चुकी थी वहीं बस में सवार गंभीर रूप से घायल छह लोगों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि हाईवे पर गड्ढे में बस का पहिया जाने से सॉफ्ट टूट गया और बस का ब्रेक फेल होने बाद बस अनियंत्रित होकर झोपड़ी नुमा घर में घुस गई। फिलहाल मौके पर भारी पुलिस बल और प्रशासनिक अमला राहत बचाव में जुटा हुआ है। सूत्रों ने बताया जिले में कटरा बिल्हौर हाईवे पर थाना माधौगंज क्षेत्र में शेखवापुर गांव में अनियंत्रित बस एक झोपड़ीनुमा घर में जा घुसी। हादसे में शेखवापुर गांव निवासी अलाउद्दीन की पत्नी ननहक्की (50),उस्मान की पत्नी आशा, अली रजा की पत्नी मोमिना (40) और मोहम्मद शफी के 15 वर्षीय बेटे सूफियान की मौत हो गई। सभी घर के बाहर चारपाई पर बैठे थे कि तभी हरदोई से उन्नाव जा रही बस अनियंत्रित होकर घर में जा घुसी और फिर पलट गई। जिससे मिट्टी की दीवार के मलबे में सभी दब गए। हादसे के वक्त बस में 25 यात्री सवार थे जिनमें छह यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# बाढ़ की विभीषिका से सरकार बेखबर : अखिलेश यादव

पायनियर संवाददाता ◀ लखनऊ
www.dailypioneer.com



समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में बाढ़ की विकरालता पर चिंता व्यक्त करते हुये कहा कि बाढ़ की विभीषिका से लाखों लोग प्रभावित है लेकिन भाजपा सरकार या तो बेख़बर है या संवेदनशून्य है। उन्होने कहा कि राज्य के सैकड़ों गांव बाढ़ की चपेट में है। फसलें नष्ट हो गयीं। आम जनता और पशुओं का जीवन संकट में है। मकान क्षतिग्रस्त हो गये हैं। किसानों की स्थिति बहुत ही खराब है। बाढ़ पीड़ितों को कोई मदद नहीं मिल रही है। यह सरकार किसी भी पीड़ित की सुध क्यों नहीं लेती है। यह आशंका अब सही साबित होती दिखती है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में हुई करारी हार से भाजपा इतना परेशान है कि वह मतदाताओं से बदला लेने पर उतारू है। यादव ने कहा कि बरेली, गोण्डा, गोरखपुर, श्रावस्ती, बहराइच, संतकबीर नगर, पीलीभीत, बस्ती, सिद्धार्थनगर, कुशीनगर, देवरिया आदि दो दर्जन से ज्यादा जनपदों की हालत बहुत खराब है। लाखों लोगों का जनजीवन पूरी तरह बाढ़ से अस्त-व्यस्त है। पीलीभीत में नदी का जलस्तर बढ़ने पर रेलवे लाइन की पुलिया ही बह गई। ताजनगरी आगरा में जगह-जगह सड़के धंस गई। स्कूल-अस्पताल प्रभावित हैं। भाजपा सरकार ने बाढ़ को लेकर पहले से कोई तैयारी नहीं की। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार की लापरवाही, निष्क्रियता और भ्रष्टाचार से कई शहरी इलाके भी जलभराव से प्रभावित है। जलभराव से लोगों को भारी परेशानी हो रही है। भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार प्रभावी कार्यवाही करने में पूरी तरह फेल हो गई है। लखनऊ, वाराणसी, बरेली, मेरठ समेत अन्य कई जिलों के कई इलाकों में सड़कों, लोगों के घरों में पानी घुस गया है। भाजपा सरकार ने स्मार्टसिटी के नाम पर जनता को ठगने का काम किया है। स्मार्टसिटी के नाम पर सैकड़ों करोड़ की लूट हो गयी लेकिन जल निकासी और नालो की सफाई नहीं हुई। भाजपा सरकार में बजट की जमकर लूट हुई है। करोड़ों रूपये खर्चकर भव्य अयोध्या बनाने का दावा किया गया था परन्तु पहली बरसात में ही रामपथ में सड़क धंस गई, मंदिर से पानी चूने लगा, भाजपा की झूठ और लूट की राजनीति का यह एक उदाहरण है।

## बंदर के साथ रील बनाने वाली छह नर्से निलंबित

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश के बहराइच में ड्यूटी के दौरान बन्दर के साथ खेलने वाली छह स्टाफ नर्सों को मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने मंगलवार को निलंबित कर दिया। सूत्रों के अनुसार बहराइच मेडिकल कॉलेज से संबद्ध महिला जिला अस्पताल के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में स्टाफ नर्स अंजली, आंचल शुक्ला, किरन सिंह, प्रिया, पूनम पांडे और संध्या सिंह की तैनाती है। इन सभी ने पांच जुलाई को ड्यूटी के दौरान महिला अस्पताल में बंदर को कपड़े पहना कर रील बनाया। इसके बाद रील को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। रील की वीडियो प्राचार्य डॉ संजय खत्री के पास पहुंची। जिस पर उन्होंने सभी स्टाफ नर्सों को निलंबित कर दिया है। प्राचार्य का कहना है कि इससे मेडिकल कॉलेज की छवि खराब हुई है। प्राचार्य ने इसे गंभीरता से लेते हुए सभी को निलंबित कर दिया है।

## प्राकृतिक खेती पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करेंगे 12 राज्य : शाही

पायनियर संवाददाता ◀ लखनऊ
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में प्राकृतिक खेती व कृषि विज्ञान पर 19 जुलाई को आयोजित क्षेत्रीय परामर्श कार्यक्रम में 12 राज्यों के लगभग 500 प्रतिनिधि शामिल होंगे। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने पत्रकारों को बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत होंगे। यूपी की मेजबानी में होने वाले इस कार्यक्रम में केंद्र, राज्य सरकारों व केंद्रशासित प्रदेशों के अधिकारी, 15 कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपति व डीन, 180 कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिकों के साथ ही प्राकृतिक खेती करने वाले अग्रणी किसानों की भी सहभागिता रहेगी। यहां प्राकृतिक खेती के स्टॉल रहेंगे। वैज्ञानिक-कृषि संवाद भी होगी। शाही ने बताया कि राज्य स्तरीय प्राकृतिक खेती कार्यशाला का आयोजन 20 जुलाई को अयोध्या में आचार्य नरेंद्र देव कुमारगंज, विश्वविद्यालय में होगा। इसमें पूर्वी उत्तर प्रदेश के 25 कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक, प्राकृतिक खेती के नोडल अधिकारी, कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपति, डीन और लगभग 250 किसान रहेंगे। उन्होने बताया कि योगी सरकार प्राकृतिक खेती पर बल दे रही है। सरकार ने रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय झांसी में प्राकृतिक खेती का लैब लगाने के लिए स्वीकृति प्रदान की है। साथ ही बांदा कृषि विश्वविद्यालय में भी प्राकृतिक खेती के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर के लैब बनेंगे। यह प्राकृतिक खेती की टेस्टिंग करेंगे। दोनों लैब 25 करोड़ रुपये से तैयार होगी। एक से डेढ़ वर्ष के भीतर यहां टेस्टिंग शुरू हो जाएगी। कृषि मंत्री ने बताया कि अमृतकाल के भारत में स्वास्थ्य व आहार परंपरा के तहत भी 19-20 जुलाई को आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय में कार्यक्रम होगा। इसमें श्रीअन्न के आहार से बेहतर स्वास्थ्य पर भी चर्चा होगी। यहां कर्नाटक के वैज्ञानिक पद्मश्री खादर वली के शोध पर चर्चा होगी। पूर्व राज्यसभा सांसद आरके सिन्हा, कृषि वैज्ञानिक, श्रीअन्न की खेती करने वाले किसान, एफ्पीओ, प्रॉसेसर्स भी रहेंगे। इसी के तहत श्रीअन्न को लेकर 26 जुलाई को बांदा कृषि विश्वविद्यालय में भी कार्यशाला होगी। उन्होने बताया कि योगी सरकार ने दलहन व तिलहन की खेती पर निरंतर विशेष पहल की है।

## हिमाचल के नाशपाती न खरीदने पर बागवानों का पराला मंडी में प्रदर्शन

एजेंसी ◀ शिमला
www.dailypioneer.com

हिमाचल के जिला ठियोग की पराला फल मंडी में पुराने कार्टन (टेलिस्कोपिक) में नाशपती की पेटियां न खरीदने पर बागवानों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान मंडी में फसल लेकर पहुंचे सभी बागवानों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी के हस्तक्षेप के बाद बागवानों का माल बिका। दरअसल सोमवार को मंडी में कोटखाई, बलसन और चौपाल क्षेत्र से पुराने कार्टन में नाशपाती की करीब 100 पेटियां बिकने के लिए आई थीं। इसे आढ़तियों ने खरीदने से मना कर दिया। ऐसे में फसल लेकर आए बागवान भड़क गए, और उन्होंने नारेबाजी शुरू कर दी। बागवानों का कहना है कि यूनिवर्सल कार्टन कहीं भी नहीं मिल रहा है और फसल तुड़ान शुरू हो गया। तहसील चौपाल की देवठ पंचायत के केवल राम भाक्टा ने कहा कि हमारे पास पुराने कार्टन की करीब 250 पेटियां बची हुई हैं। पूरे चौपाल में पूरे बाजार में कहीं भी नया कार्टन नहीं मिल रहा है। ठियोग के देवराज शर्मा ने बताया कि पहले ही मौसम की मार से फसल खराब हो गई है। पूरे ठियोग में कहीं भी नया कार्टन नहीं मिल रहा है। मंडी में पहुंचे भोंट क्षेत्र के बागवान राकेश चंदेल ने बताया कि पुराने कार्टन में लाए माल को लेकर बिना बेचे वापस भेज रहे हैं। बागवानों का कहना है कि सरकार अभी शुरूआती सीजन में बागवानों के पास बचे हुए पुराने कार्टन में सेब और नाशपती खरीदने के आदेश दें या फिर जल्द से जल्द सभी विक्रय केंद्रों पर नए कार्टन उपलब्ध करवाएं। बागवानों का कहना है कि उनकी मांगें पूरी न करके सरकार उन्हें आने वाले दिनों में सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर कर रही है।

पराला मंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान हरीश चौहान ने बताया कि मंडी पहुंचते ही जैसे उन्होंने पुराने कार्टन में नाशपाती की पेटियां देखीं तो उन्होंने उन्हें खरीदने से इंकार कर दिया। बागवानी मंत्री ने कुछ ही दिनों तक नाशपाती को पुराने कार्टन में खरीदने के लिए कहा था। इसके बाद बागवान ने मंत्री से बात की और केवल नाशपाती को पुराने कार्टन में खरीदने के लिए कहा। इसके बाद उन्होंने वह माल खरीद लिया। एपीएमसी के अधिकारी हंगामे की सूचना मिलते ही वहां पहुंच गए और स्थिति का जायजा लिया। शिमला किन्नौर के एपीएमसी के सचिव देव राज कश्यप ने कहा कि पराला मंडी में गलतफहमी की वजह से हंगामा हुआ। आढ़तियों ने नाशपाती को सेब समझ कर खरीदने से इंकार कर दिया था। राज्य के बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी को इसकी सूचना मिलने के बाद मंत्री ने नाशपाती को पुराने कार्टन में ही खरीदने के लिए कहा। सेब केवल यूनिवर्सल कार्टन में ही बिकेगा। एचपीएमसी के प्रबंध निदेशक सुदेश कुमार मोक्टा ने रोहडू और गुम्मा में स्थित एचपीएमसी के विक्रय केंद्रों पर रविवार को यूनिवर्सल कार्टन की सप्लाई पहुंच गई है। मंगलवार को पांच से छह विक्रय केंद्रों पर भी कार्टन की सप्लाई पहुंच जाएगी।

## कारगिल दिवस की रजत जयंती पर 'हार्ट्स टच ब्रेवहार्ट्स' रैली रवाना

एजेंसी ◀ जयपुर
www.dailypioneer.com

राजस्थान में सप्त शक्ति कमांड आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने मंगलवार को सप्त शक्ति कमांड, जयपुर से 'हार्ट्स टू ब्रेवहार्ट्स' कार रैली को झंडी दिखाकर रवाना किया। सैन्य प्रवक्ता कर्नल अमिताभ शर्मा ने बताया कि रैली का आयोजन 'कारगिल विजय दिवस' के रजत जयंती महोत्सव को मनाने के लिए किया जा रहा है। 'हार्ट्स टू ब्रेवहार्ट्स' अभियान कार रैली अखिल भारतीय रैली है और इसकी यात्रा पूर्व में किबिथू, दक्षिण में कोच्चि और पश्चिम में तनोट से दस सदस्यों के दल और नौ वाहनों के साथ शुरू हुई। उन्होंने बताया कि यह रैली 10 हजार किलोमीटर की दूरी तय करके दिल्ली में एकत्रित होगी और अंत में कारगिल युद्ध स्मारक पर समाप्त होगी। रैली का उद्देश्य कारगिल युद्ध के वीर योद्धाओं को श्रद्धांजलि देना है। इससे पहले मंगलवार को जयपुर सैन्य छावनी में कारगिल विजय दिवस के रजत जयंती महोत्सव समारोह के दौरान रैली में शामिल जवानों ने यात्रा के दौरान नागरिकों द्वारा बहादुर सैनिकों के प्रति आभार व्यक्त करने वाले धन्यवाद संदेशों को पढ़ा। ह्रदय को छू जाने वाले संदेशो में सैनिकों के बलिदानों और राष्ट्र के प्रति उनकी वीरता और निस्वार्थ देश प्रेम का सम्मान व्यक्त किया गया। इस अवसर पर आर्मी कमांडर ने बहादुर सैनिकों की वीरता एवं बलिदान की सराहना की, जिन्होंने कारगिल अभियान के दौरान कठिन मौसम और प्रतिकूल परिस्थितियों में युद्ध करके निर्णायक जीत हासिल की।

उन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए बहादुरी से लड़ने वाले सभी सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और कारगिल विजय में सैनिकों को अदम्य साहस और शौर्य को याद किया।

## मिश्र ने मुख्य सूचना आयुक्त और राज्य सूचना आयुक्तों को दिलाई शपथ

**जयपुर।** राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने मंगलवार को यहां पूर्व पुलिस महानिदेशक मोहन लाल लाठर को मुख्य सूचना आयुक्त तथा सुरेश चंद गुप्ता, महेंद्र कुमार पारख और टीकाराम शर्मा को राज्य सूचना आयुक्त के पद की शपथ दिलाई। मिश्र ने राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित समारोह में इन्हें शपथ दिलाई। इन सभी ने ईश्वर के नाम पर हिन्दी में शपथ ली। आरंभ में मिश्र से मुख्य सचिव सुधांश पंत ने मुख्य सूचना आयुक्त और राज्य सूचना आयुक्तों को शपथ दिलाने के लिए आग्रह किया। राज्यपाल ने लाठर को मुख्य सूचना आयुक्त तथा गुप्ता, पारख और शर्मा को राज्य सूचना आयुक्त बनने पर बधाई दी। इस मौके पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, राज्य मंत्री मण्डल के सदस्य, भारतीय प्रशासनिक एवं पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी, राज्यपाल सचिव कविता सिंह, प्रमुख विशेषाधिकारी गोविन्द राम जायसवाल शसहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

## सारण में कार से भारी मात्रा में शराब जब्त

**छपरा।** बिहार के सारण जिले में उत्पाद विभाग की टीम ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र में एक कार से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया है। उत्पाद विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र से होकर एक कार से भारी मात्रा में विदेशी शराब की खेप जाने वाली है। इस सूचना के आधार पर उत्पाद विभाग की टीम ने मुफस्सिल थाना क्षेत्र में वाहन जांच शुरू की। इस दौरान वहां से गुजर रहे एक लक्जरी कार की तलाशी में 25 कार्टन विदेशी शराब को बरामद किया गया। सूत्रों ने बताया कि बरामद शराब की अनुमानित कीमत लगभग 1.75 लाख रुपए से ज्यादा की बतायी जा रही है। टीम ने कार चालक गड़खा थाना क्षेत्र के महमदा गांव निवासी रामायण महतो के पुत्र रंजीत महतो को गिरफ्तार कर उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया है।

## आमजन की समस्या का समाधान प्रशासन की प्राथमिकता : सिंह

**सिरसा।** हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन की ओर से लगाए जा रहे समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के समाधान करने में कारगर सिद्ध हो रहे हैं। समाधान शिविर में फैमिली आईडी से संबंधित आ रही ज्यादातर समस्याओं का मौके पर ही निदान हो रहा है। मंगलवार को समाधान शिविर में 102 शिकायत आईं। उपायुक्त आर. के. सिंह ने सभी समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए अधिकारियों को मौके पर समाधान के बारे दिशा निर्देश दिए। शिविर में अधिकारी विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं को सुनकर मौके पर ही समाधान कर रहे हैं। प्रदेश सरकार की इस बड़ी पहल को लेकर नागरिकों की काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है और सरकार के इस प्रयास की सराहना कर रहे हैं। उपायुक्त ने बताया कि समाधान शिविरों में प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहते हैं और समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए तुरंत आवश्यक कार्रवाई करते हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को समाधान शिविर में 102 समस्याएं आईं और सभी समस्याओं पर उपायुक्त द्वारा सुनवाई की गई और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण, अतिरिक्त उपायुक्त डॉ विवेक भारती, एसडीएम राजेंद्र कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश और यनम में अगले 24 घंटों में भारी बारिश के आसार

**अमरावती (आंध्र प्रदेश)।** उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश और यनम में अलग-अलग स्थानों पर अगले 24 घंटों के दौरान भारी बारिश होने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने मंगलवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग की ओर से जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इसी अवधि के दौरान उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश और यनम, दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश और रायलसीमा में अलग-अलग स्थानों पर 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवाओं के साथ, बिजली चमकने और आंधी आने का अनुमान है। उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश, यनम, दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश और रायलसीमा में 10 से 13 जुलाई तक अलग-अलग स्थानों पर गरज-चमक के साथ आंधी आने के आसार हैं। उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश और यनम, दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश और रायलसीमा में अगले सात दिनों के दौरान कुछ स्थानों पर बारिश होने अथवा गरज के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान है। दक्षिण-पश्चिम मानसून तटीय आंध्र प्रदेश और यनम पर सक्रिय है और रायलसीमा पर सामान्य है। पिछले 24 घंटों के दौरान तटीय आंध्र प्रदेश और यनम में कई स्थानों पर तथा रायलसीमा में कुछ स्थानों पर बारिश हुई।

## सरकारी लापरवाही के कारण राजस्थान के पांच नए सरकारी मेडिकल कॉलेजों को नहीं मिली मान्यता : गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अशोक गहलोत ने आरोप लगाते हुए कहा है कि सरकारी लापरवाही के कारण प्रदेश के पांच नए सरकारी मेडिकल कॉलेजों नागौर, बारां, झुंझुनूं, बांसवाड़ा एवं सवाईमाधोपुर को नेशनल मेडिकल काउंसिल की मान्यता नहीं मिली है। गहलोत ने मंगलवार को अपने बयान में यह बात कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इसे गंभीरता से लेकर सभी जरूरी संसाधन उपलब्ध कराए जिससे मेडिकल साइंस के विद्यार्थियों एवं जनता को इस अरबों रुपये के निवेश का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा हमारी सरकार ने सभी 33 जिलों में हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज खोलने का निर्णय लिया। जालोर, राजसमंद एवं प्रतापगढ़ में जब केन्द्र सरकार से सहयोग नहीं मिला तब मैंने तीनों जिलों में स्टेट फंड से मेडिकल कॉलेज स्वीकृत किए। यह अब नई सरकार की जिम्मेदारी है कि इन मेडिकल कॉलेजों को पूरे संसाधन उपलब्ध करवाए एवं इन्हें सुचारू रूप से चलाए। परन्तु यह आश्चर्य का विषय है कि सरकारी लापरवाही के कारण प्रदेश के पांच नए सरकारी मेडिकल कॉलेजों को नेशनल मेडिकल काउंसिल की मान्यता नहीं मिली है।



## बस एवं ट्रक की भिड़ंत में ट्रक चालक की मौत, पांच घायल

**जयपुर।** राजस्थान में जोधपुर के राजीव गांधी नगर थाना क्षेत्र में आज एक निजी बस और ट्रक में भिड़ंत में ट्रक चालक की मौत हो गई तथा पांच अन्य घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार जोधपुर से शिव जा रही यह निजी बस की बडली गांव के पास ट्रक से भिड़ंत हो गई। हादसे में ट्रक चालक पन्ना लाल की मौत हो गई तथा बस चालक सहित पांच अन्य लोग घायल हो गए। हादसे में घायल सभी लोगों को जोधपुर के एमडीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## वसूली के आरोप में गिरफ्तार

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश की दूसरी राजधानी धर्मशाला में मंगलवार को राज्य सतर्कता व भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। दो मीडिया कर्मियों के खिलाफजबरन वसूली के आरोप में विजिलेंस थाना धर्मशाला में भारतीय न्याय संहिता की धारा 308(2) और 3(5) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। शिकायत के अनुसार, एक आरोपी मृत्युंजय ने खुद को खबर आज तक चैनल का रिपोर्टर बताया और दूसरे आरोपी, राकेश भारद्वाज ने अजूबा गजब न्यूज़ चौनल के लिए काम करने का दावा किया।

## कार्यकर्ताओं के परिश्रम से बनी तीसरी बार मोदी सरकार : बाबूलाल मरांडी

एजेंसी ◀ रांची
www.dailypioneer.com



झारखंड में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने धनबाद में कार्यकर्ता सम्मान एवम विधानसभा स्तरीय विजय संकल्प सभा को संबोधित किया। मरांडी ने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही जमीनी स्तर पर पार्टी की विचारधारा केलिए जूझता है ,संघर्ष कार्य है। जनता से संवाद करता है,रोज रोज होने वाले कार्यक्रमों को सफल बनाता है। कहा कि ऐसे कार्यकर्ता ही पार्टी की पूंजी है। इनका मान सम्मान बढ़ाना नेतृत्व का कर्तव्य है। मरांडी ने कहा कि आज तीसरी बार मोदी सरकार यह महान और ऐतिहासिक उपलब्धि कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का ही परिणाम है। कहा कि अब कार्यकर्ताओं का एक ही लक्ष्य है।

राज्य की भ्रष्ट,निकम्मी ठगबंधन सरकार से मुक्ति दिलाना। उन्होंने कहा कि यह धोखेबाज सरकार है जिसने युवाओं को रोजगार और बेरोजगारी भत्ता का वादा कर वोट तो प्राप्त किया लेकिन सत्ता में आते ही भुला दिया। सदन में मुख्यमंत्री ने 5लाख नौकरी देने ,बेरोजगारी भत्ता देने की बात कही लेकिन नौकरी देने के नाम पर नौकरियों की बोली लगाई गई। प्रश्न पत्र लाखों में बेचे गए। जेपीएससी जेएसएससी की सभी परीक्षाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। आज युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया।

## जींद नागरिक अस्पताल का बुरा हाल : मानवाधिकार आयोग ने की रिपोर्ट तलब

**चंडीगढ़।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने हरियाणा के जींद नागरिक अस्पताल के बुरे हाल को लेकर राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है। आयोग के मंगलवार को यहाँ जारी बयान के अनुसार आयोग ने मीडिया में आई रिपोर्टों का संज्ञान लेते हुए मुख्य सचिव से एक सप्ताह के अंदर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग के अनुसार मीडिया रिपोर्ट बताती है कि अस्पताल में डॉक्टरों के स्वीकृत 55 पदों में से 19 पद भरे हैं बाकी रिक्त हैं। अस्पताल में रोजाना लगभग दो हजार मरीज आते हैं, लेकिन उनमें से अधिकांश को अन्य अस्पतालों में भेज दिया जाता है क्योंकि अस्पताल में न समुचित उपकरण नहीं हैं और न ही पर्याप्त दवाइयाँ। अस्पताल में बंदरों ने भी आतंक मचा रखा है।

## धामी ने तराई के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया हवाई सर्वेक्षण,प्रभावितों से भी मिले

वार्ता ◀ टनकपुर/नैनीताल
www.dailypioneer.com



उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को चंपावत और ऊधम सिंह नगर जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण किया और बाढ़ प्रभावितों से मिल कर उनकी समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने दोनों जिलों के अधिकारियों को आपदा प्रभावित क्षेत्रों और परिसंपत्तियों के नुकसान का आकलन कर तत्काल प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिये। धामी ने अतिवृष्टि से हुए नुकसान की रिपोर्ट तत्काल शासन को भेजने और प्रत्येक प्रभावित को मुआवजा राशि वितरित करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने आगे कहा कि मानसून काल में अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी और अधिकारी आपदा प्रभावित क्षेत्रों में कैम्प कर राहत कार्यों में तेजी लायें। साथ ही धरातल पर कार्य करें। मुख्यमंत्री ने बनबसा और टनकपुर क्षेत्र में शादरा नदी से हो रहे भूकटाव को रोकने के लिये उचित कदम उठाने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि टनकपुर के किरोड़ानाले के स्थायी उपचार और डायवर्जन के लिये तत्काल प्रस्ताव तैयार करें।

## गैर कानूनी काम पर सख्ती से निपटा जाना चाहिए : पायलट

वार्ता ◀ टोंक
www.dailypioneer.com



राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने बजरी के मामलों में राज्य सरकार को सख्त कदम उठाने की जरूरत बताते हुए कहा है कि अगर कहीं कोई गैरकानूनी काम हो रहा है तो सरकार और प्रशासन को उसे सख्ती से निपटा जाना चाहिए। पायलट मंगलवार को टोंक में मीडिया से रूबरू होते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि अगर कहीं गलत काम हो रहा है इस पर सख्ती से नहीं निपटा गया तो ऐसी घटनाओं से लोगों का मनोबल टूटता है और गलत काम करने वाले लोगों में साहस बढ़ेगा । उन्होंने बजरी का ट्रैक्टर चढ़ाकर पुलिसकर्मी की हत्या का जिक्र करते हुए कहा कि इससे पूरी पुलिस फोर्स का मनोबल टूटेगा। पायलट ने राज्य सरकार से आग्रह किया कि सारी बातें छोड़कर अगर गैरकानूनी गतिविधिया कहीं हो रही है तो उस पर तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा हम लोग सदन के अंदर और बाहर मांग रखेंगे कि अवैध कोई भी कार्रवाई हो, कोई कितना ही बड़ा प्रभावशाली व्यक्ति हो उसके कहने पर अगर सरकार आंख मूंद लेगी और यह गैर कानूनी कार्रवाई होती रहेगी तो हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कश्मीर के कठुआ में सेना पर हुए आतंकवादी हमले को लेकर कहा कि इस प्रकार की आतंकवादी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने केंद्र सरकार को आदेश दिया है कि जम्मू और कश्मीर में सितंबर तक विधानसभा चुनाव कराने है। सरकार सदन में दावा करती है, सब कुछ ठीक हो गया स्थिति नियंत्रण में है लेकिन सीमा पार से हमारे नौजवानों को शहीद किया जा रहा है। उन पर घात लगा कर हमला हो रहा है जानें जा रही है तो कहीं ना कहीं सरकार को जवाब देना पड़ेगा। उन्होंने कहा हम सैनिकों की शहादत को नमन करते है। सरकार को भी इस पर कुछ करना पड़ेगा ,सरकार दावा कर रही है की हमने सब कुछ स्थिर कर दिया है। यह बहुत गंभीर मुद्दा है हम चाहेंगे सरकार इस पर अपना स्पष्टीकरण दे और सख्ती से कार्रवाई भी करे।

## जयपुर में शहीद मेजर विकास भांभू के नाम से प्रमुख मार्ग का नामकरण

**जयपुर।** राजस्थान में जयपुर के एक प्रमुख मार्ग का नामकरण शहीद मेजर विकास भांभू के नाम से किया गया है। सैन्य प्रवक्ता कर्नल अमिताभ शर्मा ने मंगलवार को बताया कि हाल में मेजर भांभू को मरणोपरांत 'शौर्य चक्र' से सम्मानित किया गया। उनकी याद में जयपुर में सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें जयपुर के एक प्रमुख मार्ग का नामकरण 'मेजर विकास भांभू मार्ग' किया गया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में शहर के गणमान्य व्यक्ति एवं काफी संख्या में युवाओं की मौजूदगी रही जिन्होंने शहीद मेजर भांभू अमर रहे के नारों से उनको श्रद्धांजलि दी। मेजर भांभू ने गत वर्ष अरुणाचल प्रदेश के सियांग जिले के मिगिंग गाँव में हुए हेलीकॉप्टर दुर्घटना में शहीद हो गए थे।

# छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ ने किया लंबित वेतन भुगतान के लिए वन मंत्री का घेराव



पायनियर संवाददाता ◀ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

तिल्दा नेवरा एवं खरोरा (मोहरेंगा जंगल)के भी दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी के द्वारा आज चार माह से वेतन भुगतान और श्रम सम्मान राशि न मिलने पर वन मंत्री का घेराव किया गया जिसमें दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ के द्वारा 6 बिंदुओं पर मंत्री जी को ज्ञापन भी दिया गया दैनिक श्रमिकों ने बताया कि पिछले चार माह से वेतन भुगतान न होने पर दैनिक श्रमिकों की आर्थिक स्थिति बहुत ही खराब हो गई है वे ना तो अपने बच्चों को स्कूल में भर्ती करवा पा रहे हैं ना ही अपने लिए दो वक्त की रोटी का जुगाड़ कर पा रहे हैं श्रमिकों को भूखे मरने की स्थिति आ गई है श्रमिकों के द्वारा बताया गया कि वह डीएफओ के पास लगातार कई बार अपना आवेदन प्रस्तुत कर चुके हैं उसके बाद भी कोई हल न निकलने पर कर्मचारियों ने आज मंत्री कार्यालय का घेराव किया । श्रमिको ने वन मंत्री के जाने तक उनके गेट के सामने डटे रहे। मुख्य वन संरक्षक के आश्वासन के बाद घेराव को स्थगित किया गया । वन विभाग के जिन दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के कंधे पर वन विभाग प्रमुख जिम्मेदारियां रहती है कि एक छोटे से पौधे को वृक्ष के रूप में विकसित करने का कार्य विभाग में कार्य रख दैनिक वेतन भोगी का ही रहता है वह दैनिक वेतन भोगी आज दर-दर की ठोकर खाने को मजबूत है जो कर्मचारी अपने जीवन का 15 से 20 साल वन विभाग में दैनिक वेतन भोगी के रूप में कार्य करके बिता चुके हैं आज अचानक उन्हें कार्य से पृथक किया जाता है तो वह कहां जाएंगे ऐसे अनेकों समस्या के साथ छत्तीसगढ़ दैनिक वेतन भोगी वन कर्मचारी संघ के द्वारा एकदिवसी धरना प्रदर्शन एवं घेराव किया गया जिसमें प्रदेश अध्यक्ष रामकुमार सिन्हा, जिला अध्यक्ष अरविंद वर्मा ,जिला सचिव अजय गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष सनत भतपहरी, ब्लॉक अध्यक्ष राधेश्याम वर्मा, धर्मेंद्र साहू, घनश्याम जांगड़े, सुनील बंजारे, चंद्रशेखर यदु, कपूर चंद, भावेश तिवारी, चंदन चेलक, दुष्यंत चौहान, छोटेलाल, धन्नु यदु, खेलावन साहू आदि उपस्थित रहे।


## नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी ने विद्यार्थियों को किया सामाग्री भेंट!




**तिल्दा-नेवरा।** शिक्षा के स्तर को आगे बढ़ाने जहां पर शासन गंभीरता बरत रही है ।वही पर इस दिशा में समाज सेवा मे अग्रणी तिल्दा-नेवरा के नगरपालिका उपाध्यक्ष भी एक सराहनीय पहल किया है । समाजिक , धार्मिक कार्यक्रमों के अलावा रचनात्मक कार्यों में हमेशा से सहभागिता निभाने वाले रायपुर जिला तिल्दा-नेवरा के नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी ने शहर में संचालित हेमू कल्याणी शासकीय स्कूल के विद्यार्थियों को बैंग ,टीफीन ,पानी बांटल के अलावा छाता भेंटकर उनके उज्जवल भविष्य का शुभकामनाएं दिया है । जाहिर है कि गरीब तप के परिवार से जुड़े बच्चों का भविष्य संवारने में बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ता है , माना जाता है कि स्कूलों में अध्ययनरत बालक बालिका देश का भविष्य होता है ।और उस भविष्य को गढ़ने में माता पिता के अलावा गुरूजनो का विशेष योगदान होता है । देश का भविष्य माने जाने वाले विद्यार्थियों को नगर पालिका उपाध्यक्ष विकास सुखवानी ने कुछ आवश्यक सामाग्रीयो का भेंटकर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने पर कदम बढ़ाया है । नगरपालिका उपाध्यक्ष के इस नेक कार्य के लिए शाला परिवार के अलावा शुभचिंतकों ने सराहना किया है ।

# ग्रामीणों ने कलेक्टर से किया अधिक्षिका को हटाने की गुहार

पायनियर संवाददाता ◀ बीजापुर
www.dailypioneer.com



राजीव गांधी शिक्षा मिशन के तहत संचालित कन्या पोटाकेबिन स्कूल बेदरे में पदस्त अधिक्षिका रुकमणी पल्लो को हटाने के लिए बेदरे के सरपंच सहित ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाते हुए कलेक्टर बीजापुर को सरपंच के लेटर पेड़ में लिखित शिकायत किये,अधिक्षिका पर आरोप है कि अधिक्षिका रुकमणी पल्लो बच्चो से खेत मे काम करवाती है , छात्रवृत्ति नही देना , गांव के बच्चों को संस्था में एडमिशन नही देना जिसे एडनिशन दिए उन बच्चों को घर से खाना खा कर आने बोलना , संस्था में पदस्त कर्मचारियों से दुर्व्यवहार करना , बच्चो के पढ़ाई में ध्यान न देना , संस्था में बच्चे नही रहते और न ही अधिक्षिका उन्हें लाने का प्रयास करती है । ग्रामीणों का कहना है की कई बार अधिक्षिका के लापरवाही में सुधार लाने के लिए उनसे बात किये पर उनमे अपनी जिम्मेदारी को लेकर कोई गंभीरता नही होने पर इनकी शिकायत कलेक्टर एवं राजीव गांधी शिक्षा मिशन बीजापुर में की गई। ग्रामीणों का कहना हैं कि अधिक्षिका रुकमणी पल्लो संस्था में पिछले एक दशक से भी



ज्यादा समय से पदस्त है जिस कारण अधिक्षिकिया कार्य मे कोई रुचि नही दिखा रही है।

# किरंदुल में फैल रहा डेंगू, रोकथाम के लिए किया जा रहा है छिड़काव

पायनियर संवाददाता ◀ किरंदुल
www.dailypioneer.com



किरंदुल में पिछले माह से लगातार डेंगू का कहर देखा रहा हैं।बता दें नगर में प्रतिदिन डेंगू के नए मरीज देखे जा रहें हैं।तथा एनएमडीसी एवम शासकीय अस्पताल में भर्ती डेंगू के मरीज जिनका प्लेटलेट्स में गिरावट आ रहीं हैं उन्हें जगदलपुर रायपुर भी रेफर किया जा रहा हैं। इन सब के मद्देनजर डेंगू के रोकथाम के लिए किरन्दुल नगरपालिका परिषद द्वारा विभिन्न स्थानों में छिड़काव कार्य करवाया जा रहा है। जिसके तहत मंगलवार को रामपुर कैम्प, धरमपुर कैम्प, बंगाली कैम्प के नालियों में ऑथरीन फ्लो दवा का छिड़काव किया गया। नगरपालिका अध्यक्ष मृणाल राय ने बताया कि नगर के अलग अलग वार्डो में छिड़काव व फॉगिंग करवाया जा रहा हैं साथ ही अलग से टेंडर भी निकाला गया हैं। जिससे नगरपालिका क्षेत्र के साथ ही कोड़ेनार पंचायत क्षेत्र में भी छिड़काव की जाएगी।

## रमेश पटेल विधायक प्रतिनिधि नियुक्त, कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हर्ष



**सरायपाली ।** विधायक चातुरी नंद ने ग्राम चनाट निवासी वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता रमेश पटेल को जनपद पंचायत बसना के लिए अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। रथ यात्रा कार्यक्रम के दौरान ग्राम चनाट पहुंची विधायक नंद ने उन्हें ग्रामीणों के सामने उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा। विधायक प्रतिनिधि रमेश पटेल ने विधायक चातुरी नंद का आभार जताते हुए कहा कि मुझ जैसे अंतिम छोर के कार्यकर्ता को बड़ी जिम्मेदारी दी है जिसके लिए विधायक जी और कांग्रेस पार्टी का धन्यवाद। आपने जिस उम्मीद और विश्वास के साथ मुझे जिम्मेदारी है उसमें खरा उतरने का पूरा प्रयास मैं करूंगा। ज्ञात हो कि विधानसभा चुनाव के दौरान विधायक चातुरी नंद ने चनाट क्षेत्र से एकतरफा बढ़त ली थी जिसके बाद उनका इस क्षेत्र से विशेष लगाव है। रमेश पटेल को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त होने से क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता पद्मलोचन पटेल, विद्या सिदार, टीकाराम पटेल, भारत पटेल, मोहन पटेल, जय कुमार पटेल, उदल पटेल, लव पटेल, अजय पटेल, कुंजन पटेल देवेश पुरषोत्तम पटेल, कमलदेव पटेल, संतलाल पटेल, नरेन्द्र पटेल, डोलामड़ी,जयबन, मनीष, भागीरथी, प्रकाश समेत अंचल के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

# क्षेत्रीय मुख्यालय, आईटीबीपी ने मनाया अपना 17वां स्थापना दिवस

पायनियर संवाददाता ◀ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



कोंडागांव (छ.ग.) में स्थित आईटीबीपी के सामरिक क्षेत्रीय मुख्यालय (भुवनेश्वर) द्वारा अपना 17वां स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्थापना दिवस पर राणा युद्धवीर सिंह, डी.आई.जी. द्वारा ध्वजारोहण कर शानदार गार्ड ऑफ ऑनर लिया गया। इस मौके पर राकेश कुमार, सेनानी (स्टाफ), अन्य अधिकारी व जवान उपस्थित रहे। राणा युद्धवीर सिंह ने सभी जवानों व उनके परिवारों को स्थापना दिवस की ढेरों शुभकामनाएं व बधाई प्रेषित कीं। सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि इस क्षेत्रीय मुख्यालय की स्थापना 17 साल पहले 09 जुलाई, 2008 को हुई थी। अपनी स्थापना से लेकर आज तक इस क्षेत्रीय मुख्यालय एवं इसकी अधीनस्थ वाहिनियों द्वारा सदैव देश एवं आईटीबीपी के यथ और स्वच्छ छवि के लिए कार्य किया है। सिंह ने बताया कि हमारे सेक्टर की तैनाती छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित इलाकों में है, जहां पर हमारे जवान दिन-रात देश व यहां के लोगों की सुरक्षा में लगे हुए हैं। हमारे जवानों के साहस एवं कठिन परिश्रम के चलते पिछले कुछ समय में हमने बड़ी कामयाबी मिली हैं। इसी तरह का स्थापना दिवस समारोह इस क्षेत्रीय मुख्यालय के खोर्द्धा, भुवनेश्वर (ओडिशा) स्थित कार्यालय में भी उल्लासपूर्वक मनाया गया, जहां पर ध्वारोहण के साथ-साथ जवानों के लिए बड़े खाने का भी आयोजन किया गया।

## एनएमडीसी एससी एसटी कर्मचारी संघ द्वारा नवपदस्थ एनएमडीसी सीजीएम का किया गया स्वागत



**किरंदुल।** एनएमडीसी बीआईओएम किरंदुल कॉम्प्लेक्स के नव पदस्थ मुख्य महाप्रबंधक संजीव साह का एनएमडीसी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति कर्मचारी कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने मंगलवार सौजन्य मुलाकात कर पारंपरिक रूप से उनका आत्मीय स्वागत किया गया।इस मौके पर एससी/एसटी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष बी एल तारम,दामोदर नाग, लोकनाथ चुरेन्द्र,पतिराम बघेल,आर डी कोडोपी,बी आर डांगे उपस्थित थे।

# मुखबीरी के शक में ग्रामीण की हत्या में शामिल माओवादी जनताना सरकार सदस्य रामा तेलम गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◀ बीजापुर
www.dailypioneer.com



जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् थाना कुटरू पुलिस बल द्वारा दिनांक 08/07/2024 को तेलीपेंटा से 01 माओवादी जनताना सरकार सदस्य को पकड़ा गया, रामा तेलम पिता कैया तेलम उम्र 38 वर्ष जाति मुरिया निवासी ग्राम तेलीपेंटा थाना कुटरू जिला बीजापुर। पकड़ा गया माओवादी दिनांक 14 मार्च 2024 को पेठा में एक ग्रामीण के मुखबीरी की शक में हत्या करने की घटना में शामिल था द्यपकड़े गये माओवादी पर पुलिस अधीक्षक बीजापुर की ओर से 10 हजार रुपए का ईनाम उदघोषित है । पकड़े गये माओवादी के विरूद्ध थाना कुटरू में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है ।

# 6 माह के कार्यकाल में भाजपा ने की प्रदेश की दुर्दशा : विनोद चंद्राकर

पायनियर संवाददाता ◀ महासमुंद
www.dailypioneer.com



पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि 6 महीने के कार्यकाल में ही भाजपा ने प्रदेश की दुर्दशा कर दी। भाजपा की सरकार बनते ही छत्तीसगढ़ में महंगाई, भ्रष्टाचार, चोरी और चाकू बाजी की घटनाएं दिनदहाड़े हो रही है। महंगाई से राहत देने केंद्र व राज्य सरकार कारगर कदम नहीं उठा पा रहे हैं। पेट्रोल, डीजल, खाद्य तेल, रसोई गैस सहित तमाम बुनियादी जरूरतों पर महंगाई का राज है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल में प्रदेश के गरीबों तथा हर वर्ग को ध्यान में रखकर जो विजन तथा योजनाएं बनाई गई थी, उन सभी को भाजपा ने दुर्भावनावश बंद कर दिया। छग के गरीबों को भूपेश सरकार में बिजली बिल में छूट का लाभ दिया गया। वर्तमान में बिजली बिल बढ़-चढ़कर आ रहा है। चंद्राकर ने कहा कि डबल इंजन सरकार में 18 लाख आवास बनाने का वादा किया गया था। वर्तमान में आवास योजना का अता-पता नहीं है। 18 लाख आवास बनाने की जुमला वाला होर्डिंग तो नई सरकार बनने से पहले ही लग गए थे, लेकिन अभी तक किसी भी आवास को लेकर राज्य सरकार ने राशि जारी नहीं की। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में गरीबों के लिए 9 लाख आवास बनाए गए। आवास के सभी किस्त बराबर हितग्राहियों के खाते में पहुंचे। इसके अलावा केंद्र सरकार द्वारा जारी पात्रता सूची के अनुसार 2011 सर्वे सूची में नाम आवश्यक था। इसके तहत कई गरीब आवास के लाभ से वंचित हो गए थे। जिन्हें भूपेश सरकार ने 2011 सर्वे सूची की पात्रता हटाकर 1 लाख 30 हजार गरीबों को मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास न्याय योजना के तहत मकान बनाने राशि स्वीकृत की। योजना का शुभारंभ करते हुए 25 सितंबर 2023 को सांसद राहुल गांधी ने हितग्राहियों के लिए राशि जारी की थी। वर्तमान में दुर्भावनावश भाजपा सरकार द्वारा उक्त योजना के तहत गरीबों को दूसरी किस्त जारी नहीं किया गया।

## चनाट में भगवान श्री जगन्नाथ मंदिर और सीसी रोड तथा केंदूढार में रंगमंच निर्माण का किया भूमिपूजन

# रथ यात्रा के मौके पर विधायक चातुरी नंद ने कई कार्यों का किया भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता ◀ सरायपाली
www.dailypioneer.com

क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद ने रथ यात्रा के अवसर पर कई कार्यों का भूमिपूजन किया। उन्होंने ग्राम चनाट में भगवान श्री जगन्नाथ मंदिर निर्माण और सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इसी तरह विधायक नंद ने ग्राम केंदूढार में विंध्यवासिनी मंदिर के पास रंगमंच निर्माण कार्य भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि रथयात्रा के पावन अवसर पर भगवान श्री जगन्नाथ मंदिर निर्माण कार्य का भूमिपूजन करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के गांवों के विकास के लिए मैं सतत प्रयासरत हूं। इसी कड़ी में ग्राम चनाट में सीसी रोड निर्माण और ग्राम केंदू ढार में लंबे समय से किए जा रहे रंगमंच निर्माण का भूमिपूजन कर किया आम जनता के हित में हमारी पार्टी हमेशा लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रही जिसका लाभ लोगों को मिलता भी है। कार्यक्रम के दौरान विधायक प्रतिनिधि रमेश पटेल, ग्राम चनाट की सरपंच हेमकुंवर पटेल,उप सरपंच चूड़ामणि साहू, दुधनाथ साहू, मूकितराम बरीहा यादराम बरीहा, सालीकराम बरीहा, मोतीराम बरीहा, बंसत बरीहा,टीकाराम पटेल, भारत पटेल, मोहन पटेल, जय कुमार पटेल, उदल पटेल, लव पटेल, अजय पटेल, कुंजन पटेल देवेश पुरषोत्तम पटेल, कमलदेव पटेल, संतलाल पटेल, नरेन्द्र पटेल, डोलामड़ी,जयबन, मनीष, भागीरथी, प्रकाश समेत ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# शीतला माता मंदिर में आयोजित रामलीला महोत्सव का हुआ समापन



पायनियर संवाददाता ◀ किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरंदुल टाइप थ्री स्थित श्री श्री शीतला मंदिर प्रांगण में श्री राम कथा धर्म प्रचारक मंडल मैहर रीवा मध्यप्रदेश की टीम के महंत पंडित रमेश तिवारी के तत्वावधान में 7 दिवसीय रामायण राम कथा रामलीला महोत्सव का आयोजन किया गया।जिसका समापन सोमवार देर रात किया गया।समापन दिवस पर धुनष यज्ञ व सीता स्वयंवर कथा सुनाई गई। बता दें इस आयोजन में मयार्दा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र जी की जीवनलीला का संपूर्ण विवरण जैसे मुनि आगमन, अहिल्या उद्धार, रावण बाणासुर संवाद, सीता राम विवाह, सीता हरण, श्री राम विलाप, श्रीराम सुग्रीव मित्रता, बाली वध, रावण वध, रामराज अभिषेक का बड़े ही सुंदर ढंग से पोशाकों को ग्रहण करते हुए मंडली द्वारा प्रस्तुति दी गई।इस अवसर पर शीतला माता मंदिर कमेटी द्वारा रामलीला के कलाकारों का सम्मान किया गया।

# पटवारियों ने सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा जाति निवास आय प्रमाण पत्र बनाने सहित राजस्व काम ठफ

पायनियर संवाददाता ‹ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



32 सूत्रीय मांग को लेकर पटवारी संघ ने एक बार फिर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते अनिश्चित कालीन आन्दोलन शुरू कर दिया है जिसके चलते गांव गांव के बच्चो आय जाति निवास प्रमाण पत्र सहित अन्य प्रमाण पत्र नही बन पा रहा है इसके अलावा किसानो का खाता विभाजन नक्शा बटाकन कृषि लोन अभिलेख सुधार सहित डिजिटल साइन जैसे अनेक काम के लिए काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है तभी तहसील परिसर में हाहाकार की स्तिथि देखा जा सकता है क्योंकि अब तक सरकार ओर से आंदौल्न खत्म करने के लिए कोई पहल नही हुआ है।

मतलब बच्चो के साथ किसानो को अभी और कई दिनों तक अपने काम काज के लिए चक्कर काटना पड़ेगा उल्लेखनीय की बीते कई वर्षो से पटवारियों द्वारा ऑनलाईन कार्य को संपादन करने के लिए कंप्यूटर लैपटॉप इंटरनेट स्कैनर सहित इंटरनेट की व्यवस्था के लिए मांग किया गया रहा ताकि ऑनलाइन कार्यो में होने वाले आर्थिक नुकसान से बचा जा सके लेकिन अभी भी इस मांग का किसी प्रकार नही हो पाया इसी तरह ऑनलाइन नक्शा बंटाकन संशोधन प्रक्रिया की समीक्षा करते सुधार किया जाए ताकि आम किसानो भुइया के साथ राजस्व निरीक्षक के पीछे चक्कर नही लगाना पड़े इसके अलावा जिलास्तर पर सहायक प्रोग्रामर की पदस्थापना करने सहित 32 सूत्रीय मांगों को लेकर आज से हड़ताल शुरू कर दिया है और प्रदेश पटवारी संघ के निर्देशानुसार आज देवभोग अमलीपदर के पटवारियों ने भी देवभोग सामुदायिक भवन परिसर में धरना पर बैठकर आक्रोशित तरीके से सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते दिखे मतलब पटवारियों ने इस बार आर पार के लड़ाई की मुड़ पर नजर आ रहे हैं। 27 हल्का मे 10 पटवारी जैसे समस्या का निकले समाधान ढ्ः प्रदेश भर के कौन कौन मे हल्का अधिक है और पटवारी काफी कम ऐसे में क्षमता से अधिक हल्का का काम करना भी मजबूरी हो गया है और यह प्रमुख समस्या का निराकरण के लिए भी पटवारी संघ लामबंद हुए हैं जिले के देवभोग ब्लॉक में 27 हल्का है जिसमे सिर्फ़ 10 पटवारियों की पदस्थापना किया गया है इसी तरह अमलीपदर पर भी 23 हल्का है जहां मात्र 9 पटवारियों की तैनाती है ऐसे में किस तरह सभी हल्का का कार्य संभाला जा सकता है। इसलिए इस समस्या का निदान करवाने के लिए हड़ताल करने की बात कही जा रही है ताकि पटवारियों के साथ साथ आम किसानो को भी राहत मिले आने वाले दिनों में उग्र प्रदर्शन की चेतावनी ढ्ः आंदोलनरत पटवारियों ने बताया की बीते कई महीनो से समस्या का निराकरण करने का आश्वासन विभागीय अधिकारियों से लेकर नेताओ ने दिया रहा लेकिन अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई शायद यही वजह है कि पटवारियों के बीच शासन के खिलाफ काफी ज्यादा नारजगी देखने को मिल रहा है बकायदा इस बार हर हाल में अपनी मांग को मनवाने के लिए अडिग होने की बात कही ताकि आगामी दिनों में विभागीय काम काज को छोड़ कर आन्दोलन करने की स्तिथि निर्मित ना हो सके।

## राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने ओटगन में किया विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन, विकास कार्यों के लिए 12 लाख की घोषणा

**तिल्दा नेवरा।** ग्राम ओटगन में रथयात्रा के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने भूमिपूजन एवं विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। ओटगन के प्राचीन राम-जानकी मंदिर से भगवान जगन्नाथ का रथयात्रा धुमधाम के साथ निकाला गया। जिसमें मंत्री टंकराम वर्मा ने भगवान जगन्नाथ के रथ कों खींच कर छेरापहरा का रस्म निभा कर रथ यात्रा की शुरुआत की। इससे पूर्व



मंत्री ने राम जानकी मंदिर में आरएसएस के पूर्व प्रांत प्रचारक शांता राम सर्राफ के विशेष सहयोग से निर्माण होने वाले शिव मंदिर का भूमिपूजन कर मंदिर परिसर में पौधा रोपण किया। तत्पश्चात महामाया चौक में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न निर्माण कार्यों एवं भवनों का लोकार्पण किया। मंत्री ने अपने संबोधन में ग्रामीणों को रथयात्रा की बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश की विष्णु देव सरकार द्रुत गति से राज्य का विकास कर रही है। विकासकार्यों के लिए सरकार के पास संसाधन की कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के संदेश एक पेड़ अपनी मां के नाम के तहत आप सभी अपने मां के लिए पेड़ अवश्य लगाएं। सरपंच संजीता संजय दीवान की मांग पर मंत्री वर्मा ने महामाया परिसर में अधुरे रंग मंच निर्माण के लिए 5 लाख रुपए, प्राथमिक शाला में अहाता निर्माण के लिए 5 लाख रुपए एवं राम-जानकी मंदिर में शौचालय निर्माण के लिए 2 लाख रूपए देने की घोषणा किया। साथ ही मंदिर परिसर में वृहद शिव मंदिर निर्माण के लिए छज्जा लेबल निर्माण तक की राशि प्रदान करने एवं ट्यूबवेल में मोटर पंप लगाने का घोषणा किया। कार्य म को भाजपा नेता राम पंजवानी ने भी संबोधित किया। **शासकीय जमीनों पर बेजा कब्जा की शिकायत -** - मंत्री टंकराम वर्मा को उपसरपंच राकेश श्रीवास पंच माधो पाल ने बताया कि स्कूल की जमीन सहित गांव के चारों ओर शासकीय जमीनों को कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण कर खेत बना लिया गया है। जिससे मवेशियों के लिए चारागाह की कमी हो गयी है। पंचायत द्वारा एसडीएम एवं तहसीलदार से विगत तीन वर्षो से लगातार शिकायत की जा रही है लेकिन राजस्व विभाग के कानों में जूं नहीं रेंग रहा है। जिस पर मंत्री ने नाराजगी जाहिर करते हुए एसडीएम एवं तहसीलदार को उचित कार्यवाही करने का निर्देश दिया। उक्त कार्यक्रम में भाजपा रायपुर ग्रामीण जिला महामंत्री अनिल अग्रवाल,भाजपा नेता राम पंजवानी, सरपंच संजीता संजय दीवान, नरेंद्र शर्मा, भाजपा शहर महामंत्री सौरभ जैन, मधुसूदन धर दीवान, ईश्वर यदु, उपसरपंच राकेश श्रीवास, पंच माधो पाल, रथराम ध्रुव, पुनू राम निषाद, चतुर यदु, खेमीन साहू, पुष्पा जगताप, रामजी ध्रुव, रामलाल ध्रुव, रामसेवक परिवार से विजय सोनवानी, ललित मिर्झा, उमेश साहू, संजय साहू, रोहित यादव, भानू ध्रुव, जागृति मंडल रायपुर से आरएसएस के पदाधिकारी सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# चांदी की चमक बढ़ाएगी वर्क की गर्मी

### मिठाई और पान की दुकानों पर पहला असर

पायनियर संवाददाता ‹ भाटापारा
www.dailypioneer.com

स्वीट कॉर्नर और डिजाइनर पान बनाने वाली संस्थानों को चांदी के वर्क खरीदने में अपेक्षाकृत ज्यादा रकम देनी पड़ सकती क्योंकि कच्ची और पक्की चांदी की कीमत लगातार बढ़ रही है। दीपावली के बाद से शांत चांदी के वर्क में मांग धीरे-धीरे बढ़त की ओर है। रक्षाबंधन के साथ त्योहार और पर्व के दिन चालू होने वाले हैं। इसलिए मिष्ठान्न दुकानें अग्रिम तैयारी में जुट गई हैं लेकिन खाद्य सामग्रियों की कीमतों में आई तेजी के बाद चांदी के वर्क में गर्मी का अंदेशा वर्क बनाने वाली इकाइयां जता रहीं है। यह नई स्थिति कमजोर मांग के रूप में सामने आ सकती है।

### चमक रही चांदी

शादी ब्याह की तारीखें भले ही चालू नहीं हुई हों लेकिन रुझान ने चांदी की कीमतें बढ़ा दी हैं। ग्रामीण क्षेत्र की खरीदी छोटी मात्रा में शुरू हो चली है । ऐसे में कच्ची चांदी 92000 रुपए किलो और पक्की चांदी 95200 रुपए किलो पर जा पहुंची है। संकेत 100000 रुपए किलो तक जाने के हैं। यही वजह है कि चांदी का वर्क बढ़त की राह पर है।



### 430 का 100

क्वालिटी सिल्वर वर्क का 100 पेपर का पैक 430 रुपए पर शांत है। खरीदी केंद्र ऐसे स्वीट कॉर्नर हैं, जो उच्च गुणवत्ता वाली मिठाईयां बनाती हैं। तेजी की बन रही आशंका के बीच इन्हें अतिरिक्त रकम खर्च करनी होगी। असर सीधा उपभोक्ता खरीदी में बढ़ी हुई कीमत के रूप में देखा जाएगा। ऐसे पान कार्नरों को भी सिल्वर वर्क की खरीदी महंगी पड़ेगी, जो वर्क लपेटकर पान बीड़ा बनाते हैं।

### पैक्ड मिठाइयां भी होंगी महंगी

कुछ किस्म को छोड़कर लगभग सभी प्रकार की मिठाइयों के पैक की भी कीमत बढ़ने की प्रबल संभावना है क्योंकि इसमें भी सिल्वर वर्क लगा हुआ होता है। यानी मिठाइयों के गिफ्ट पैक भी उपभोक्ताओं को ऊंची कीमत में खरीदी करनी होगी। मालूम हो कि सिल्वर वर्क की खरीदी में फिलहाल पैक्ड मिठाइयां बनाने वाले, खुले बाजार से आगे हो चले हैं।

# अघोषित बिजली कटौती एवं बिजली बिल में बेतहाशा वृद्धि के विरोध में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन



पायनियर संवाददाता ‹ भाटापारा
www.dailypioneer.com

प्रदेश कांग्रेस कमेटी एवं जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भाटापारा कार्य. अध्यक्ष अरुण यादव जी एवं ग्रामीण ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अशोक ध्रुव जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में हो रहे बेतहाशा बिजली की कटौती एवं बिजली बिल में भारी वृद्धि हुई है जिसके विरोध में आज एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया।एवं महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम पर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश में भाजपा के सरकार जब से बैठी है तब से पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही हैं जबकि कांग्रेस सरकार द्वारा विपरीत परिस्थितियों में उपभोक्त ाओं को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफयोजना शुरू कर अपने कार्यकाल तक निभाते आए हैं! विदित रहे भाजपा सरकार ने बिजली के दामों में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी किया गया है यह छत्तीसगढ़ की भोली भाली जनता के साथ घोर अन्याय है जिसको कांग्रेस कभी बर्दाश्त नहीं करेगी चाहे इसके लिए सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ेंगी ध्यान रहे पूर्व में सरप्लस वाले छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है सरकार को आम जनता को मांग के अनुसार बिजली नहीं मिल पा रही है छत्तीसगढ़ राज्य कृषि प्रधान राज्य है जहां पूर्व में कांग्रेस सरकार द्वारा आमजनों के साथ साथ किसानों को 24 घंटा बिजली आपूर्ति की जाति थी रबि फसल लगाने वाले किसानों को भी बोरवेल चलाने के लिए बिजली निः शुल्क मिलता था जो हम सब के लिए फायदेमंद रहा, कार्य म में मुख्य रूप ईश्वर सिंह ठाकुर,सतीश अग्रवाल, कुबेर यदु, सुशील शर्मा, आलोक मिश्रा, अरुण यादव, अशोक ध्रुव, अमर मंडावी, सुशील सबलानी, कमल ठाकुर, प्रमिला साहू, लक्ष्मी पांडे, दीपक निर्मलकर, रोहित साहू, प्रमेन्द्र तिवारी, विक्की ठाकुर, शैलेंद्र अहिरवार, मनमोहन कुर्रे, मोहन निषाद, अयूब भाटिया, मनीष पंजवानी, शशांक चौबे, दर्शन बंजारे आदि भारी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## धूमधाम से निकाली गई जगन्नाथ जी की रथ यात्रा

**सरायपाली।** ग्राम रोहिना में रथ यात्रा का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। रथ यात्रा मुख्य बस्ती से डीपापारा तक निकाली गई।





भगवान बलभद्र, जगन्नाथ एवं बहन सुभद्रा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का ताँता लगा रहा। द्वितिया रथ में बच्चों को रथ छुआने की परंपरा है। जिसके कारण माताएं अपने बच्चों के साथ नई पोशाक पहन कर पहुँचे। दर्शकों के मनोरंजन के लिए बाहक (संचार) लोक नृत्य का आयोजन रखा गया था। ग्राम रोहिना एक प्राचीन एवं ऐतिहासिक ग्राम है जहाँ प्राचीन काल से रथ यात्रा का आयोजन होता आ रहा है। इस यात्रा में आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में भाग लेते हैं। रथ यात्रा को लेकर क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह रहा। भगवान जगन्नाथ से क्षेत्र के लोगों की सुख समृद्धि की कामना की गई।

# जिले में शीघ्र शुरू होगा जन समस्या निवारण शिविर : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय- सीमा की बैठक में विभागीय कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में जन समस्या निवारण शिविर जल्द शुरू करने के लिए ग्राम एवं तिथि निर्धारण हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में समय -सीमा के प्रकरणों सहित विभागीय योजनाओं एवं निर्माण कार्यो के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर सोनी ने बताया कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिले में 13 जुलाई 2024 को लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है।लोक अदालत के लिए राजस्व न्यायालयो में खंडपीठ का गठन कर दिया गया है। उन्होंने लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकारणों का निराकरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नगरीय निकायों में साफ-सफाई एवं गुणवात्तपूर्ण निर्माण कार्यो पर जोर देते हुए सभी सीएमओ को प्रतिदिन प्रातः नगर में साफसफाई का जायजा लेने तथा कड़ी निगारनी रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही सामुदायिक शौचालयों की साफ-सफाई, ठोस अपशिष्ट पदार्थो के निपटान की व्यवस्था तथा आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण हेतु तैयारी के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्कूल जतन योजना अंतर्गत शाला भवनों के मरम्मत कार्य की समीक्षा करते हुए कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता जाँच अंतरविभागीय समिति से कराएं। जर्ज़र स्कूल भवनों का चिन्हांकन कर सम्बंधित ग्राम पंचायतों से प्रमाण पत्र लें एवं रिपोर्ट राज्य कार्यालय को प्रेषित करें। उन्होंने किसी भी जर्ज़र शाला भवन में बच्चों को नहीं बैठाने की सख्त हिदायत जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण की समीक्षा करते हुए जिन हितग्राहियों को तीसरी किश्त की राशि का भुगतान कर दिया गया है उनके आवास को आगामी अगस्त माह के पहले सप्ताह में पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन ग्राम पंचयतों में सबसे अधिक आवास निर्माण लंबित है वहां प्राथमिकता के आधार पर पहले पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुदिव्या अग्रवाल सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम का हुआ नगर आगमन, कार्यकर्ताओं ने किया सौजन्य भेंट



**सरायपाली।** छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम का आज प्रदेश उपाध्यक्ष सरला कोसरिया के निज निवास में आगमन हुआ। सरायपाली के भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने मंत्री से सौजन्य भेंट कियाा। जिसमे प्रमुख रूप से कार्यकारी जिला अध्यक्ष संजय शर्मा, जिला उपाध्यक्ष विपिन उपोवेजा,ओबीसी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र पटेल, भवानी शंकर चौधरी,जनपद अध्यक्ष श्रीमती कुमारी भास्कर, पुष्पलता चौहान, विजय प्रधान, सौमित्रि साहू, प्रखर अग्रवाल,किशन जायसवाल,आशीष सेन,अनंतराम पटेल,नेपाल बिशी,दण्डधर साव, तरुण गड़तीया,लक्ष्मीधर पटेल,तोषनाथ यादव,रमेश नायक,गायत्री यादव, जलंधर साहू ,नकुल चौहान आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। । उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी विदित धनानिया ने दी।

## सहायक संचालक शासकीय विद्यालय निरीक्षण करने पहुंचे किसडी, औषधीय,फल व फूलों के लगाए पौधे

**सरायपाली।** शासकीय विद्यालय किसडी अपने स्कूल में पढ़ाई के साथ साथ अन्य व्यवसायिक, बौद्धिक, बागवानी के साथ ही प्रायोगिक व्यवहारिक शिक्षा पर भी जोर दिया जाता है। स्क्युल परिसर में विभिन्न औषधीय, फल व फूलों के पेड़ लगाए गए हैं। इस ख्यातिनाम स्कूल का निरीक्षण करने स्वयं SCERT के सहायक संचालक जे पी रथ अपने मातहतों के साथ शाला पहुंचे। शाला प्रबंधन व छात्र छात्राओं द्वारा अधिकारियों का पारंपरिक रूप से स्वागत किया गया। अधिकारियों द्वारा सर्वप्रथम स्कूल भवन व बुनियादी आवश्यकताओ की जानकारी लेने के बाद बच्चों की क्लास ली व बच्चो से जानकारी हासिल की। स्कूल के बुक बैंक,पुस्तक वितरण,डेली डायरी,पाठकान, बालकान, लैब स्कूल का निरीक्षण किया। अधिकारियों को स्कूल परिसर में औषधी गार्डन का निरीक्षण किया गया जहां विविध किस्म के पेड़ पौधे को देखा गया ।परिसर में ही कुछ बुनकर छात्र भी हैं जो स्वयं कपड़ा बुनकर मातापिता के काम में सहयोग करते है व प्रतिदिन एक छात्र तीन सौ से पांच सौ रुपये की आमदनी कर लेते हैं। बुनकर का प्रशिक्षण इन छात्र छात्राओं को व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत प्रशिक्षण दिया जा रहा है। व्यवसायिक प्रशिक्षण के साथ साथ सभी बच्चे स्कूल में पढ़ाई भी करते हैं।





# लापरवाही का मामला : रिंगनी एपीएल अपोलो कंपनी के आगोस में एक और जान समाई

पायनियर संवाददाता ‹ भाटापारा
www.dailypioneer.com



जिला अंतर्गत ग्राम पंचायत रिंगनी जहां पर एपीएल अपोलो कंपनी स्थपित है, जहा ग्राम केसदा निवासी करण साहू जो हर दिन की भाती इस दिन भी अपने दैनिक कार्य में अपोलो कंपनी में लगा था, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार क्रेन में लोहे की एंगल उठाते समय वजनी लोहे की एंगल नीचे कार्यरत युवक करन साहू के ऊपर गिर जाने से मौके पर ही मौत होने की जानकारी दी गई ,यह लगभग 4 से 5 बजे की घटना है?। जिसको एपीएल अपोलो कंपनी के प्रबन्धक के द्वारा बिना किसी परिजन को सूचना दिए और न ही सबंधित थाना को सूचना दिए अपने एंबुलेंस से रायपुर रेफर कर दिया गया, और किसी को सूचना देना भी सही नहीं समझा। जानकारी मिलते ही शिव सेना से जिला उपाध्यक्ष यदु ने परिजन की गुहार पर कल सुबह कंपनी प्रबंधक की घोर लापरवाही के विरुद्ध एवं परिजन को उचित मुवाजा हेतु धरना प्रदर्शन किया जाने की बाते की है।

## उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ‹ भाटापारा
www.dailypioneer.com



नगर में रविवार को रथयात्रा धूमधाम से मनाया गया है। उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा शंकर वार्ड स्थित लटूरिया महाराज मंदिर (जगन्नाथ मंदिर) में आयोजित रथ यात्रा में शामिल हुए। भाटापारा के जगन्नाथ मंदिर में विशेष रस्म के साथ रथ यात्रा निकाली गई है। रथ यात्रा शुरू करने से पहले शिवरतन शर्मा ने प्रभु की प्रतिमा को हाथों से उठा कर रथ में विधि विधान से पुजा अर्चना कर बिठाया। इस मौके पर शिवरतन शर्मा ने सभी प्रदेशवासियों को रथयात्रा की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व ओडिशा के लिए जितना बड़ा उत्सव है, उतना ही बड़ा उत्सव छत्तीसगढ़ के लिए भी है। महाप्रभु जगन्नाथ जितने ओडिशा के लोगों को प्रिय हैं, उतने ही छत्तीसगढ़ के लोगों को भी प्रिय हैं, और उनकी जितनी कृपा ओडिशा पर रही है, उतनी ही कृपा छत्तीसगढ़ पर रही है। भगवान जगन्नाथ जी, बलभद्र जी और सुभद्रा जी के मनहर संबंधों की रसस्नात विश्वप्रसिद्ध रथ यात्रा प्रारंभ हो रही है। भारतीयता के अलौकिक संस्कृति सौंदर्य से सुशोभित इस रथयात्रा उत्सव की आप सब श्रद्धावान को हार्दिक शुभकामनाएं। महाप्रभु जगन्नाथ सभी पर सदैव अपनी कृपा व आशीर्वाद बनायें रखें। भगवान श्री जगन्नाथ, श्री बलभद्र जी व बहन सुभ्रदा जी की यह रथ यात्रा सभी के जीवन में शान्ति, समृद्धि लाये, यहीं कामना है. उक्त अवसर पर बड़ी संख्या में नगर सहित आस पास के ग्रामीण श्रद्धालु जन उपस्थित थे।

# राजस्व मंत्री ने एक पेड़ माँ क़े नाम अभियान में रोपा मौलश्री का पौधा

### राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा वन महोत्सव में हुए शामिल, स्कूल में अहाता निर्माण, प्रार्थना शेड सहित प्रयोगशाला क़े लिए 30 लाख रूपये की मंजूरी

पायनियर संवाददाता ‹ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



वन विभाग और भारत स्काउट एवं गाइड क़े संयुक्त तत्वावधान में रविवार को स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय अर्जुनी में आयोजित वन महोत्सव में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा मुख्य अतिथि क़े तौर पर शामिल हुए। वन महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों क़े द्वारा माँ सरस्वती क़े तैल चित्र पर मल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मंत्री वर्मा ने पेड़ लगाने एवं बचाने क़े लिए संकल्प दिलाया तथा एक पेड़ माँ क़े नाम अभियान क़े तहत शाला परिसर में मौलका पेड़ लगाया। इसके साथ ही 30.13 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण किया तथा स्कूल में अहाता निर्माण एवं प्रार्थना शेड हेतु 10 -10लाख, पम्प हेतु 2 लाख, प्रयोगशाला एवं शौचालय निर्माण हेतु 8 लाख रूपये देने की घोषणा की।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ माँ क़े नाम पर लगाने का सन्देश दिया है। प्रधानमंत्री जी क़े सन्देश को जन -जन तक पहुँचाने और पर्यवारण की रक्षा क़े लिए सभी अपनी माँ क़े नाम पर माँ क़े साथ पेड़ लगाएं । यदि माँ नहीं है तो उसकी तस्वीर क़े साथ पेड़ लगाएं। उन्होने कहा कि पेड़ लगाना आसान है लेकिन उसका संरक्षण व देखभाल करते हुए बड़ा करना कठिन है। हमें कठिनाईयों का सामना करते हुए पेड़ को बचाना है। जल, जंगल और जमीन सलामत रहेंगे तभी दुनिया में प्राणी का अस्तित्व रहेगा।उन्होने कहा कि छत्तीसगढ़ को शांति और समृद्धि क़े रास्ते पर ले जाने क़े लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय क़े सन्देश का अनुपालन करना होगा। उन्होंने भारत स्काउट एवं गाइड क़े कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि सामजिक सद्भाव क़े साथ पर्यवारण बचाने क़े काम में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लें।

भारत स्काउट एवं गाइड्स क़े प्रदेश उपाध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी क़े आह्वान पर एक पेड़ माँ क़े नाम अभियान चलाया जा रहा है जिसमें अपनी माँ क़े नाम पर एक पेड़ लगाना है। जिस तरह से माँ की आँचल बच्चे को शीतलता देती है उसी तरह बड़े होकर पेड़ शीतल छाया प्रदान करेंगे। सभी एक पेड़ माँ क़े नाम पर पेड़ जरूर लगाएं। कार्यक्रम को पूर्व संसदीय सचिव डॉ सनम जांगड़े, स्काउट एवं गाइड क़े जिला अध्यक्ष रामाधार पटेल, स्काउटर खोड़स राम कश्यप ने भी सम्बोधित किया। वनमंडलाधिकारी मयंक अग्रवाल ने बताया कि एक पेड़ माँ क़े नाम अभियान क़े तहत जिले में 2 लाख पौधे लगाए जाएंगे। इसीतरह वृहद वृक्षारोपण अंतर्गत 55 हैक्टेयर में 65 हजार एवं नदी तट वृक्षारोपण अंतर्गत 50 हजार पौधे रोपे जाएंगे। उन्होंने बताया कि राज्य शासन द्वारा किसान वृक्ष मित्र योजना की भी शुरुआत की गई है जिसमें वाणिज्यिक प्रजाति क़े पौधे किसानों द्वारा अपने जमीन पर लगाए जाएंगे। 5 एकड़ से कम भूमि पर पेड़ लगाने पर शासन द्वारा शतप्रतिशत अनुदान दिया जाएगा वही 5 एकड़ से अधिक क्षेत्र में पेड़ लगाने पर 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। इस अवसर पर सेवा निवृत शिक्षक एवं स्काउटर का शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया जिसमें खोडस राम कश्यप, रामकुमार सिंह, आर. आर. साहु, आर. एस. चौहान, पूर्व बीईओ एम.एल. धृतलहरे, एस. एस. साहु, सुरित राम साहु एवं मुबारक हुसैन शामिल हैं।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुमन योगेश वर्मा, उपाध्यक्ष ईशान वैष्णव, सरपंच प्रमोद जैन, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, नरेश केशरवानी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, एसडीएम अमित गुप्ता,जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय सहित भारत स्काउट एवं गाइड क़े पदाधिकारी, शिक्षक, स्कूली बच्चे एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## नायब तहसीलदार के साथ मारपीट के विरोध में समाज ने सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ‹ महासमुंद
www.dailypioneer.com



झलप उप तहसील में शासकीय कार्य के दौरान असामाजिक तत्व द्वारा नायब तहसीलदार युवराज साहू से की गई मारपीट की घटना पर साहू समाज ने नाराजगी व्यक्त करते हुए आज कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक को अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। समाज ने सौंपे ज्ञापन में कहा कि साहू समाज प्रदेश की बहुसंख्यक समाज है। आर्थिक, राजनीतिक परिदृश्य से प्रदेश में साहू समाज की अहम भूमिका रहती है। आए दिन समाज के अधिकारी-कर्मचारियों के साथ शासकीय दफ्तर में अप्रिय घटनाएं हो रही है। पूर्व में भी कांग्रेस शासनकाल में आबकारी विभाग के एक कर्मचारी साहू समाज के युवक के साथ असमाजिक तत्वों द्वारा मारपीट की घटना हुई थी, जो साहू समाज के लोगों के साथ अन्याय है। समाज की सादगी व व सहनशीलता को कमजोरी ना समझा जाए। अन्यथा समाज द्वारा भविष्य में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

शासन-प्रशासन यह आवश्यक कदम उठाए कि आगामी समय में दोबारा इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो। ज्ञापन सौंपने के दौरान .मनोजकांत साहू रमेश साहू प्रेमलाल साहू ढालू राम साहू पार्वती साहू सुनीता साहू दिग्विजय साहू डिगेश साहू तुकाराम साहू दुजराम साहू प्रेमकुमार साहू रवि साहू नामदेव साहू घुरूत राम साहू नोहर साहू मोती साहू तुलाराम साहू रमेश साहू राकेश साहू गिरधर साहू रेखराज साहू अनिल साहू केवल साहू विकाश साहू सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे उक्त व्यक्ति आनंद साहू के द्वारा दिया गया!

## बी.एस.सी नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा 14 जुलाई को

**बलौदाबाजार।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित बी.एस.सी नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में रविवार 14 जुलाई 2024 को आयोजित की जायेगी। परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का दाखिला राज्य के सरकारी एवं निजी नर्सिंग कॉलेजों में होगा। जिला मुख्यालय बलौदाबाजार में इसके लिए 5 परीक्षा केन्द्र बनाएं गए है। जिसमें दाऊ कल्याणसिंह शासकीय कॉलेज बलौदाबाजार, शासकीय मिनीमाता कन्या कॉलेज बलौदाबाजार, पण्डित च पाणि शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल बलौदाबाजार, पण्डित लक्ष्मी प्रसाद तिवारी कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल बलौदाबाजार एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट इंग्लिस मीडियम स्कूल एमडीव्ही बलौदाबाजार शामिल है। 5 केन्द्रों को मिलाकर इस प्रवेश परीक्षा में जिले में कुल 1762 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। परीक्षा केवल एक ही पाली में सुबह 10 बजे से 12.15 बजे तक संपन्न होगी।

# नायब तहसीदार को थप्पड़ मारने और जारी आदेशों व घोषणाओं का क्रियान्वयन नही होने के विरोध में तहसीलदार और नायब तहसीलदार 3 दिनों की सामूहिक अवकाश लेकर सांकेतिक हड़ताल पर

## तहसीलदारों की शासन को चेतावनी, मांगो की उपेक्षा की गई तो अनिश्चितकालिन हड़ताल पर जाने होंगे बाध्य

- पटवारियों के बाद अब तहसीलदार और नायब तहसीलदार सांकेतिक हड़ताल पर, कामकाज पूरी तरह ठप्प

पायनियर संवाददाता ➤ बालोद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के महासमुंद में पदस्थ नायब तहसीलदार युवराज साहू के साथ न्यायालयीन कार्य के दौरान उसी के दफ्तर में थप्पड़ जड़ दिया गया, पहले नायब तहसीलदार को चप्पल फेंक के मारी, और फिर कॉलर पकड़ लिया। इस घटना से सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों में आक्रोश व्याप्त है, क्योंकि उक्त घटना शासन द्वारा पूर्व में तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों के हित में जारी आदेशों एवं घोषणाओं के आज तलक क्रियान्वयन न होने के कारण घटित हुई है। जिसके चलते तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों ने आज से 3 दिन तक सामूहिक अवकाश लेकर सांकेतिक हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में मंगलवार को छत्तीसगढ़



कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ (तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों का संगठन) के जिलाध्यक्ष नीलकंठ जनबंधु के नेतृत्त्व में जिले भर के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों ने लंबित मांगो को पूरा करने अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक को ज्ञापन सौपा। इस दौरान जिले के सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार मौजूद रहे। पटवारी के बाद अब तहसीलदार और नायब तहसीलदारों की हड़ताल में जाने के निर्णय से राजस्व विभाग का कामकाज पूरी तरीके से ठप्प पड़ गया है, साथ ही राजस्व पखवाड़े का कार्यक्रम भी इस हड़ताल से पूरी तरह प्रभावित हुआ हैं।

**तहसीलदार और नायब तहसीलदारों की लंबित मांगे**-अपर कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में संघ ने अपनी लंबित मांगो से अवगत कराते हुए बताया कि सुरक्षा उपलब्ध नही कराए जाने से लगातार असुरक्षा के माहौल में कार्य करना पड़ रहा है, तो तत्काल तहसीलदार और नायब तहसीलदारों को तत्काल सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। तहसीलदारों से डिप्टी कलेक्टर प्रमोशन में वर्तमान 60:40 के अनुपात को परिवर्तित कर पूर्व की भांति 50:50 के अनुपात को यथावत करने की घोषणा का पालन करने, नायब तहसीलदारों को राजपत्रित का दर्जा देने की घोषणा, वेतन विसंगति दूर करने, प्रोटोकॉल, लॉ एण्ड ऑर्डर एवं मैदानी कार्यों के लिए वाहन व्यवस्था या डीजल भत्ता प्रदान करने, राजस्व न्यायालय के कुशल संचालन हेतु प्रत्येक पीठासीन के लिए एक वाचक, एक कम्प्यूटर ऑपरेटर, एक भृत्य प्रदान किया जावे एवं लैपटॉप, कम्प्यूटर, स्कैनर, प्रिन्टर तथा इंटरनेट कनेक्टिविटी एवं स्टेशनरी फंड, फर्नीचर की व्यवस्था करने, साथ ही तहसीलदार, नायब तहसीलदार का संलग्नीकरण न किया जाए एवं अधीक्षक, सहायक अधीक्षको को तहसीलदार, नायब तहसीलदारो का प्रभार नही दिये जाने संबंधी आदेश का कियान्वयन जिला स्तर पर अनिवार्य रूप से किया जावे। उक्त लंबित मांगो पर शासन का ध्यान आकर्षित करते हुए जिले के सभी तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार बुधवार से शुक्रवार यानि कि कुल 3 दिन का सामूहिक अवकाश लेकर सांकेतिक हड़ताल पर रहेंगे एवं उसके पश्चात भी शासन के द्वारा उक्त मांगो की उपेक्षा किये जाने की स्थिति में अनिश्चितकालीन हड़तान पर जाने के लिए भी बाध्य होंगे।

# आरटीई अंतर्गत चयनित छात्रों का प्रवेश निर्विघ्न रूप से किया जाए : कलेक्टर चौधरी

## जिला स्तरीय समिति एवं मेन्टार्स की बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



दुर्ग जिले में निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के प्रभावी एवं सुचारू क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय समिति एवं आरटीई मेंटोर की बैठक आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के नियमों एवं प्रवेश प्रक्रिया की जानकारी दी गई। कलेक्टर ने कहा कि जिले में आर.टी.ई. अंतर्गत चयनित छात्रों का प्रवेश निर्विघ्न रूप से किया जाए। कलेक्टर चौधरी ने जिले में नियुक्त सभी मेंटोंर से कहा कि वे आरटीई के चयनित छात्रों को उनकी शिक्षा पूर्ण होने तक विद्यालयों में अध्ययनरत् रखने का सतत् प्रयास करें। आर.टी.ई. के छात्रों से किसी प्रकार का भेदभाव न हो। कलेक्टर ने मेंटोंर को पालकों से समन्वय स्थापित करने कहा, ताकि छात्रों की उपस्थिति विद्यालय में नियमित रहें। कलेक्टर ने कहा कि समिति सदस्य यह ध्यान रखे कि आर.टी.ई. के छात्रों से किसी प्रकार का फीस न लिया जाए।

छात्रों को सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों में भी शामिल किया जाए ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सकें। उन्होंने कहा कि किसी भी विद्यालय में आर.टी.ई. के छात्रों को गणवेश एवं पुस्तक के लिए भेदभाव न बरती जाए। कलेक्टर ने समिति को सभी बिन्दुओं पर त्रैमासिक समीक्षा करने के निर्देश दिये। बैठक में समिति सदस्यों के सुझाव भी आमंत्रित किये गये।

# बिजली के बढ़े दाम के विरोध में कांग्रेस ने बोला हल्ला, एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

बिजली के बढ़े हुए दाम को लेकर आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ने के विरोध में मनोरा ब्लाक में कांग्रेसियों ने सोमवार को बस स्टैंड के सामने धरना प्रदर्शन कर प्रदेश सरकार पर आरोपों की झड़ी लगाते हुए बढ़े दर को वापस लेने की मांग की। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष परमेश्वर भगत ने बताया कि भाजपा सरकार पूरे समय बिजली नही दे पा रही है ऊपर से सरकार ने बिजली के दामों में 8 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी किया है। यह जनता पर अत्याचार है। बिजली दर में 8 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी को राज्य सरकार को वापस लेना चाहिए। इस वजह से प्रदेश की जनता महंगाई से पीड़ित है इस दशा में बिजली के दर में बढ़ोतरी करना महंगाई से जख्मी जनता के जख्मों पर नमक छिड़कना है। सरकार ने भले ही कहती है



कि बिजली के दाम में 8 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है, हकीकत में पिछले दो माह से बिजली के बिल दोगुने आ रहे है। आम आदमी बिजली के दाम बढ़ने से परेशान है। कांग्रेस की सरकार ने 5 वर्षों तक विपरीत परिस्थितियों में भी बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफ योजना शुरू किया था जिसका लाभ प्रदेश के 44 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को मिलता था जिसे 5 साल में प्रत्येक उपभोक्ताओं को 40 से 50 हजार रु. तक की बचत हुई है। पिछले 6 माह में विद्युत सरप्लस वाला छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है। कोई ऐसा दिन नहीं होता जब बिजली दो-चार घंटे के लिये बंद न हो, रात में तो बिजली की स्थिति तो और भयावह हो जाती है, घंटो बिजली गोल हो जाती है। भाजपा से न सरकार संभल पा रहा और न ही व्यवस्थायें। सरकार एक तो पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही, ऊपर से उपभोक्ताओं पर महंगी बिजली का बोझ डाल रही है। प्रदेश के अनेक जिलों में तो पूरी रात बिजली कटौती हो रही है। भाजपा सरकार में आम जनता को मांग के अनुसार बिजली नहीं मिल रहा है। बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से शहर और गांव की जनता जूझ रहे हैं। कांग्रेस की सरकार के दौरान 24 घंटा बिजली की आपूर्ति होती थी। गर्मी के दिनों में मांग बढ़ने पर दूसरे राज्यों से भी बिजली की खरीदी किया जाता था और आम जनता को 24 घंटे बिजली की आपूर्ति दी जाती थी। रवि फसल लगाने वाले किसानों को भी बोरवेल चलाने के लिए बिजली निःशुल्क मिलता था। कांग्रेस की सरकार के दौरान बिजली आपूर्ति निर्बाध गति से चले इसके लिए ट्रांसफार्मर के पावर बढ़ाए गए थे, नए ट्रांसफार्मर लगाए गए थे। ट्रांसमिशनों को अपग्रेड किया गया। भाजपा की सरकार में 6 माह में ही बिजली की व्यवस्था चरमरा गई है, आम जनता सड़कों पर उतरकर बिजली की समस्या को लेकर आंदोलन कर रही हैं। एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में परमेश्वर भगत ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोरा, संजीव भगत जनपद उपाध्यक्ष मनोरा, दिनेश्वर प्रधान बीडीसी, हैप्पी कमल कुजूर बीडीसी, सिंहासन मिंज प्रभारी, गाजी रब्बानी युवा कांग्रेस, अभय कुमार भगत, संजय कुमार भगत, रामनंदन भगत,कादिर अंसारी, हरि सिंह, दिलीप भगत, जयराम भगत, सबीर अंसारी युवा कांग्रेस, कमाल अंसारी, कुश राम भगत बीडीसी, सबीर अंसारी बीडीसी, अर्जुन सोनी, अंगेज भगत, और भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# छात्रों को मारपीट कर परेशान करने वाला फरार छात्रावास अधीक्षक नरसिंह तमनार से गिरफ्तार

## गिरफ्तारी के लिए एसपी ने स्पेशल टीम और सायबर सेल को लगाया था

पायनियर संवाददाता ➤ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com

लालदेव राम भगत उम्र 42 साल मण्डल संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग फरसाबहार नेथाना फरसाबहार में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 6 जुलाई की रात्रि लगभग 11 बजे प्री मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास डुमरिया के छात्रावास अधीक्षक नरसिंह मलार्ज के द्वारा शराब के नशे में छात्रावास के बच्चों से अमर्यादित व्यवहार कर मारपीट कर छात्रावास से बाहर निकाल दिया गया गया है, प्रकरण में तहसीलदार के प्रतिवेदन एवं जॉच उपरांत छात्रावास अधीक्षक नरसिंह मलार्ज के विरूद्ध धारा 296, 115 बी.एन.एस. एवं किशोर न्याय



अधिनियम् 2015 की धारा 75 के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया, अभियुक्त घटना घटित कर फरार हो गया था। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए एसपी शशि मोहन सिंह द्वारा अभियुक्त नरसिंह मलार्ज की पतासाजी एवं गिरफ्तारी के लिए उप निरीक्षक सुरजन राम पोर्ते के नेतृत्व में विशेष पुलिस टीम गठित कर लगाया गया था एवं सायबर सेल को भी एक्टिव किया गया था। पतासाजी दौरान नरसिंह मलार्ज के तमनार (भोगपुर) में मौजूद होने की जानकारी मिलने पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर जाकर दबिश देकर उसे अभिरक्षा में लेकर थाना लाया गया, पूछताछ में उसके द्वारा उक्त अपराध को घटित करना स्वीकार किया गया। अभियुक्त नरसिंह मलार्ज उम्र 38 साल निवासी टारपाली पो. बोरईदार थाना चक्रधरनगर रायगढ़ (छ.ग.) के विरूद्ध अपराध सबूत पाये जाने पर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। प्रकरण की विवेचना कार्यवाही एवं गिरफ्तारी में उप निरीक्षक सुरजन राम पोर्ते, आर. 545 नीरज तिर्की, आर. 611 ईश्वर साय पैंकरा, सै. गोपीनाथ इत्यादि की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

> आरोपी छात्रावास अधीक्षक नरसिंह मलार्ज घटना घटित कर फरार हो गया था, इसकी गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम को लगाया गया था, टीम द्वारा आरोपी को तमनार (भोगपुर) से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।
>
> **-शशि मोहन सिंह, एसपी जशपुर**

# भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में शामिल हुए महापौर, कहा- शहरवासियों के लिए मांगी खुशहाली



पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में नगर निगम महापौर धीरज बाकलीवाल शामिल हुए। उन्होने पूरे विधि विधान से भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र की पूजा अर्चना की।इस समय पार्षद व एनआईसी सदस्य दीपक साहू,भोला महोबिया भी रथ यात्रा में शामिल हुए।आज किला मंदिर प्रांगण तमेरपारा दुर्ग एवं श्री राम जानकी मंदिर से निकाली गई प्रभू श्री जगन्नाथ जी की रथ यात्रा में शामिल होने का एवं आरती करने का



सौभाग्य प्राप्त हुआ।रथ यात्रा में शामिल होने के दौरान महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि हर वर्ष की तरह इस साल भी भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में शामिल होने का सौभाग्य मिला है। भगवान जगन्नाथ शहरवासियों और प्रदेशवासियों के जीवन में खुशहाली दे।

# प्रधानमंत्री मोर-मकान मोर-आस योजना के आबंटित हितग्राहियो को मकान की चाबी सौंप कर किया गया कब्जा प्रदान

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री आवास योजना केन्द्र सरकार की अति महत्वकांक्षी योजना है। जिसके अंतर्गत आवासहीन हितग्राहियो को नियमानुसार पक्का आवास प्रदान किया जा रहा है। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत अविनाश मट्रोपोलिस जुनवानी में प्रधानमंत्री आवास योजना मोर-मकान मोर-आस के तहत आवेदन करने वाले हितग्राहियों की लॉटरी निकाली गई थी। जिसमें चयनित 54 पात्र हितग्राहियो को आवास का आबंटन किया गया जिसमें 15 हितग्राहियों के द्वारा पूर्ण राशि जमा कराकर कब्जा प्रदान किया गया। मकान पूर्ण रूप से बन कर तैयार हो जाने के पश्चात आज 15 हितग्राहियों को मकान का भौतिक अधिपत्य प्रदान किया गया। नियमानुसार 2 विकलांग एवं 1 वरिष्ठ हितग्राही को भूतल का मकान सौंपा गया। वरिष्ठ महिला रूखमणी देवांगन अपना



सपनो का मकान क्रं. 1/4 भूतल में प्रवेश करते हुए कहा कि मेरी वर्षो की इच्छा पुरी हुई।

बरसात के मौसम में मुझे परिवार सहित रहने के लिए नीचे का घर मिला, मेरे परिवार को भी छत मिल गया। अब मैं कह सकती हूॅ मेरे धर में रसोई, शौचालय, नहानी खोली एवं रहने का कमरा भी है। मै और मेरे बच्चे बहुत खुश है। मकान मिलते ही हितग्राही अपना सामान लेकर सिफ्ट होने लगे। दिव्यांग धनंजय को भूतल का मकान प्राप्त करते हुए खुसी व्यक्त की मैं नीचे का मकान चाहता था और नीचे का ही मकान मिल गया। उन्होने निगम प्रशासन को धन्यवाद दिया। कार्यवाही के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के सहायक नोडल अधिकारी बी.के.वर्मा, सहायक अभियंता अजय गौर, प्रभारी अधिकारी विद्याधर देवांगन, सूडा से अभियंता उत्पल शर्मा, आदित्य सिंह उपस्थित रहें।

# कलेक्टर ने डीएम एफ से स्वीकृत कार्यो का यूसी सीसी उपलब्ध कराने दिये निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने कहा कि जिले में डी.एम.एफ से स्वीकृत कार्यों की कार्य पूर्णता संबंधी यू.सी./सी.सी. विभाग द्वारा उपलब्ध करायी जाए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने स्तर से कार्यों की समीक्षा कर पूर्ण कार्यों का यू.सी./सी.सी. उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, साथ ही लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करायें। उन्होंने विभागों में लंबित पेंशन प्रकरणों की जानकारी ली और विभागों में पेंशन के लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के साथ निराकृत कराने अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने अवगत कराया कि शासन के निर्देशानुसार सभी कोषालयों में 01 जुलाई से ई-कोष सिस्टम लागू हो चुकी है। अब



सभी देयक ऑनलाईन जमा होंगे। उन्होंने जिला कोषालय अधिकारी को जिले के विभिन्न विभागों के लेखा अधिकारी, लेखापाल, सहायक ग्रेड-02 आदि को ई-कोष सिस्टम-ऑनलाईन देयक के संबंध में जानकारी देने हेतु प्रशिक्षण आयोजित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर चौधरी ने नगरीय निकायों, ग्रामीण क्षेत्रों एवं विभागों द्वारा पौधरोपण की जानकारी ली। उन्होंने सड़क किनारे एवं चिन्हित स्थानों में लक्ष्य के मुताबिक पौधरोपण कराने अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने दुर्ग निगम आयुक्त को एक पौधे मां के नाम से लगाने नगर की महिला मंडल एवं स्व-सहायता समूह की महिलाओं को प्रोत्साहित करने कहा है। इसी प्रकार कृषक वृक्ष मित्र योजना अंतर्गत उद्यानिकी एवं कृषि विभाग को अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने तथा जिले के प्रति सहकारी समिति 10 कृषकों को वृक्ष लगाने प्रोत्साहित करने सी.सी.बी. के सीईओ को निर्देशित किया।

# सौरभ लुनिया बने बालोद जिला एथलेटिक्स स्पोर्टस एसोसिएशन के अध्यक्ष

पायनियर संवाददाता ➤ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

जिला एथलेटिक स्पोर्ट्स एसोसिएशन बालोद की साधारण सभा की बैठक राजहरा के बीएससी गेस्ट हाउस में की गई। जहां जिला एथलेटिक्स स्पोर्टस, एसोसिएशन का कार्यकाल 3 वर्ष पूर्ण हो जाने के कारण चुनाव कराया गया। इस चुनाव प्रक्रिया के लिए छ.ग. एथलेटिक एसोसिएशन के सचिव अमरनाथ सिंह द्वारा रविराजा संयुक्त सचिव छ ग एथलेटिक संघ के, ऑब्जर्वर नियुक्त किया गया। चुनाव प्रक्रिया के लिए सुदर्शन सिंह ने रविराजा को चुनाव कराने के लिए आमंत्रित किया। रविराजा ने चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ किया जहाँ अध्यक्ष पद पर दल्लीराजहरा के सौरभ लुनिया सर्वसम्मति से नियुक्त हुए। उपाध्यक्ष सपन जेना एवं रंजना साहू, सचिव बाल मुकुंद सिंह, कोषाध्यक्ष मनोज दुबे (पिंटू) संयुक्त सचिव पायल दिल्लीवार एवं कार्यकारणी



सदस्य सुदर्शन कुमार सिंह का नाम मनोनीत किया गया है जिला एथलेटिक संघ के अध्यक्ष सौरभ लूनिया ने कहा कि वह अपने दायित्व का पूरी ईमानदारी के साथ निर्वाह करेंगे तथा दल्ली राजहरा लौह नगरी के साथ-साथ खेल नगरी भी है द्य दल्ली राजहरा से कई खिलाड़ियों ने देश और राज्य का नाम भी ऊंचा किए हैं द्य यहां बेहतरीन खेल मैदान है इन खिलाड़ियों को बेहतरीन सुविधा खेल सामग्री मुहैया कराने के लिए मैं शासन को मांग रखूंगा तथा मुझे पूरी उम्मीद है कि प्रशासन मेरी बात पर दल्ली राजहरा में सुविधा बढ़ाने में अपनी सहमति देंगे द्य खिलाड़ियों के लिए सुविधा बढ़ाने कि सुदर्शन कुमार सिंह को जिला एथलेटिक्स स्पोर्ट्स एसोसिएसन बालोद के टेक्निकल चेयरमैन एवं बालोद जिले के खिलाड़ियो को ट्रेनिंग कोचिंग देने के लिए मुख्य कोच नियुक्त किया गया। इस दौरान जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष शेखर गुप्ता एवं एथलेटिक्स तारा सिंह भी उपस्थित थे।

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड**
(पूर्व में आईडीएफसी बैंक लि.) सीआईएनः L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालयः केआरएम टावर्स, 7वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई – 600031, फोनः +91 44 4564 4000 । फैक्सः +91 44 4564 4022

IDFC FIRST Bank

**परिशिष्ट-IV-A, (नियम 8(6) और 9(1) का परंतुक देखें) अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

**वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम-2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) और 9 (1) के परंतुक के साथ पठित**

आम लोगों को और विशेष रूप से कर्जदार(रों), सह–कर्जदार(रों) और गारंटर(रों) कॉलम (iii) के अनुसार, को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति/यों कॉलम (iv) के अनुसार जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का कब्जा, प्रतिभूत लेनदार, पूर्व में आईडीएफसी बैंक लि. के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को **"जहाँ है", जैसा है" और जो कुछ भी है"** के आधार पर आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्व में आईडीएफसी बैंक लि.) के निम्नवर्णित कर्जदार(रों), सह–कर्जदार(रों) से कॉलम (i) के अनुसार, प्रतिभूत लेनदार की नीचे वर्णित रुपए की बकाया राशि की वसूली हेतु दिनांक **26.07.2024** को बेचा जाएगा। बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की वेबसाइट अर्थात www.idfcfirstbank.com पर दिए गए लिंक को देखें।

| क्र. सं. | (I) मांग सूचना की राशि | (ii) एग्रीमेंट आईडी | (iii) कर्जदार(रों), सह-कर्जदार(रों) और गारंटर(रों) का नाम | (iv) बंधक संपत्ति का पता | (v) आरक्षित मूल्य | (vi) ईएमडी राशि | (vii) नीलामी की तिथि एवं समय | (viii) ईएमडी नीलामी की तिथि एवं समय | (ix) निरीक्षण की तिथि एवं समय | (x) प्राधिकृत अधिकारी का नाम एवं सम्पर्क नं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रु. 6247634.60/- मांग सूचना की तिथि 06.05.2019<br>रु. 3101434.25/- मांग सूचना की तिथि 16.05.2019 | 6433081 और 7264298 | श्री बालार्क (प्रोप. अनिरुद्ध अवाधिया), अनिरुद्ध अवाधिया और रसिक बिहारी अवाधिया | मकान नं. 58/372, केएच नं. 954 भाग पीएच नं. 106(ए)/46 आर एन एम रायपुर-1, वार्ड नं. 58, ब्राह्मण पारा वार्ड, रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 | रु. 2500000.00/- | रु. 250000.00/- | 26.07.2024 पूर्वा. 11.00 बजे से अर्पा. 01.00 बजे तक | 25.07.2024 पूर्वा. 10.00 बजे से अर्पा. 05.00 बजे तक | 19.07.2024 पूर्वा. 10.00 बजे से अर्पा. 04.00 बजे तक | नाम- हेमंत नाग संपर्क नं. 9822185777 नामः संदेश जैन संपर्क नं. 8839140796 |
| 2 | रु. 13637865.63/- मांग सूचना की तिथि 20.04.2021 | 21405662, 11308116 और 34245604 | गुरूकृपा एंटरप्राइजेज, किशोर कुमार अग्रवाल और नीतेश अग्रवाल | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि शीट नं. 23, के एच नं. 117/1, प्लॉट नं. 24/1, क्षेत्रफल 1439 वर्ग फीट और शीट नं. 23, के एच नं. 117/1, प्लॉट नं. 24/2, क्षेत्रफल 1024 वर्ग फीट, कुल क्षेत्रफल 2463 वर्ग फीट, जोकि फाफाडीह, पी.सी. नं. 104/48, आर आई सी-रायपुर वार्ड नं. 35, शहीद हेमू कलानी वार्ड, साई नगर, रायपुर (छ.ग.) और चौहद्दीः उत्तर में - रेलवे लाइन, दक्षिण में - रशीख लाल का प्लॉट, पूरब में - खेमा हाउस और पश्चिम में - रोड | रु. 7541217.00/- | रु. 754121.70/- | 26.07.2024 पूर्वा. 11.00 बजे से अर्पा. 01.00 बजे तक | 25.07.2024 पूर्वा. 10.00 बजे से अर्पा. 05.00 बजे तक | 19.07.2024 पूर्वा. 10.00 बजे से अर्पा. 04.00 बजे तक | नाम- हेमंत नाग संपर्क नं. 9822185777 नामः संदेश जैन संपर्क नं. 8839140796 |

अस्वीकरणः कृपया ध्यान दें कि उक्त नोटिस केवल अचल संपत्ति की बिक्री के लिए जारी किया गया है और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड को चल संपत्ति की बिक्री का कोई अधिकार नहीं है। यदि कोई हो, तो अचल संपत्ति पर उपस्थित हों।

हस्ता/-
**प्राधिकृत अधिकारी**
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(पूर्व में आईडीएफसी बैंक लि.)

दिनांकः 10.07.2024

## संपादकीय

# ब्रिटेन में चुनाव लेबर पार्टी की विजय

**ब्रिटेन में हुए संसदीय चुनाव** में लेबर पार्टी की विजय हुई है। इससे भारत अपने प्रति ज्यादा सकारात्मक दृष्टिकोण तथा भारत-समर्थक नीतियों की उम्मीद कर सकता है। एक दशक से अधिक समय तक सत्ता से बाहर रहने के बाद कीर स्टार्मर के नेतृत्व में लेबर पार्टी ने ब्रिटेन के हालिया चुनाव में शानदार विजय प्राप्त की है। प्रधानमंत्री कीर को सबसे पहले मुबारकवाद देने वालों में प्रधानमंत्री मोदी शामिल हैं। दोनों नेताओं ने 'एफटीए' पर ज्यादा जोश से काम करने और संबंध मजबूत करने पर सहमति प्रकट की। वास्तव में यह ब्रिटिश राजनीति में बड़ा परिवर्तन है और वर्तमान नीतियां तथा पहलें पूर्व की अवस्थापना की तुलना में एकदम अलग होंगी। हालिया चुनाव में कंजरवेटिव पार्टी पर लेबर पार्टी की निर्णायिक विजय के कारण यह परिवर्तन बहुत महत्वपूर्ण है। प्रशासन में यह परिवर्तन ब्रिटेन की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय नीतियों में नया अध्याय है। ब्रिटेन के साथ गहरे ऐतिहासिक, आर्थिक व राजनयिक संबंधों वाले भारत जैसे देशों के लिए यह परिवर्तन उल्लेखनीय बदलावों का कारण बन सकता है। नई उदारवादी सरकार के अंतर्गत ब्रिटिश-भारत संबंधों का विकास विभिन्न क्षेत्रों पर प्रभाव डाल सकता है जिनमें व्यापार, शिक्षा, तकनीक और आप्रवास शामिल हैं। लेबर पार्टी की विजय ब्रिटिश राजनीति में व्यापक परिवर्तन का संकेत है। लेबर पार्टी ज्यादा उदारवादी, परंपरागत रूप से ज्यादा प्रगतिशील, समावेशी तथा टिकाऊपन व अंतरराष्ट्रीय सहयोग में विश्वास करने वाली है। इन नीतियों के खासकर जलवायु परिवर्तन, सामाजिक न्याय व आर्थिक सुधारों में कंजरवेटिव दृष्टिकोण से अलग होने की उम्मीद है।



हालांकि, कंजरवेटिवों ने ब्रिटेन के भारत के साथ संबंधों में छेड़छाड़ नहीं की थी, पर आने वाले महीनों में ब्रिटिश नीतियों में व्यापक परिवर्तन की संभावना है। सबसे बड़ा परिवर्तन आप्रवास कानूनों में देखने को मिल सकता है। ब्रिटेन में भारतीयों की काफी संख्या है और ऐसे में वीसा तथा आवासीय स्तर प्राप्त करना हमेशा से ब्रिटेन में रहने वाले भारतवासियों तथा भारत के लोगों का सर्वोच्च एजेंडा रहा है। काफी परिवर्तन वाला अगला क्षेत्र दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों का हो सकता है। उदारवादी पार्टी की प्रतिबद्धता मुक्त व्यापार तथा आर्थिक साझेदारी के प्रति है जिसके परिणामस्वरूप समग्र ब्रिटिश-भारत मुक्त व्यापार समझौता-'एफटीए' हो सकता है। ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर को मुबारकवाद देते समय यह मुद्दा प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे पहले उठाया। वास्तव में बहुत लंबे समय से ब्रिटेन भारत का एक महत्वपूर्ण व्यापारिक साझीदार रहा है। हालांकि, कंजरवेटिव सरकार के दौरान भी समग्र मुक्त व्यापार समझौते-'एफटीए' को अंतिम रूप देने के बारे में बातचीत चल रही थी, लेकिन विश्व व्यापार के प्रति लेबर सरकार के ज्यादा उत्साही दृष्टिकोण के कारण इस वार्ता में तेजी आ सकती है। ब्रिटेन में लेबर पार्टी की विजय के बाद विदेश नीति में ज्यादा सहयोगी और खुले दृष्टिकोण से खासकर रक्षा, साइबर सुरक्षा और आतंकवाद-विरोध में गहरे रणनीतिक संबंध स्थापित हो सकते हैं। कामनवेल्थ, संयुक्त राष्ट्रसंघ तथा जलवायु मंचों पर ज्यादा सहभागिता से अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में परस्पर हित के मुद्दों पर संयुक्त प्रयासों को बढ़ावा मिल सकता है। इसके साथ ही भारत अंतरराष्ट्रीय सगंठनों में भारत की महत्वाकांक्षाओं के प्रति ब्रिटेन के समर्थन की उम्मीद कर सकता है जिसमें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत की संभावित स्थाई सदस्यता भी शामिल है।

# हिंदूवाद और हिंसा की अवधारणा

**प्रत्येक धर्म के सांस्कृतिक व नैतिक ढांचे विशिष्ट होते हैं। विभिन्न धर्मों में भोजन की आदतों तथा ऐतिहासिक संदर्भों ने हिंसा की अवधारणाओं ने दृष्टिकोण को प्रभावित किया है।**



**प्रफुल्ल गोराडिया**
(लेखक, पूर्व राज्यसभा सदस्य हैं)



**प्रत्येक** धर्म के सांस्कृतिक व नैतिक ढांचे अपने आम में विशिष्ट तथा अलग-अलग होते हैं। दुनिया के विभिन्न धर्मों में भोजन की आदतों तथा ऐतिहासिक संदर्भों में हिंसा की अवधारणाओं ने लोगों के दृष्टिकोण को प्रभावित किया है। यह बात हिंदू धर्म या व्यापक अर्थों में 'हिंदूवाद' पर भी लागू होती है। इसलिए हिंदूवाद को हिंसा से जोड़ना पूरी तरह गलत है। 'हिंदूवाद' को खासकर हिंसा से जोड़ने का अर्थ है कि हमारे सभी नेताओं को व्यापक रूप से भारतीय सोच के बारे में अध्ययन करने और उसे समझने की आवश्यकता है। लोकसभा में 1 जुलाई, 2024 को हिंदुओं को हिंसा से जोड़ने के प्रयासों को इसी परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए। भारत के संबंध में कोई अवधारणा बनाने से पहले यह समझना भी जरूरी है कि भारतीय हिंदू, मुस्लिम, औपचारिक रूप से बपतिस्मा प्राप्त ईसाई व अन्य धर्मानुयाई भी हो सकते हैं। लोकसभा में जब नेता विपक्ष ने हिंदूवाद को हिंसा से जोड़ा तब उनके तथा लोकसभा अध्यक्ष के बीच हुई बहस इन दृष्टिकोणों में अंतर को स्पष्ट करती है। हालांकि, यह बहस तथा दृष्टिकोणों में अंतर काफी तीखे तरीके से सामने आया। नेता विपक्ष राहुल गांधी ने सभी हिंदुओं को हिंसा से जोड़ते हुए आरोप लगाया था कि वे हिंसक होते हैं, झूठ बोलते हैं तथा घृणा फैलाते हैं। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने विस्तार से बताया कि हिंदू बहुत नरम स्वभाव के होते हैं, वे न केवल अपने से बड़े लोगों के सामने झुकते हैं, बल्कि उनके पैर भी छूते हैं। इसके उलट इस्लाम धर्म अपने अनुयाइयों को दयालु अल्लाह के सिवा किसी अन्य के समक्ष झुकने की अनुमति नहीं देता है।

ईसाइयों की परंपरा और व्यवहार इससे बिल्कुल अलग है। वे अपनी भावनाओं और प्रेम को प्रकट करने के लिए हर व्यक्ति से हाथ मिलाते हैं। इसी प्रकार हिंसा की सीमा भी विभिन्न धर्मानुयाइयों के बीच अलग-अलग होती है। आमतौर से ईसाइयों को मांस खाने की आदत होती है, बस केवल वे शुक्रवार को मांस नहीं खाते हैं और मछली के एक टुकड़े से काम चला लेते हैं। मुसलमान आमतौर से बिना किसी नियंत्रण के मांस खाते हैं और वे शुक्रवार को भी कोई बंधन नहीं मानते हैं। भोजन की आदतों का संबंध किसी खास क्षेत्र में रहने और वहां उपलब्ध सामग्री के उपभोग से हो सकता है। संभवत: ईसाई और मुसलमान समुदायों की भोजन आदतें पश्चिम एशिया के रेगिस्तानों में जन्म लेने के कारण विकसित हुई हैं। इस क्षेत्र में शाकाहारी विरले ही पाए जाते थे और यही स्थिति कमोबेश आज भी बनी हुई है। भोजन की आदतों का संबंध उस क्षेत्र में उगने वाली फसलों से भी है। ईसाइयत यूरोप में फली-फूली जहां जाड़े में फसलें उगाना आसान नहीं है। ऐसे में उनके भोजन की आदतें भी इस परिवेश से प्रभावित हुई हैं। इन परिस्थितियों के कारण दुनिया भर में मांसाहार का प्रचलन बना रहा और काफी तेजी से बढ़ा। दुनिया में मांसाहार की इस प्रवृत्ति के चलते ही लगभग 100 मिलियन जानवर हर साल मारे जाते हैं। यह अनुमान 'फुअर एंड नेमैक' द्वारा 2018 में जारी डेटाबेस के आधार पर लगाया गया है।

हमारे नेताओं को समझना चाहिए कि हिंदुओं का विकास उन क्षेत्रों में हुआ जहां वनस्पतियां पर्याप्त मात्रा में थीं और दुनिया के अनेक अन्य क्षेत्रों की तुलना में वहां खाद्यान्न फसलें उगाना ज्यादा आसान था। इन परिस्थितियों को देखते हुए वहां रहने वाले हिंदू 'सर्वाहारी', यानी मांसाहार व शाकाहार मिश्रित रूप से अपनाने के बजाय कठोर रूप से शाकाहारी बने रह सकते थे। लेकिन हिंदुओं में शाकाहार का संबंध उनके धार्मिक व आध्यात्मिक विश्वास से भी है। हिंदू पुनर्जन्म में विश्वास करते हैं और उनका विश्वास है कि आत्मा बार-बार अनेक रूप में जन्म लेती है। इसके उलट ईसाइयों का मानना है कि आत्मा का केवल एक बार जन्म होता है और मनुष्य की मृत्यु के बाद उसकी आत्मा को 'अंतिम निर्णय' के क्षण तक प्रतीक्षा करनी होती है, जब ईश्वर उसे इस धरती पर अपने कार्मों के देखते हुए स्वर्ग या नर्क में भेजने का निर्णय लेता है। यही अवधारणा इस्लाम धर्म की भी है। दूसरी ओर हिंदुओं का मानना है कि जब उसके पिता, माता, रिश्तेदार या प्रियजन इस दुनिया से प्रस्थान करते हैं तो केवल उनका शरीर नष्ट होता है। उनके विश्वास के अनुसार आत्मा अजर-अमर होती है और वह एक शरीर के नष्ट होने पर दूसरे शरीर में प्रवेश कर पुनर्जन्म के पश्चात नया जीवन धारण कर लेती है। इसलिए हिंदुओं को आमतौर से भय होता है कि यदि वे मांस खाएंगे तो इसमें उनके किसी मृतक संबंधी का अवशेष हो सकता है जिसने अपनी मृत्यु के बाद उस जानवर के रूप में पुनर्जन्म लिया हो। इसी कारण अधिकांश हिंदू केवल अपने स्वाद या भोजन आनन्द के लिए जानवरों या चिड़ियों का वध करना उचित नहीं मानते हैं। यदि कोई व्यक्ति यह सोच ले कि उसके वंशजों का वध किसी अन्य के भोजन आनन्द के लिए किया जाएगा तो वह भी मांसाहार करना पसंद नहीं करेगा। ऐसे में यह सवाल भी स्वाभाविक रूप से उठता है कि शाकाहारियों और मांसाहारियों में से कौन अधिक हिंसा फैलाता है। आजकल दुनिया का एक बड़ा हिस्सा पर्यावरण संरक्षण के कारण भी शाकाहार पर जोर देता है क्योंकि उसका मानना है कि मांसाहारी पर्यावरण को ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं। हिंदुओं का भी यही विश्वास है और संयोग से मैं भी हिंदू हूं। यदि मांस का उपभोग छोड़ दिया जाए तो किसी व्यक्ति का भोजन या उसकी भोजन की आदतें उसके सामाजिक तथा पेशेवर व्यवहार व आम व्यवहार में परिवर्तन कर सकती हैं। इस सवाल का जवाब यूरोप के इतिहास से अच्छी तरह मिलता है। अपने पूरे इतिहास में यूरोपीय महाद्वीप में 896 युद्धों का रिकार्ड दर्ज है। यूनानी और रोमन साम्राज्यों के अस्तित्व में आने से बहुत पहले से यूरोपीय कबीलाइयों की तरह एक दूसरे से लड़ते थे और उनकी हत्या करते थे। एथेंस-स्पार्टा युद्ध, पेलोपोनेसियन युद्ध, रोमन साम्राज्य के विस्तारवादी युद्ध, आदि यूरोप के इतिहास का अंग हैं और उनको पुन: याद दिलाने की जरूरत नहीं है। लेकिन युद्ध और हत्याओं के प्रति यूरोप का लगाव या उसकी आदत की व्याख्या करने की जरूरत है जो एचिलीस से लेकर पुतिन या जेलेन्स्की तक जारी है। अपनी इसी युद्धपिपासु व हिंसक प्रवृत्ति के कारण यूरोप लगातार हत्या के औजारों का निर्माण और उनमें विकास करता रहा। इनमें डंडों से लेकर पत्थर के हथौड़े तथा कांसे और बाद में लोहे और स्टील के हथियार शामिल हैं। इसके बाद धारदार तलवारों और भालों का विकास भी यूरोप में हुआ। 19वीं और 20वीं शताब्दियों में तकनीकी विकास और खोज का विस्तार हुआ। इसके बाद दुनिया में लोहे, स्टील, कोयले और भाप का युग आया। बाद में रेलवे, भाप से चलने वाले जहाजों, टेलीग्राफ तथा रेडियो, आटोमोबाइल, मशीन गनों, टैंकों, विमानो और पनडुब्बियों का विकास हुआ। इन सबने यूरोपीय राष्ट्र-राज्यों को इतिहास में पहले के किसी अन्य समय की तुलना में शक्ति जुटाने, स्वयं को हथियारों और परिवहन से लैस करने का अवसर मिला। इससे उनकी युद्धक क्षमता तथा हिंसा करने की क्षमता में असाधारण बढ़ोत्तरी हुई। पिछले 75 साल में अणु बम और गाइडेड मिसाइलों की खोज के साथ ही इंटरनेट और साइबर युद्ध ने युद्ध का परिदृश्य और उसके आयामों में इतने व्यापक परिवर्तन किए हैं जितने पहले कभी नहीं थे।

हमारे कहने का अर्थ है कि यूरोप युद्धों तथा और ज्यादा युद्धों की भूमि है। यूरोपीय युद्धों के कारण बड़ी संख्या में मनुष्यों का विनाश हुआ है। यदि हम सभी प्राचीन और मध्यकालीन युद्धों को छोड़ दें तो भी दो विश्वयुद्धों में 130 मिलियन लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। तानाशाह बेनिटो मुसोलिनी के नेतृत्व में इटली जैसी छोटी सी शक्ति ने भी सशस्त्र संघर्ष के बारे में अपनी शक्ति का भ्रम पाला था। इन भ्रमों के परिणामस्वरूप इटली में काफी समय तक 'आर्मर्ड सुआसियान' की अवधारणा चली जिससे वह स्वयं को यूरोप की सर्वाधिक शक्तिशाली हवाई शक्ति समझता रहा। इस प्रकार इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता है कि 'मांस भक्षी' यूरोपीय महाद्वीप युद्ध की भूमि है। ऐसे में हिंदुओं पर हिंसा का आरोप लगाना नैतिक पतन के सिवा और कुछ नहीं है।

# जंगल काटने से पहले यूनाइटेड किंगडम के कोर्ट के निर्णय को याद रखना चाहिए

**नितिन सिंघवी**
रायपुर



**हाल** ही में यूके की सर्वोच्च न्यायालय ने जलवायु संकट के दौरान जीवाश्म ईंधन (कोयला, डीजल, पेट्रोल) को लेकर एक महत्वपूर्ण फैसला दिया है। हुआ यूं की यूके की सुररी काउंटी काउंसिल ने जीवाश्म ईंधन की ड्रिलिंग को लेकर एनवायरमेंटल इंपैक्ट एसेसमेंट के आधार पर अनुमति प्रदान कर दी। मामला कोर्ट पहुंचा, कोर्ट ने अनुमति को यह कह कर अवैध बता दिया कि जीवाश्म ईंधन की ड्रिलिंग से वर्तमान और भविष्य में होने वाले नकारात्मक जलवायु प्रभावों पर विचार किए बिना अनुमति दे दी गई। कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया कि जीवाश्म इंधनों को जमीन से बाहर निकलने के प्रभावों को जिसमें ईंधन के रूप में उनके जलने से होने वाला कार्बन उत्सर्जन (ग्रीनहाउस गैस) भी शामिल है को विकास की अनुमति दिए जाने के पहले एनवायरमेंटल इंपैक्ट एसेसमेंट में शामिल किया जाना चाहिए।

आये दिन हमारे देश में कोयला खदान की नीलामी की जाती है। अभी छत्तीसगढ़ में मध्य भारत का फेफड़ा कहा जाने वाले और अखंडित हसदेव अरण्ड के 1760 हेक्टर के केंते एक्सटेनसन कोल ब्लाक में खनन के लिए अगले माह लोक सुनवाई की जाएगी। इसकी ड्राफ्ट एनवायरमेंटल इंपैक्ट एसेसमेंट रिपोर्ट भी बना ली गई है परन्तु इसमें कोयला जलाने से वर्तमान और भविष्य में होने वाले नकारात्मक प्रभावों को शामिल नहीं किया गया है। इसका कोयला निकालने में, उसे वाशरी में धोने से, उसके परिवहन इत्यादि में आज कितना कार्बन उत्सर्जन होगा, भविष्य में उसे जलाने से कितना कार्बन उत्सर्जन होगा, नहीं बताया गया। यहाँ से 3237 लाख टन कोयला निकलेगा जिससे 8000 लाख टन कार्बन उत्सर्जन होगा। रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया है कि जब विश्व जलवायु संकट के चक्र में फंस गया है और देश सोलर एनर्जी की तरफ बढने का दावा कर रहा है तब यह खनन क्यों आवश्यक है?

विश्व ख़त्म होती जैवविविधता के संकट में भी फंस गया है। जलवायु संकट और जैवविविधता संकट एक सिक्के के दो पहलू है। हमें दोनों संकट से निकलना होगा, किसी एक संकट से निकलने से भी मानव अस्तित्व को बचाया नहीं जा सकेगा। इसलिए यूके कोर्ट के निर्णय से भी आगे बढ़ के एनवायरमेंटल इंपैक्ट एसेसमेंट में केंते एक्सटेनसन में जैवविविधता समाप्त होने से होने वाले नुकसान का आंकलन भी बताया जाना चाहिए।



आमजन की भावनाएं पेडों से जुडी रहती है, उनमे भी जान होती है। परन्तु यह भी नहीं बताया गया है कि केंते एक्सटेनसन के खनन के लिए कितने पेड़ काटे जायेंगे जो कि अनुमानः आठ लाख कटेंगे। भारतीय वानिकी अनुसंधान और शिक्षा परिषद की रिपोर्ट में लिखा है कि 1760 हेक्टर में 80त्न में बहुत घना और मध्यम घना जंगल है। पेड़ वायुमण्डल से कार्बन डाइऑक्साइड सोकते है। यह नहीं बताया गया है कि इन पेडों ने वर्तमान में कितना कार्बन डाइऑक्साइड सोक रखा है भविष्य में कितना और सोकेंगे। अधिकतर कटे पेड़ जला दिए जायेंगे, उनमे संग्रहित कार्बन डाइआॅक्साइड वायुमण्डल में जा के जलवायु संकट को बढ़ाएगा। आठ लाख पेड़ काट के अस्सी लाख पेड़ लगाने से भी नुकसान की भरपाई नहीं होगी। पेड़ों को बड़ा होने में पचासों साल लग जाएंगे और वह आज हुए नुकसान की भरपाई नहीं कर सकेंगे। जंगल की मिट्टी भी कार्बन डाइऑक्साइड का बहुत बड़ा सिंक होती है। 1760 हेक्टर की मिटटी हटाने से यहाँ की कार्बन डाइऑक्साइड वायुमंडल में जा कर तापमान बढ़ाएगी, कितना उत्सर्जन होगा रिपोर्ट में नहीं बताया गया है।

हसदेव अरण्य में बहुत संख्या में संकटग्रस्त प्रजाति और अन्य प्रजातियों के वन्यप्राणी है, पक्षी है, उनके घोसले हैं। रिपोर्ट में यह नहीं बताया गया है कि जब भारतीय वन्यजीव संस्थान ने हसदेव अरण्य को किसी भी कार्य के लिए नो गो एरिया घोषित कर दिया है तो यहाँ कोयला खनन की क्या जरुरत पड़ गई? वन्यजीव संस्थान की रिपोर्ट में लिखा है कि नो गो एरिया में खनन करने से हाथी मानव द्वन्द इतना बढ़ेगा कि संभाले नहीं संभलेगा। जब जन-हानी की संख्या बढ़ेगी तब लोग हाथी को मारने की मांग करेंगे, उनको भूल जाएंगे जिन्होंने खनन की अनुमति दी।

अगले 17 वर्षो में विश्व का औसत तापमान 1880 के औसत तापमान से दो डिग्री सेल्सियस बढ़ जायेगा, वहां से मानव सभ्यता का अंत होना चालू हो जायेगा। अधिकारियों को आने वाली पीढियों को मारने से अच्छा नोकरी छोड़ देनी चाहिए नहीं तो लोक सुनवाई के पहले यूके की कोर्ट के अनुसार बताना चाहिए कि केंते एक्सटेनसन के कोयले से वर्तमान और भविष्य में जलवायु और जैवविविधता पर कितना नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और क्या इस खनन के बिना आपदा आ जाएगी?

## आप की बात

### भारत-चीन संबंध

**चीन और भारत** के विदेश मंत्रियों की शंघाई सहयोग संगठन-एससीओ की अस्ताना बैठक में सीमा पर गतिरोध खत्म करने पर चर्चा हुई। दोनों देशों ने सीमा पर शांति बनाने पर सहमति जताई है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में गतिरोध खत्म करने का प्रयास सराहनीय है। मगर इतने वर्षों से चीन के साथ जितनी भी द्विपक्षीय बैठकें हुई उनमें चीन की कथनी और करनी में जमीन आसमान का फर्क दिखता है। विश्व जनमत के सामने एक अच्छा राष्ट्र बनने और जमीनी स्तर पर अपनी कुटिल चालें चालू रखने की उसकी आदत में फिलहाल कोई सुधार नहीं दिखता है। लेकिन इसके बावजूद दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक का राजनयिक पहल के रूप में स्वागत होना चाहिए। वर्तमान समय में मौजूद अंतरराष्ट्रीय स्थितियों को देखते हुए चीन और भारत दोनों ही जानते हैं कि सभी समस्याओं का हल बातचीत के जरिए ही निकलना है। इससे दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे तनाव को घटाने में भी सहायता मिल सकती है। लेकिन राजनयिक प्रयासों के साथ ही सीमा पर भारतीय रक्षा ढांचागत संरचना लगातार मजबूत करने तथा रक्षा सेनाओं को आधुनिकतम साधनों से लैस करने की जरूरत है क्योंकि चीन के दोमुंहेपन का इतिहास कतई भुलाया नहीं जाना चाहिए।

–**सुभाष बुडावन वाला**, रतलाम

### राहुल का अहंकार

**राहुल गांधी** ने कहा है कि इंडिया गठबंधन ने अयोध्या में भाजपा को हराकर राम मंदिर आंदोलन को पराजित कर दिया है, जिसे लालकृष्ण आडवाणी ने शुरू किया था। ऐसा कह कर वह आज राम मंदिर का भी अपमान कर रहे हैं। कांग्रेस ने तो भगवान राम के अस्तित्व को ही नकार दिया था। अब 500 साल के संघर्ष और सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद बने भव्य राम मंदिर का विरोध करते हुए राहुल गांधी की जुबान नहीं लड़खड़ा रही है। क्या कांग्रेस सत्ता में आने के बाद राम मंदिर का महत्व अनदेखा कर सकती है? कुछ सीट अधिक आ जाने पर आज राहुल गांधी बड़ी बहकी-बहकी बातें कर रहे हैं। राम मंदिर आंदोलन को पराजित करने की बात संपूर्ण हिंदू समाज का अपमान है जिसे वह हिंसक, झूठा, आदि कह चुके हैं। वे मोदी, भाजपा और संघ को हिंदू मानते ही नहीं हैं। फिर क्या उनकी समझ में हिंदू का अर्थ लगातार अपमान सहना, गुलाम बने रहना, जजिया देना, अपने धर्मस्थलों का विध्वंस चुपचाप देखते रहना तथा अहिंसा के नाम पर अत्याचारियों को सहन करना है? मोदी, भाजपा और संघ को राहुल गांधी से न असली हिंदू होने का सार्टीफिकेट चाहिए और न हिंदू अब पहले की तरह बने रहने को तैयार हैं।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

### बजट से उम्मीदें

**राजनीतिक दल** आजकल मुफ्त रेवड़ी बांटने की होड़ कर रहे हैं। ऐसे में बजट की दिशा और उससे उम्मीदें महत्वपूर्ण हो सकती हैं। बजट के लिए धन आम लोगों की कड़ी मेहनत से प्राप्त राशि पर चुकाए करों से इकट्ठा होता है। इसका उद्देश्य अंतिम आदमी तक रोटी, कपड़ा मकान व अन्य मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने के साथ ही राष्ट्र का उत्थान व विकास भी होता है। इसका प्रयोग राजनीतिक वर्चस्व के लिए मुफ्त रेवड़ी बांटने में नहीं होना चाहिए। इसका अर्थ करोड़ों लोगों के परिश्रम से प्राप्त पारिश्रमिक को अनदेखा करना तथा दूसरी ओर करोड़ों लोगों को बिना काम मुफ्त रेवड़ी देकर गलत भावना पैदा करना होता है। इससे उनमें-ऊपर वाला दे तो कौन जाए कमाने वाली भावना तथा आलस्य पैदा होता है। आम आदमी को सुविधाएं, जरूरत की वस्तुओं पर करों में राहत तथा निशक्तों को पूरी सुविधाएं देना उचित है। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने भी नेताओं को सलाह दी है कि वे मुफ्त की रेवड़ी बांटने से परहेज करें। उम्मीद है कि आम बजट आम लोगों के लिए राहत भरा व सुखदाई, महंगाई कम करने वाला तथा देश को विकसित देश बनाने की दिशा में आगे बढ़ाने वाला होगा। इससे हर नागरिक में परिश्रम व ईमानदारी की भावना पैदा होगी।

–**शकुंतला महेश नेनावा**, इंदौर

### पेरिस ओलंपिक

**पेरिस ओलंपिक** 26 जुलाई 2024 से आरंभ होकर 10 अगस्त 2024 तक पूरी दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहेगा। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेरिस ओलंपिक के लिए तैयारी करने वाले खिलाड़ियों के साथ एक मुलाकात की है। मोदी की यह पहल सराहनीय है जिससे खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन हुआ है। निश्चित ही भारतीय खिलाड़ी ओलंपिक में देश का नाम रोशन करेंगे। उम्मीद है कि इस बार भारत टोकियो ओलम्पिक की तुलना में बेहतर उपलब्धियां प्रदर्शित करने में सफल होगा। इससे भारत द्वारा 2036 ओलंपिक की मेजबानी की दावेदारी भी मजबूत होगी। प्रधानमंत्री ने सभी खिलाड़ियों से ओलंपिक की तकनीकी खेल स्पर्धाओं, खेल प्रबंधन, मैनेजमेंट एवम आवासीय व्यवस्था को अच्छी तरह समझने की बात भी कही है। इन खिलाड़ियों के अनुभवों से सीख लेकर भारत 2036 की ओलंपिक की दावेदारी मजबूती से रख सकेगा। भारत ने एशियन गेम्स 1952 व 1982 के अलावा 2010 में राष्ट्रमंडल खेलों का सफल आयोजन किया है। वह विश्व हॉकी कप का भी आयोजन दो बार कर चुका है।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# पहली बारिश से विकास के दावों की खुली पोल, दलदल और कीचड़युक्त मार्ग से चलने मजबूर कुंजाम टोला के ग्रामीण

## स्कूली छात्राओं के यूनिफार्म हो रहे गंदे, ग्रामीणों ने कलेक्टर से लगाई पक्की सड़क की गुहार

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com







मौसम की पहली बारिश ने फिर से एक बार विकास के दावों की पोल खोल कर रख दी है। गांव गांव और हर आखिरी छोर पर मूलभूत सुविधाओं के दावे उस समय खोखले नज़र आने लगते है जब आज भी सड़क, बिजली और पानी की मांग लेकर ग्रामीण शासन प्रशासन के दरवाजे पर पहुचते है। ऐसा ही एक मामला मंगलवार को कलेक्टर जनदर्शन में उस समय सामने आया जब ग्रामीण कीचड़ और दलदल से भरे मार्ग से निजात पाने कलेक्टर के समक्ष पहुचे थे। मामला आदिवासी बाहुल्य ब्लॉक डौंडी के ग्राम कुंजामटोला का है, जो कि ग्राम पंचायत धोबेदंड का आश्रित गांव है। कुंजामटोला आमापारा गांव में ग्रामवासी वर्षो से एक पक्की सड़क को तरस रहे है। पक्की सड़क नही होने से मौसम की पहली बारिश ने वार्ड-8 के मार्ग को कीचड़युक्त और दलदल बना दिया है। आलम यह है कि इस मार्ग से पैदल चलना दुर्भर है। परेशानी उस समय और ज्यादा बढ़ जाती है जब स्कूली बच्चे कुंजामटोला से बिटाल और कारूटोला जाते है, जिसकी वजह से उनके साफ कपड़े गंदे और मटमैले हो जाते है। ग्रामीणों ने बताया की गांव से गुजरने वाली सड़क पर बारिश के दिनो में चलना मुश्किल हो जाता है। इस समस्या को लेकर ग्रामीण स्थानीय सरपंच से लेकर जनप्रतिनिधियों से गुहार लगा चुके है। लेकिन इनकी समस्यायों का समाधान आज तलक नही हो पाया है। जिसके चलते यहां के ग्रामीण कलेक्टर के पास अपनी समस्या लेकर पहुंचे हैं।

### दुर्घटना की संभावना भी बनी रहती है

ग्रामीणों के साथ गांव के कुछ स्कूली और कालेज के छात्र भी पहुंचे थें। इस दौरान ग्रामीणों और छात्राओं ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए बताया की अभी हल्की बारिश में ही सड़क दलदल और कीचड़ से सराबोर हो चुकी है। इस सड़क पर चलने से कई बार स्कूल पहुंचने से पहले स्कूल यूनिफार्म भी गंदा हो जाता है। सड़क खराब होने के चलते कई बार स्कूल जाने के बजाय उन्हें आधे रास्ते से लौटना पड़ता है। वही ग्रामीणों ने बताया कि सड़क होने के चलते लोगो को स्वास्थ्य सुविधा तथा दैनिक जरूरत के लिए बाजार तक के आवाजाही भी बंद हो जाती है। यही नहीं अगर किसी की तबीयत खराब हो जाए तो गांव तक एंबुलेंस नही पहुंच पाती। जिसके चलते ग्रामीणों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सड़क खराब होने की वजह से आये दिन दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। बरसात के में स्कूल जाने वाले बच्चों को विकट समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत की सरपंच को विगत दस वर्षो से सड़क निर्माण के लिए प्रस्ताव रख रहे है। फिर भी कोई सुनवाई नहीं होती है। कुछ निरीक्षण अधिकारी आते है और देखकर चले जाते है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से गाँव में पक्की, सड़क बनवाने मांग की हैं।



हमारे में सड़क की बहुत बड़ी समस्या है, बच्चों को स्कूल जाने में दिक्कत होती है, ग्रामीणों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है, दल्लीराजहरा अस्पताल और बाजार आने-जाने में दिक्कत होती है, मार्ग में कीचड़ बहुत है जिसकी वजह से दुर्घटना होने की भी संभावना है। कच्ची सड़क को पक्की सड़क बनाने के लिए कलेक्टर से मांग किये हैं।

– **मीना करपाल,** ग्राम कुंजामटोला



स्कूल जाने में बहुत तकलीफ होती है और जब स्कूल जाते हैं तब कीचड़ में गिरने का संभावना रहता है, क्योंकि कीचड़ की वजह से मार्ग में बड़े गड्ढे हो गए हैं, कभी-कभी स्कूल भी मिस हो जाता है, जिसकी वजह से शिक्षक भी नाराज होते हैं, आंगनबाड़ी, प्राइमरी, मिडिल और हाईस्कूल के बच्चों को स्कूल जाने में दिक्कत होती है।

**-देवकुमार,** स्कूल छात्र



मैं दल्लीराजहरा कॉलेज की छात्रा हूं, एक बरसात से मार्ग कीचड़ और दलदल में बदल जाता है, जिसकी वजह से हमारी एक दिन की क्लास भी मिस हो जाती है, बारिश और मार्ग में फैले कीचड़ की वजह से घर में ही रहना पड़ता है, स्कूल जाने वाले बच्चों का भी कॉपी पुस्तक और कपड़ा खराब हो रहा है।

**कु. नंदकी पिस्दा,** कॉलेज छात्रा



मार्ग में आने जाने में परेशानी होती है, स्कूटी तो छोड़िए पैदल चलना भी दुर्भर हो गया है, 15 साल से किसी भी सरपंच ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है, सरपंच को कई बार आवेदन दे दिए हैं, जिसकी वजह से हमको कलेक्टर जनदर्शन में आना पड़ा है, कलेक्टर से हमने पक्की सड़क निर्माण करने की मांग की है, ताकि हो रही समस्या से छुटकारा मिले।

– **निर्मला करपाल,** ग्राम कुजामटोला

# 11,19,500 रू. ठगी के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



मारो पुलिस के द्वारा 11 लाख 19500 की ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया इस संबंध में पुलिस ने बताया कि प्रार्थी गंगाराम साहू पिता स्व. जुगुल साहू उम्र 52 वर्ष साकिन भोपसरा पुलिस चौकी मारो द्वारा एक लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया कि वर्ष 2022 दिसम्बर माह में एक व्यक्ति साधु के वेश में प्रार्थी के घर प्रयागराज से आया हूं आपके घर भोजन कर रात्रि में विश्राम करूंगा कहने पर रात्रि में खाना खिलाने बाद उक्त व्यक्ति प्रार्थी को बोले की तुम्हारे घर में सोने चांदी से भरा धन है नही निकलवाओगे आगे कहा कि एक तुम्हारे किसी सदस्य के साथ अनहोनी हो जायेगा पुजा कराना पड़ेगा पुजा में 80,000 रु. लगेगा कहकर नगद रुपये लेकर दूसरे दिन चला गया 1 माह बाद पुनः उक्त व्यक्ति प्रार्थी के घर आये रात्रि मे पूजा कर कमरा के मध्य को करीबन 3-4 फिट गहरा खुदाई कर धुआ कर पीतल का गुंडी निकाला गुंडी से सोने जैसे बिस्कीट एवं सिक्का निकालकर दिखाया तथा नीचे और बडा हण्डा है पूजा करना पडेगा कहकर उसी गढ्ढे में पीतल के गुंडी को बदलकर प्रार्थी के घर से सिल्वर हण्डी मांग कर लाल कपडा में बांधकर गढ्ढे में दबा दिया पुजा के लिए पुजारी लेकर आऊंगा कहकर चला गया एवं करीबन 15 दिन बाद मोबाईल नं.7897317686 से फोन कर पुजा के लिये 6,50000 रु. और लगेगा कहने पर मैहर सहडोल मध्य प्रदेश में जाकर उक्त रकम को दिया करीबन 15 दिन बाद पुनः उसी नम्बर से फोन कर हण्डे में सैतान बैठा है 3,50000रु0 और लगेगा कहने पर प्रार्थी अमरकंटक जाकर उपरोक्त व्यक्ति को 3,50,000 रू. देकर वापस आ गये होली पर्व 2023के दो दिन पहले आने जाने के लिए 40,000रु. लगेगा खाता नं0 32013918225 आइएफसी कोर्ड एसबीआईएन 0003958में डलवा दो कहने पर 39,500रू. ग्राहक सेवा केन्द्र ग्राम टेमरी (नांदघाट) में जमा किया है जिसके बाद उक्त व्यक्ति अपना मोबाईल नंबर बंद कर लिया साधु के वेश भुसा में आये व्यक्ति प्रार्थी के घर से सोने से भरे हण्डा निकालने के नाम से कुल 11,19,500 रू. धोखाधड़ी कर लिया है, कि रिपोर्ट पर पुलिस चौकी मारो थाना नांदघाट में अप.कं. 140/2024 धारा 420 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया हैं दौरान विवेचना आरोपी विजय जोशी द्वारा धारा 420 भादवि का अपराध घटित करना पाया जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी मनोजति र्की के दिशा निर्देश में पुलिस चौकी मारो प्रभारी सउनि कृष्ण कुमार क्षत्री एवं आर. चेतन वैष्णव, साधराय कौशल अधिकारीयों से अनुमति बाद दिगर प्रांत सीतापुर चित्रकुट से आरोपी विजय कुमार गिरी पिता बच्छराज गिरी उम्र 32वर्ष पता चौगलिया बाजार दुर्गा चौक (राघवपुरी) सीतापुर माफी पुलिस चौकी सीतापुर थाना सिटीकोतवाली कर्वी जिला चित्रकुट (उ.प्र.) को दिनांक 06 जुलाई को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

## वार्ड 11 के नागरिको ने सांसद बघेल को लड्डुओं से तौला



**बेमेतरा।** दुर्ग लोकसभा में ऐतिहासिक जीत दर्ज कर छत्तीसगढ़ प्रदेश के इतिहास में दूसरे नंबर पर विजय प्राप्त करके धन्यवाद आभार रैली का आगमन शहर के वार्ड क्रमांक 11में हुआ जहां पार्षद नीतू कोठारी ने तिलक लगाकर वार्डवासियों के साथ सांसद विजय बघेल को लड्डुओं से तौला गया इसके साथ ही जेसीबी से पुष्प वर्षा किया गया तत्पश्चात् वार्ड वासियों ने सांसद बघेल का स्वागत कर बधाई दी। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने जनता को धन्यवाद देते हुये कहा कि ये जनता की जीत है जनता के आशीर्वाद से मुझे दो बार सांसद बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। समारोह में वार्डवासियों के द्वारा सांसद को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि अनिल माहेश्वरी, राजेश दीवान, सुरेश पटेल, प्रफुल शर्मा, अमित माहेश्वरी, आदित्य राजपूत, सुनील डागा, नरेश साहू, सुदर्शन वैष्णव, रामअवतार साहू, निवेदिता शरद जोशी, नीतू कोठारी धानबाई साहू, सरस्वती साहू, बैसाखीन साहू, कलावती पाठकर, शकुन साहू एवं समस्त वार्डवासी उपस्थित रहे।

# कार्य से पृथक नहीं करने और जून माह का मानदेय देने की मांग लिए मिड मिल के रसोईया संघ पहुचे जनदर्शन

पायनियर संवाददाता < बालोद
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ स्कूल मध्यान भोजन रसोईया संघ के जिले भर के रसोईया संघ कर्मचारी आयोजित जनदर्शन में पहुच कार्य से पृथक नहीं करने एवं जून माह में किए गए कार्य का मानदेय देने की मांग को लेकर पहुंचे थे। उन्होंने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप बताया कि जिले के शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में कार्यरत रसोईयों को बच्चों की दर्ज संख्या कम होने पर निकाल दिया जा रहा है। जो कि विगत कई वर्षों रसोईया, स्कूलों में खाना बनाने का कार्य कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में रसोईया को आर्थिक व मानसिक समस्याओं से जुझना पड़ रहा है। स्कूलों में प्रति वर्ष बच्चों की दर्ज संख्या बढ़ना या घटने का सिलसिला होते रहता है। ऐसी स्थिति में जिले के कोई भी रसोइया को कार्य से पृथक न किया जाय व जून माह में रसोईया खाना बनाने का कार्य किये हैं, उसका मानदेय दिया जाय। रसोईया संघ ने अपनी इस मांग से जिला शिक्षा अधिकारी को भी अवगत कराया हैं। इस दौरान जिलाध्यक्ष नुकेश सोनवानी, सचिव द्वारिका प्रसाद, त्रिवेणी यादव, प्रमोद कुमार यादव, उल्फ़ी यादव, मंजुलता कुम्भकार एवं अन्य रसोईयां मौजूद रहे।

## सांसद ने युवा जनसेवक पीयूष को दी जन्मदिन की बधाई

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



लोकसभा सांसद विजय बघेल एवम् सर्व हिंदू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी ने जनसेवक पीयूष शर्मा को केक खिलाकर जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर बेमेतरा विधायक दीपेश साहू ने युवा जनसेवक को एक पेड़ मां के नाम भेट कर बधाई दी। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, अवधेश चंदेल, राजेंद्र शर्मा, हर्ष तिवारी, राजेश दीवान, आदित्य सिंह राजपूत, विजय सिन्हा, सिद्धांत तिवारी गौरव तिवारी शिवम दीवान सहित बड़ी संख्या में युवा साथी उपस्थित रहें।

## समाधान में नई तालीम विषय पर अतिथि व्याख्यान आयोजित



**बेमेतरा।** सर्वतोमुखी समाधान शिक्षा संस्कार समिति द्वारा संचालित समाधान महाविद्यालय में नई तालीम (बुनियादी शिक्षा) विषय पर डॉ शिवनारायण एचओडी- बीएड, इक्फाई विश्वविद्यालय रायपुर के द्वारा अतिथि व्याख्यान दिया गया जिसमें सर ने बताया कि वर्तमान शिक्षा केवल विषय पर आधारित न होकर वास्तविक जीवन से सम्बंधित होनी चाहिए जिस प्रकार गाँधी जी ने अपने शिक्षा दर्शन में बताया है कि शिक्षा का उद्देश्य केवल साक्षरता नहीं है बल्कि बच्चों को जीविकोपार्जन कि शिक्षा मिलनी चाहिए जिसमे हस्तकला, शिल्पकारी, शारीरिक श्रम, मूल्यों का विकास आदि की शिक्षा होनी चाहिए जिससे बच्चे आत्मनिर्भर हो सके नई तालीम विषय भी गाँधी जी के बुनियादी शिक्षा पर आधारित है। यह अतिथि व्याख्यान बीएड द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों के लिये आयोजित था जिनको संबोधित करते हुए सर ने कहा कि आपका उद्देश्य केवल नौकरी पाना न होकर के इस तरह कौशलपूर्ण शिक्षा होनी चाहिए जिससे आप आत्मनिर्भर बने। इसी कार्यक्रम के तहत इक्फाई विश्वविद्यालय रायपुर एवं समाधान महाविद्यालय बेमेतरा के मध्य एमओयू के तहत यह कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमे समाधान महाविद्यालय के डायरेक्टर अविनाश तिवारी, प्राचार्य डॉ अवधेश पटेल एवं बीएड के समस्त सहायक प्राध्यापक निधि तिवारी, डॉ जी डी मानिकपुरी, लक्ष्मीनारायण साहू, स्वीटी मालिक, स्वाति पटेल, नंदनी वर्मा उपस्थित रहे।

## अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में एन्टीवेनम दवाइयां उपलब्ध हो : कलेक्टर

# सर्पदंश की स्थिति में झाड़-फूंक न कराने के बजाय अस्पताल पहुंचे

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बरसात का मौसम शुरू होते ही वातावरण में नमी और उमस बढ़ने के कारण जमीन में रेंगने वाले जहरीले कीट, सांप, बिच्छु अपने बिलों, रहवासों से बाहर आ जाते है, और लोगों को काटने का खतरा बढ़ जाता है। वर्षा का पानी उनके बिलों में भर जाने तथा अपने भोजन की तलाश में ये बाहर आते है तथा सुरक्षित स्थान की तलाश में अक्सर लोगों की घरों में घुस जाते है जिससे सर्पदंश की घटनाएँ बढ़ जाती है। कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देशानुसार जिला स्वास्थ्य विभाग ने जनहित में सूचना जारी करते हुए कहा है कि सांप-बिच्छु या जहरीले कीड़े-मकोड़े के काटने पर पीड़ित का तत्काल उपचार कराने से उसकी जान बचाई जा सकती है। बेमेतरा जिले के सभी प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों व जिला अस्पताल में सर्पदंश व जहरीले कीड़ों के काटने का उपचार उपलब्ध है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस आर चुरेंद्र व जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक बसोड़ ने विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से अपील करते हुए कहा है कि सर्पदंश होने पर या जहरीले कीट के काटने पर एक से डेढ़ घंटे के भीतर पीडित को सही उपचार न मिलने से उसकी मृत्यु भी हो सकती है, इसलिये पीड़ित को शीघ्रताशीघ्र निकट के स्वास्थ्य केन्द्र में ईलाज के लिये लेकर आना चाहिए। कभी भी बैगा गुनिया या झाड़-फूंक के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए। यद्यपि सभी सर्प जहरीले नहीं होते लेकिन सर्पदंश होने पर पीड़ित को घबराहट होती है, जो ऐसी स्थिति में जानलेवा हो सकती है। सर्पदंश के उपचार हेतु एंटीस्नेक वेनम का पर्याप्त डोज जिला अस्पताल सहित सभी प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में उपलब्ध है। अतः बिना देर किये नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में पहुँचकर उपचार कराना चाहिए। सर्पदंश पीडित को सही समय में ईलाज मिलने से उसकी जान बचाई जा सकती है। ग्रामीण क्षेत्र के लोग अक्सर जमीन पर सोते है और खेतों जंगलो में काम करने जाते है, जिससे उनकी सर्पदंश होने की संभावना बढ़ जाती है। अतः सोते समय चारपाई और केमिकल युक्त मच्छरदानी का उपयोग करने, घरों के आसपास सफाई रखने और अंधेरे स्थानों में जाने के लिऐ टार्च का उपयोग करने तथा खेतों में काम करने के दौरान घुटने तक वाले जुते पहनने की सलाह दी गई है।

## निर्माणाधीन मकान से छड़ की चोरी करने वाले चोर पर कवर्धा पुलिस की कार्यवाही

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com




प्रार्थी जगतारण डहरिया पिता राधे डहरिया उम्र 36 साल साकिन बिरकोना थाना पिपरिया जिला कबीरधाम (छ.ग.) थाना हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 06.07.2024 के दरमियानी रात्रि कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा विनोद चन्द्रवंषी का निमार्णाधीन रिसोर्ट अटल आवास रोड ग्राम छिरहा से 80 किलो ग्राम छड़ किमती 4000 रू. को चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्व थाना कवर्धा में तत्काल अपराध क्रमांक 449/2024 धारा 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्व कर जांच पतासाजी विवेचना में लिया गया, श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ. अभिषेक पल्लव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार (भा.पु.से.), अति.पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल, उप पुलिस अधीक्षक (अजाक/क्राईम) प्रतीक चतुवेदी के द्वारा तत्काल कार्यवाही हेतु निर्देशित कर आरोपी पतासाजी हेतु एक विशेष टीम गठित किया गया टीम द्वारा आसपास पतासाजी दौरान पता चला कि आरोपी बीरू सारथी लोहे के छड़ बिक्री करने समनापुर तिराहा के पास ग्राहक ढुढने की सुचना पर आरोपी को घेराबंदी रेड कार्यवाही किया जो आरोपी की कब्जे से 80 किलोग्राम लोहे का छड़ जप्त कर पुछताछ किया जो आरोपी द्वारा निमार्णाधीन रिसार्ट ग्राम छिरहा से लोहे की छड़ चोरी करना जुर्म स्वीकार किया जिसे विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया ।

**प्रकरण में आरोपी बीरू सारथी पिता रामप्रसाद सारथी उम्र 29 साल साकिन लोहारानाका भाजपा :** कार्यालय के पीछे कवर्धा थाना कवर्धा को माननीय न्यायालय से न्यायिक रिमांड पर जिला जेल कबीरधाम निरूद्ध किया गया है। वीरु सारथी आदतन चोरी का आरोपी है जो कुछ दिन पूर्व ही जेल से छूट कर आया है।

# नगर भ्रमण करते गुंडीचा मौसी घर पहुँचे महाप्रभु हुई फूलों की बारिश, जय जगन्नाथ, हरि बोलो से गुंजित हुआ शहर, परंपरा अनुसार शहर के चार स्थानों से निकली महाप्रभु की रथयात्रा

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com





ओडिसा के जगन्नाथ पुरी की तरह शहर में भी रियासत काल से बड़ी श्रद्धा व उत्साह के साथ रथयात्रा उत्सव को मनाने की धार्मिक परंपरा चली आ रही है। विधिवत ढंग से रथयात्रा उत्सव को राजापारा स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर ट्रस्ट, उत्कल सांस्कृतिक सेवा समिति, राजपरिवार व शहर के श्रद्धालुओं द्वारा भव्यता दी जा रही है। धार्मिक इस परंपरा के अंतर्गत भगवान महाप्रभु की नेत्रोत्सव पूजा व छेरा पहरा पहंडी पूजा के पश्चात शाम पांच बजे वैदिक मंत्रोच्चार, घंट, शंख, ध्वनि व हरि बोलो के जयकारे के साथ भगवान जगन्नाथ सुभद्रा बहन व बलभद्र भैया की पूजा अर्चना कर रथारुढ़ किए। इसके पश्चात परंपरानुसार तीनों को श्रद्धालुओं ने नगर परिभ्रमण कराया फिर उनके गुंडिचा मौसी जयकारे के साथ ले जाया गया और समूचा अंचल हरि बोलो के जयकारे से गुंजित हो गया। पंडित सुदामा पंडा ने बताया कि सुबह वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सुप्रसिद्ध पंडित ब्रजेश्वर मिश्रा के सानिध्य में भगवान महाप्रभु जगन्नाथ, सुभद्रा बहन व बलभद्र भैया की विशेष पूजा अर्चना की गई। इसके पश्चात दोपहर में महाभोग लगाया गया फिर शाम पांच बजे मंदिर में पूजा अर्चना की गई। इसके बाद भव्य बाजे - गाजे के साथ नगर परिभ्रमण के लिए रथ यात्रा निकली। रथयात्रा उत्सव में दर्शन - पूजन के लिए दूर - दूर से श्रद्धालुगण पहुंचे। वहीं राजापारा से रथ निकल कर चांदनी चैक पहुंची जहां श्रद्धालुओं ने फूलों की बारिश कर महाआरती किए व भोग अर्पित किए। वहीं चांदनी चौक से सार्वजनिक रथोत्सव समिति द्वारा बनाए गए व प्रगति कला मंदिर सोनार पारा के श्रद्धालुओं द्वारा भी बनाए गए रथ एक साथ सोनारपारा से गांजा चौक कोतवाली होते हुए गायत्री मंदिर पहुंचे और वहां से फिर मौसी घर पहुंचे। जगह - जगह श्रद्धालुओं ने फूलों की बारिश कर महाप्रभु के जयकारे लगाए और समूचा शहर हरि बोलो के जयकारे से गुंजित हो गया। रथयात्रा उत्सव की खुशी में शहर में रथयात्रा उत्सव को उत्साह के साथ मनाया गया वहीं शहर के विभिन्न स्थानों से भी रथयात्रा निकाली गई व छोटे - छोटे बच्चों ने भी उत्साह के साथ छोटा रथ निकाले। मौसी घर में 8 दिन भगवान सेवा प्रसाद प्राप्त कर दशमी 15 जुलाई की संध्या 4 बजे वापस अपने मंदिर आने पूरी भव्यता से भजनकीर्तन मंडली एवं मंदिर के सेवकों कार्यकर्ताओं के साथ रथारुढ होकर निकलेंगे एवं हटरी चौक से गद्दी चौक, पैलेस रोड, गोपीनाथ जीव मंदिर से चांदनी चौक होते हुए राजा पारा स्थित अपने श्री मंदिर पहुंचने पर उत्कलिका मातृशक्ति द्वारा भगवान की महा आरती कर स्वागत किया जायेगा। जहां भगवान मंदिर प्रांगण में ही रहेंगे। भव्य रथयात्रा उत्सव इस बार मनाया गया और आज महाप्रभु के रथारुढ़ पूजा - अर्चना कार्यक्रम में शहर के श्रद्धालुओं ने हजारों की संख्या में भाग लिया जिससे राजापारा में मेला सा माहौल रहा और दर्शन करने दूर - दूर से श्रद्धालु पहुंचे। वहीं राजापारा से चांदनी चौक तक लोगों को राहत देने के लिए पुलिस के जवान भी सेवा कार्य में लगे रहे। वहीं राजमहल के पास शाम चार बजे से रात तक मेला सा माहौल रहा। इसी तरह सुरक्षा व सहयोग के लिए पुलिस विभाग व ट्रैफिक विभाग के जवानों का भी रथयात्रा उत्सव में बेहद सराहनीय योगदान रहा। महाप्रभु की आगामी पूजा अर्चना के कार्यक्रम को भव्यता देने में सभी श्रद्धालुगण जुटे हैं। मौसी घर में 8 दिन भगवान सेवा प्रसाद प्राप्त कर दशमी 15 जुलाई की संध्या 4 बजे वापस अपने मंदिर आने पूरी भव्यता से भजनकीर्तन मंडली एवं मंदिर के सेवकों कार्यकर्ताओं के साथ रथारुढ होकर निकलेंगे एवं हटरी चौक से गद्दी चौक, पैलेस रोड, गोपीनाथ जीव मंदिर से चांदनी चौक होते हुए राजा पारा स्थित अपने श्री मंदिर पहुंचने पर उत्कलिका मातृशक्ति द्वारा भगवान की महा आरती कर स्वागत किया जायेगा। जहां भगवान मंदिर प्रांगण में ही रहेंगे।

# कीड़ा के एजेंडा को आगे बढ़ाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी के मार्ग दर्शन में बैठक आहुत



पायनियर संवाददाता ➤ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

जिला स्तरीय शालेय कीड़ा प्रतियोगिता 2024 -25 के एजेंडा अनुसार जिला शिक्षा अधिकारी शक्ति की अध्यक्षता में बैठक रखी गई जिसमें सफल आयोजन हेतु सभी पहलुओं को ध्यान मे रखते हुए सभी व्यायाम शिक्षकों ने जिले का उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सुझाव दिए। जिला शिक्षा अधिकारी एन के चंद्रा के द्वारा सभी व्यायाम शिक्षकों को शिक्षा विभाग एवं खेलकूद विभाग की लंबी अनुभव का मार्गदर्शन दिए। जिसमें शक्ति जिले का नाम रोशन हो और अधिक से अधिक प्रतिभागी जिला, संभाग, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर चयन हो सके। प्रमुख रूप से जिला शिक्षा अधिकारी एन के चंद्रा, एबीओ मती नीलिमा बडगे, विकास खंड कीड़ा प्रभारी पी आर साहू, झसेंद्र गबेल, राजेश नायक, व्यायाम शिक्षक मोहन सिंह राठिया, विवेक भुवन आदित्य, विजेंद्र पांण्डल, विनोद उराव, दिनेश चौधरी, अविनाश जायसवाल एवं देवनारायण सिदार के साथ शक्ति जिले भर के व्यायाम शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन सहायक जिला कीड़ा अधिकारी अमर सिंह राज आभार प्रदर्शन किया।

# 6 माह में 90 हजार खसरों का नक्शा बटांकन पूरा अभियान चलाकर किया जा रहा जिले में नक्शा बटांकन

## कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर तेजी से हो रहा कार्य, खसरे व नक्शे की उपलब्धता से लोगों को रही काफी सहुलियत

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने जनसामान्य की सुविधा के लिए नक्शा बटांकन के कार्य को प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए थे। निर्देश पर रायगढ़ के सभी तहसीलों में नक्शा बटांकन कार्य को अभियान चलाकर पूरा किया जा रहा है। जिससे विगत माह दिसम्बर 2023 से अभी तक नक्शा बटांकन कार्य में लगभग 18 प्रतिशत की प्रगति आयी है। इस अवधि में लगभग 90 हजार खसरों का नक्शा बटांकन किया गया है। नक्शा बटांकन कार्य जिले में तत्परता पूर्वक कराया जा रहा है, जिससे राजस्व अभिलेख में शुद्धता आ रही है। खसरा दुरूस्ती के पश्चात नक्शा अपडेशन नहीं होने से राज्य स्तर पर ऐसे खसरे काफी संख्या में लंबित रहे है। जिसका निराकरण कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। जिससे अब जनसामान्य को खसरा एवं नक्शा के आसानी से उपलब्ध होने पर अब कार्यालय में आना नहीं पड़ रहा है। जिससे बैंक लोन, रजिस्ट्री आदि कार्य हेतु आवश्यक दस्तावेज आसानी से प्राप्त होने के साथ ही भूमि संबंधी विवादों में कमी आयी है। कई गांवों में नक्शा बटांकन के काम जो लम्बे समय से लंबित थे। उन्हें शत-प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। जिनमें तहसील लैलूंगा एवं घरघोड़ा के इन विभिन्न ग्रामों में नक्शा अद्यतनीकरण का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया गया है। इनमें रामपुर, कोड़ासिया, ईश्वरपुर, सोहनपुर एवं चिटकीबहार तथा तहसील घरघोड़ा अंतर्गत ग्राम छिरभौना, पोरडी, राई, घोघरा शामिल है। तहसील घरघोड़ा अंतर्गत घोघरा ग्राम के भूमिस्वामी बुधेश्वर पिता संतोष ने बताया कि उसका ग्राम घोघरा स्थित भूमिस्वामी मद की भूमि का हल्का पटवारी द्वारा मौका स्थल देखकर तुरंत नक्शा बटांकन कर दिया गया। जिसके कारण उसके पुत्र चंद्रकांत साहू एवं पुत्री मेघा साहू को एसईसीएल में नौकरी का लाभ मिल सका। ग्राम तुरेकेला के कृषक रामकुमार चैहान द्वारा नक्शा बटांकन के संबंध में अपने अनुभव साझा करते हुए बताया गया कि उनका ग्राम-तुरेकेला में भूमि कब्जा संबंधी विवाद चल रहा था, जिसका नक्शा बटांकन होने से विवाद का निराकरण हो गया एवं इसके लिए रामकुमार पटेल द्वारा उक्त नक्शा बटांकन के लिए शासन को आभार व्यक्त किया। इसी तरह ग्राम-जैमुड़ा के कृषक गंगाधर पिता हीराराम पटेल के द्वारा बताया गया कि गंगाधर पटेल को उनके भूमि का सीमा चिन्ह ज्ञात नहीं था, नक्शा बटांकन होने के उपरांत पटेल को उनके भूमि का सीमाचिन्ह ज्ञात हो गया।

# कुसमुरा में खुडखुडिया जुआ खेल रहे 03 युवक गिरफ्तार कोतरारोड़ पुलिस ने जुआरियों को भेजा रिमांड पर



पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

अवैध शराब, जुआ-सट्टा पर प्रभावी कार्रवाई करने कोतरारोड़ पुलिस द्वारा क्षेत्र में सतत पेट्रोलिंग कर सक्रिय मुखबीरों से प्राप्त सूचना पर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में कल रात्रि थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी को मुखबीर से ग्राम कुसमुरा में कुछ लोग खुडखुडिया पट्टी बिछाकर जुआ खेलने की सूचना मिली। थाना प्रभारी द्वारा टाउन पेट्रोलिंग और गस्त के लिये उपस्थित आये जवानों की टीम बनाकर कार्यवाही के लिए ग्राम कुसमुरा रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा मुखबीर के बताये स्थान की घेराबंदी कर खुडखुडिया में रूपये लगाकर जुआ खेल रहे 03 युवक डोलनारायण चैहान पिता डहरू राम चैहान उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम कुसमुरा थाना कोतरारोड़, हेमंत सिदार पिता हीरालाल सिदार उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम कोतरा थाना कोतरारोड़, जितेन्द्र सिदार पिता दुखीराम सिदार उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम कुसमुरा थाना कोतरारोड़ को पकड़ा गया, कुछ लोग मौके से भाग निकले थे। पुलिस टीम ने आरोपियों से जुआ सामाग्री और नकदी 1020 को आरोपियों से जप्त कर थाना लाया गया। आरोपियों के कृत्य पर थाना कोतरारोड़ में धारा 4, 6 (क) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत गैर जमातीय कार्यवाही किया गया है।

# कोरबा में छापेमारी कर पुलिस ने गुमशुदा नाबालिग को ढूंढ निकाला

- नाबालिग को भगा ले जाने वाले आरोपी को दुष्कर्म और पोक्सो एक्ट में भेजा जेल

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर गुम इंसान की खोज का विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें जूटमिल पुलिस ने गत माह 26 गुम इंसानों को ढूंढ निकाली और कल एक गुम नाबालिग की कोरबा जिले से दस्तयाबी में सफ्लता मिली है।
गुम बालिका के संबंध में 18 मार्च को बालिका के पिता द्वारा थाना जूटमिल में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी लड़की (17 वर्ष, 07 माह) की स्थानीय दुकान में काम करती थी । 14 मार्च को रोज की भांति सुबह काम पर गई थी और शाम तक वापस नहीं आई। उसके दुकान जाकर पता करने पर पता चला कि शाम करीब 06 बजे लड़की दुकान से घर के लिए निकल गई थी। घरवालों ने लड़की की सहेलियों और आसपास पता किया, लड़की का पता नहीं चलने पर रिपोर्ट दर्ज कराया गया। बालिका की गुमशुदगी पर थाना जूटमिल में धारा 363 आईपीसी के तहत अज्ञात व्यक्ति पर पंजीबद्ध किया गया। गुम नाबालिक की पतासाजी दौरान लड़की के साथ काम करने वाली लड़कियों से पूछताछ करने पर युवक त्रिदेव महंत के साथ लड़की की मित्रता की जानकारी मिली। संदेही युवक और बालिका का मोबाइल बंद थे। थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज द्वारा गुम बालिका एवं संदेही की सूचना देने उनके परिचितों एवं मुखबिर लगा रखा गया था। इसी बीच दोनों के दर्री, जिला कोरबा में रहने की जानकारी पर तत्काल जूटमिल पुलिस टीम कोरबा रवाना होकर बालिका और संदेही युवक त्रिदेव महंत को थाना लाया गया। बालिका से पूछताछ पर त्रिदेव महंत के पिछले 5-6 वर्षों से जान पहचान होना और त्रिदेव महंत द्वारा शादी करने का विश्वास दिलाकर भाग ले जाना और शारीरिक संबंध स्थापित करना बताई। प्रकरण में धारा 366, 376 आईपीसी 4, 6 पोक्सो एक्ट विस्तारित कर आरोपी त्रिदेव महंत (उम्र 19 साल) निवासी थानाक्षेत्र जूटमिल जिला रायगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# अध्यक्ष कुशल कश्यप के नेतृत्व में हसौद के बजरंग चौक के पास राज्य सरकार के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com




छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लाक कांग्रेस कमेटी हसौद के अध्यक्ष कुशल कश्यप के नेतृत्व में हसौद के बजरंग चौक के पास राज्य सरकार के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया! ब्लाक कांग्रेस कमेटी हसौद के अध्यक्ष कुशल कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में विद्युत सरप्लस होने के बावजूद विद्युत दर में बेतहाशा वृद्धि की गई है तथा प्रदेश भर में अघोषित विद्युत कटौती से प्रदेश की आम जनता एवं किसान परेशान हैं! सरकार भले ही कहती है कि बिजली के दाम में 8 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, लेकिन हकीकत में बिजली बिल दोगुने आ रहे है! और आगे राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि पूर्व में कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार द्वारा बिजली बिल हॉफयोजना के माध्यम से प्रदेश के 44 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को राहत दिया गया था,जिससे 5 साल में प्रत्येक उपभोक्ता का 40 से 50 हजार रु की बचत हुई है! पिछले 6 माह में विद्युत सरप्लस वाला राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है! कोई ऐसा दिन नही होता जब बिजली दो-चार घंटे के लिए बंद ना हो, रात्रि में तो बिजली की स्थिति और भयावह हो जाती है, घंटो बिजली बंद रहती है कांग्रेस पार्टी जनता के मुद्दो को सदन से लेकर सड़क तक लड़ाई लड़ेगी! कार्यक्रम को राईस किंग खुटें, राजेश लहरे, दादूराम सोनवानी, सुभान खान, ओमप्रकाश बर्मन ने भी सम्बोधित किया संचानल सतीश महेश और आभार संजय कोसले ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भोजराम हरवंश, मधुसुदन साहू, रमेश कश्यप, लखन चन्द्रा, आशाराम महेश, मनोज चन्द्रा, अनुज बंजारे, प्रकाश कश्यप, प्रदीप पटेल, शिवम हरवंश, दिलेश्वर पटेल, विजय शास्वत, निखिल कश्यप, विकाश मल्होत्रा सहित भारी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## रामनिवास चौक में सरकार के खिलाफ बोला हमला, बड़े आंदोलन की दी चेतावनी

# बिजली कटौती व दर बढ़ोतरी के खिलाफ कांग्रेस ने दिया धरना

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिला कांग्रेस कमेटी रायगढ़ द्वारा कल रामनिवास टाकीज चौराहे पर धरना प्रदर्शन किया। धरने के उद्देश्य राज्य भाजपा सरकार की गलत नीतियों के चलते राज्य में विद्युत आपूर्ति सरप्लस होने के बावजूद विद्युत दर में जो बेतहाशा वृध्दी की गयी है उसका विरोध दर्ज करना है। तथा प्रदेशभर में बार-बार हो रही अघोषित विद्युत कटौती से प्रदेश की आमजनता एवं किसान परेशान है। विद्युत दरों में हुई बेतहाशा बढ़ोत्तरी व अघोषित विद्युत कटौती को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 08 जुलाई (सोमवार) को प्रदेश के समस्त जिला, नगर ब्लाक मुख्यालयों में एक दिवसीय धरनाध्प्रदर्शन किये जाने का निर्णय लिया गया था जिसके तहत रायगढ़ कांग्रेस ने धरनाध्प्रदर्शन के माध्यम से राज्य की भाजपा सरकार द्वारा बढाये गये विद्युत दर को वापस लिये जाने व प्रदेश में हो रही अघोषित विद्युत कटौती बंद कर प्रदेश की आमजनता सहित किसान भाईयों को राहत पहुंचाये जाने की पुरजोर मांग की गई। धरना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष दीपक पांडेय ने कहा कि प्रदेश की भजपा सरकार ने सत्ता सम्हालते ही प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को लूटने की तैयारी शुरू कर दी है। बीजेपी सरकार भले ही कहती है कि बिजली के दाम में 8 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है, हकीकत में पिछले दो माह से बिजली के बिल दुगुने आ रहे है। आम आदमी बिजली के दाम बढ़ने से परेशान है। वहीं प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगा कर उपभोक्ता को लूटने कि तैयारी भाजपा सरकार कर रही है कांग्रेस इसका विरोध करती है। कांग्रेस की सरकार ने 5 वर्षों तक विपरीत परिस्थितियों में भी बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफयोजना शुरू किया था जिसका लाभ प्रदेश के 44 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को मिलता था जिसे 5 साल में प्रत्येक उपका का 40 से 50 हजार रु. की बचत हुई थी। वहीं विद्युत सरप्लस वाला छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है। कोई ऐसा दिन नहीं होता जब बिजली दो-चार घंटे के लिये बंद न हो, रात में तो बिजली की स्थिति तो और भयावह हो जाती है, घंटो बिजली गोल हो जाती है। भाजपा से न सरकार संभल पा रहा और न ही व्यवस्थायें। सरकार एक तो पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही, ऊपर से उपभोक्ताओं पर महंगी बिजली का बोझ डाल रही है। प्रदेश के अनेक जिलों में तो पूरी रात बिजली कटौती हो रही है। इसलिए हम जनता की परेशानी हेतु विपक्ष धर्म निर्वहन करते हुए सरकार की इस नीति का विरोध करने हेतु धरना दे रहे हैं। सभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता संतोष राय अग्रवाल ने कहा कि बिजली की समस्या से शहर और गांव की जनता जूझ रही हैं। कांग्रेस की सरकार के दौरान 24 घंटा बिजली की आपूर्ति होती थी। गर्मी के दिनों में मांग बढ़ने पर दूसरे राज्यों से भी बिजली की खरीदी किया जाता था और आम जनता को 24 घंटा बिजली की आपूर्ति की जाती थी। रवि फसल लगाने वाले किसानों को भी बोरवेल चलाने के लिए बिजली निःशुल्क मिलता था। कार्यक्रम को अनिल अग्रवाल चीकू, हरेराम तिवारी, संजय देवांगन, आशीष शर्मा, अनिल अग्रवाल, सलीम निहारिया, रामलाल पटेल और अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया।

# 10 जुलाई को जिले में वृहद वृक्षारोपण के तहत लगभग डेढ़ लाख पौधों का किया जायेगा रोपण

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा क़ी बैठक लेकर विभागीय कार्यों क़ी समीक्षा क़ी। इस दौरान उन्होंने जिले के सभी विकासखंडों में होने वाले वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में जानकारी ली। इस पर अधिकारियों ने बताया कि जिले में 10 जुलाई को विकासखंड गरियाबंद के ग्राम मालगांव, छुरा के ग्राम रानीपरतेवा, फिंगेश्वर के ग्राम श्यामनगर, मैनपुर के ग्राम जाड़ापदर एवं देवभोग विकासखंड के ग्राम मुड़ागांव में मनरेगा के माध्यम से उद्यानिकी विभाग द्वारा 7 हजार 500 पौधों का रोपण किया जायेगा। इसके अलावा जिले के सभी ऑगनबाड़ियों में 12 जुलाई को वृक्षारोपण किया जायेगा। इसी तरह कृषि विभाग द्वारा विकासखंड गरियाबंद एवं देवभोग के विभिन्न गांवों कुल 28 हेक्टेयर से अधिक रकबा पर 3 हजार 365 पौधे, वन विभाग द्वारा 37 हजार 700 पौधे एवं शिक्षा विभाग द्वारा 12 हजार 470 पौधरोपण किया जायेगा। इस प्रकार लगभग डेढ़ लाख पौधों का रोपण किया जायेगा। कलेक्टर ने कहा कि वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत स्थलवार जिन अधिकारी- कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, वे समय पर कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित रहे। इसी प्रकार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला प्रशासन के अभिनव पहल पर पोषण निवेश कार्यक्रम के तहत 17 हजार नवविवाहित, गर्भवती, शिशुवती द्वारा पांच - पांच फलदार पौधे का रोपण एवं संरक्षण अभियान के तहत अपने-अपने बाड़ियों पर लगभग 85 हजार पौधरापेण किया जायेगा, जिसे गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया जायेगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि ग्राम पारागांव में कल हितग्राहियों के घरों में फलदार पौधों का रोपण किया जायेगा। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि पीएम जनमन योजना के तहत छुटे हुए हितग्राहियों का शत प्रतिशत आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, पीएम विश्वकर्मा, पीएम आवास, उज्जवला गैस कनेक्शन, किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं से लाभान्वित करें। विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को शिविर के माध्यम से किसी भी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है, ऐसे हितग्राहियों के सफलता की कहानी बनाए एवं गूगलशीट पर भी अपलोड करें।

कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया कि राहगीरों को सड़क मार्ग से सुविधाजनक आवाजाही हो इसे ध्यान में रखते हुए सड़क अथवा सड़क के आसपास में बैठे घुमंतू मवेशियों को गौ-शाला अथवा कांजी हाउस में रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। जिससे सड़क पर होने वाले अनावश्यक जनहानि से लोगों को बचाया जा सके। उन्होंने जिले के आश्रम छात्रावास, स्कूल, चिकित्सालय, ऑगनबाड़ी केन्द्रों, प्रधानमंत्री आवास एवं अन्य संस्थाओं के निरीक्षण के लिए बनाए गये नोडल अधिकारियों को प्रतिमाह फीडबैक जिला कार्यालय में देने के निर्देश दिये। कलेक्टर अग्रवाल ने किसानों के खेती-किसानी के लिए किसानों द्वारा समिति के माध्यम से उठाये गए खाद-बीज के उठाव एवं भण्डार के संबंध में जानकारी ली।

# दक्षिण पूर्व मध्य रेल की महाप्रबंधक नीनु इटियेरा द्वारा रायपुर रेल मंडल के तड़ोकी स्टेशन का निरीक्षण किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



दक्षिण पूर्व मध्य रेल की महाप्रबंधक नीनु इटियेरा द्वारा रायपुर रेल मंडल के तड़ोकी स्टेशन का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार, मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति) एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक आशीष मिश्रा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी सहित रायपुर रेल मंडल के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं पर्यवेक्षक मौजूद रहे। ताड़ोकी स्टेशन दल्लीराजहरा 9 रावघाट परियोजना का एक प्रमुख स्टेशन है छत्तीसगढ़ के घने जंगलों में रेल का पहुंचना देश की प्रगति को दर्शाता है। तड़ोकी से रावघाट परियोजना का कार्य प्रगति पर है। महाप्रबंधक ने इस परियोजना से जुड़े सभी पहलुओं का गहन अध्ययन करते हुए दल्लीराजहरा, अंतागढ़, भिलाई एवं तड़ोकी स्टेशन में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया गया तथा कार्य की प्रगति की समीक्षा की। दल्लीराजहरा स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे री डेवलपमेंट काम का निरीक्षण किया उन्होंने कार्यों के ले-आउट प्लान का अवलोकन भी किया साथ ही छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स, व्यापारी संघ एवं पार्षद सहित स्थानीय लोगों से मुलाकात की एवं ज्ञापन सौंपा। अंतागढ़ स्टेशन संरक्षा निरीक्षण के दौरान रेल परियोजना के दौरान भूमि प्रभावित ग्रामीण लोगों ने मुलाकात की। भिलाई स्टेशन पर निर्माण अधीन नई बिल्डिंग का निरीक्षण किया। संरक्षा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यात्री सुविधाओं एवं पुर्नविकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। रायपुर से तड़ोकी तक पूरे सेक्शन का गहनता से निरीक्षण के समय महिला ट्रैक मैन के पद पर कार्यरत महिलाओं से उनके कार्य प्रणाली पर चर्चा की। वन स्टेशन वन प्रोडक्ट स्टाल का भी निरीक्षण किया एवं स्टेशन पर यात्रियों से भी मुलाकात कर यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। सभी अमृत भारत स्टेशनों और अन्य स्टेशनों पर दिव्यांगजनों एवं ग्राहकों का विशेष ध्यान रखते हुए उनके अनुकूल रेल इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जाएगा। रायपुर रेल मंडल के अधिकारियों के साथ यात्रियों की सुविधाओं एवं की संरक्षा एवं सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की।

# इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में खुशी कि लहर,,,



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

इंद्रप्रस्थ कॉलोनी फेश 2 के ईडब्ल्यूएस के लोगों की कई महीनो से रोकी गई सब्सीडी रायपुर विकास प्राधिकरण के द्वारा देना शुरु हो गया कई लोगों के खाते में भी आ गई है, इस कारण यहां पर खुशी का माहौल बन गया है, यहां के निवाशियों ने क्षेत्रीय विधायक माननीय राजेश मूणत जी, सांसद माननीय बृजमोहन अग्रवाल, आरडीए के अधिकारी सुशील शर्मा जी तथा ईडब्ल्यूएस बी ब्लॉक की महिला समिति की मेंबर मती अनुराधा वास, दिपिका साहू, स्वेता वर्मा, राजेश्वरी मसखरे, रेणु विषकर्मा, रिंकी दास,तथा समस्त महिला सदस्य और ठाकुर विवेक सोलंकी, सुनील शुक्ला का आभार एवम् धन्यवाद व्यक्त किया।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं, जनदर्शन में मिले 69 आवेदन

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के आज मंगलवार को कलेक्टोरेट सभा कक्ष में जनदर्शन में जिले के नगरीय, ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्रों से आये लोगों की मांग, समस्याएं एवं शिकायतें सुनी। जिस पर कलेक्टर अग्रवाल ने उपस्थित अधिकारियों को उनके समाधान का निराकरण करने को कहा। जनदर्शन में 69 लोगों ने आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान कुछ समस्याओं का निराकरण जनचौपाल में ही किया गया, शेष आवेदनों के निराकरण के लिए निर्धारित समय तय की गई है। आज के जनदर्शन में ग्राम करेली के गौकरण सिंह मरकाम ने अत्यधिक बिजली बिल आने की समस्या को लेकर पहुंचे थे, जिस पर कलेक्टर ने सीएसईबी को अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

# छत्तीसगढ़ में बेतहाशा बिजली दर में बढ़ोतरी एवं लगातार कटौती को लेकर कांग्रेस का ब्लॉक स्तरीय धरना प्रदर्शन

■ **डॉक्टर खूबचंद बघेल ब्लॉक में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल,,,बढ़ती बिजली बिल को लेकर साय सरकार को घेरा**

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर पूरे प्रदेश में ब्लॉक स्तरीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया जा रहा है. छत्तीसगढ़ में लगातार बढ़ती हुई बिजली बिल की दरों एवं बिजली कटौती को लेकर यह प्रदर्शन किया गया,डॉक्टर खूबचंद बघेल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में भी यह प्रदर्शन आयोजित किया गया था जिसमें मुख्य रूप से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पहुंचे। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य के भाजपा सरकार के गलत नीतियों के कारण छत्तीसगढ़ में सरप्लस विद्युत आपूर्ति होने के बावजूद छत्तीसगढ़ में बिजली बिल की दरों में वृद्धि की गई, प्रदेश में बार-बार अघोषित रूप से बार-बार बिजली कटौती से आम जनता एवं किसान परेशान है, भूपेश बघेल ने मांग की है कि बढ़ी हुई बिजली की दरों को तत्काल रोका जाए और लगातार हो रही बिजली कटौती को भी विराम लगाया जाए। जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी प्रदेश प्रभारी महामंत्री मलकीत गेंदु शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गिरीश दुबे जी ब्लॉक के प्रभारी सुशील सन्नी अग्रवाल जी नगर निगम सभापति प्रमोद दुबे जी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष प्रशांत ठेगडी महेंद्र छाबड़ा सुशील आनंद शुक्ला पार्षद उत्तम साहू कमलेश नथवानी हसन आपदी वार्ड अध्यक्ष डॉ विष्णु राजपूत डोमेश शर्मा संदीप तिवारी नरेंद्र ठाकुर शेख सलीम नियाज जोहरी ब्रह्मा सोनकर भारती शर्मा ममता राय प्रीति सोनी लीला वैष्णो रोहित साहू एवं आदि हजारों की संख्या में उपस्थित थे।

# पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में डॉ. मेघेश तिवारी कार्य परिषद सदस्य मनोनीत

■ **आभार प्रकट करते हुए पूर्ण निष्ठा के साथ अपने दायित्व निर्वाहन की बात की**

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालय अधिनियम के अंतर्गत कुलाधिपति पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा प्राचार्य संवर्ग से विप्र महाविद्यालय के संस्थापक प्राचार्य एवं कोर कमेटी के सदस्य डॉ.मेघेश तिवारी को कार्य परिषद का सदस्य मनोनीत किया गया है।

कार्य परिषद सदस्य के रूप में डॉ.मेघेश तिवारी के मनोनयन पर कुलाधिपति के प्रति आभार प्रकट करते हुए विप्र शिक्षण समिति के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने बताया कि निजी महाविद्यालय की ओर से कार्य परिषद सदस्य के रूप में अवसर प्रदान करने के लिए विप्र महाविद्यालय परिवार उनके प्रति आभारी है । सन 1996 से शिक्षा के क्षेत्र में नवीन मापदंड स्थापित करने वाले विप्र महाविद्यालय के लिए यह गौरव की बात है।विप्र कॉलेज के संस्थापक प्राचार्य डॉ .मेघेश तिवारी ने भी आभार प्रकट करते हुए पूर्ण निष्ठा के साथ अपने दायित्व निर्वाहन की बात की । शा. नागार्जुन विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीसी चौबे को भी कार्य परिषद का सदस्य मनोनीत किया गया है।

# रेल्वे रिजर्वेशन काउन्टर का समय बढ़ाकर सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक किया जाय

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ़ कॉमर्स राजहरा इकाई ने, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक से निवेदन किया है कि दल्ली राजहरा एवं आसपास के क्षेत्रों के विकास के लिये आवागमन के साधन सुचारू व पर्याप्त उपलब्ध होना चाहिए, जो कि यहाँ के क्षेत्र में उपलब्ध नहीं है। आवागमन के लिए रेल्वे अच्छा साधन है। इस बात को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित माँगों को पूरा कर अनुग्रहित करें। चेंबर के नगर अध्यक्ष शंकर लाल कुकरेजा ने कहा कि दुर्ग से इतवारी तक चलने वाली ट्रेन को दल्ली राजहरा से चालू कराया जाये, क्योंकि यह ट्रेन दुर्ग में काफी समय तक खड़ी रहती है। इसलिये उसे दल्ली राजहरा से चालू कराने में रेल्वे विभाग को कोई परेशानी नहीं होना चाहिए जिससे इस क्षेत्र के लोग भी मध्य भारत से जुड़ जायेंगे। कोरबा से रायपुर चलने वाली एक्सप्रेस को भी दल्ली राजहरा से चलाया जा सकता है। वह भी रायपुर में बहुत देर तक खड़ी रहती है, इस ट्रेन के जरिये यहाँ के नागरिक न्यायधानी बिलासपुर से जुड़ जायेगे।

दल्ली राजहरा से चन्द्रपुर रेल्वे लाईन के लिए जिसकी पूर्व में सर्वे हो चुका है उसे जल्द ही चालू कराकर ट्रेन चलाई जाये। रेल्वे रिजर्वेशन काउन्टर का समय बढ़ाकर सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक किया जाये। दल्लीराजहरा से दुर्ग जाने वाली तीन दिवसीय ट्रेन को प्रतिदिन करने तथा इसे सुबह 8 बजे छूटने का समय किया जाए। इस पर, रेलवे महाप्रबंधक ने चेंबर संगठन के, प्रतिनिधि , को आश्वासन दिया कि, इन मांगों पर यथाशीघ्र सका सकारात्मक कार्रवाई की जाएगी ज्ञापन देने के समय चेंबर के राजा डहरवाल, जासवाल, अमित जायसवाल, बंटू लोहिया आदि लोग उपस्थित थे।

# शहर की विभिन्न विषयों पर जानकारी ली एवं समस्याओं के निराकरण की बात कही

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



जगन्नाथ रथ यात्रा में सम्मिलित होने दल्ली राजहरा पहुंचे कलेक्टर इंद्रजीत चंद्रावल वापसी के दौरान जैन भवन चौक पर जन चर्चा दौरान शहर की विभिन्न विषयों पर जानकारी ली एवं समस्याओं के निराकरण की बात कही। दल्ली राजहरा उत्कल समिति के तत्वाधान में आयोजित महाप्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा में सम्मिलित होने के लिए जिला कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रावल, अपर सचिव चंद्रकांत कौशिक दल्ली राजहरा पहुंचे थे । रथ यात्रा से गंतव्य वापसी जाने के लिए जैन भवन चौक के पास अपनी गाड़ी का इंतजार कर रहे वहां मुख्य महाप्रबंधक आर बी गहरवार, अनुभागीय अधिकारी सोनकर, भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी, महामंत्री मदन मायती महामंत्री महेंद्र सिंह गौतम बेहरा निलेश वास्तव, जीवन साहू, चन्द्रकात चोपड़े, सागर गंजीर सहितअन्य नागरिक उपस्थित थे। चर्चा के दौरान राकेश द्विवेदी ने दल्ली राजहरा में स्वास्थ्य संबंधित सुविधाओं के आभाव की जानकारी दी। उन्होंने 50 बिस्तर अस्पताल में स्टाफ और सुविधा की कमी के संबंध में बताया द्य कलेक्टर चंद्रवाल ने कहा कि दल्ली राजहरा में संचालित अस्पताल मैं स्टाफ की संख्या बढ़ाने के लिए प्रक्रिया शुरू की जा रही हैं जल्द ही वहां जरूरी सामानों की पूर्ति के लिए भी प्रयास किया जाएगा। कलेक्टर ने मुख्य महाप्रबंधक गहरवार ने बी एस पी द्वारा संचालित अस्पताल के संबंध में बताया कि बीएसपी राजहरा अस्पताल को स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्य कर रहे बड़े संस्थानों से संचालन के संबंध में चर्चा चल रही है शीघ्र ही वह प्रक्रिया भी पूर्ण कर ली जाएगी वर्तमान में भिलाई से सप्ताह में कुछ दिनों के लिए स्पेशलिस्ट डॉक्टर को बुलाया जा रहा है दल्ली राजहरा में बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के लिए प्रयास किया जा रहा है। केंद्रीय विद्यालय के संबंध में उन्होंने बताया कि नए सिरे से सर्वे करा कर दल्ली राजहरा में ही केंद्रीय विद्यालय बनाने के लिए सरकार से अनुशंसा की जाएगी । बाईपास रोड के लिए नए सिरे से सर्वे कराया जा चुका है द्य इसके लिए भी बहुत जल्द ही काम चालू होने की उम्मीद है । बीएसपी कर्मचारियों ने बात रखी की राजहरा में रोड के किनारे विभिन्न प्रकार के भारी वाहन खड़े रहते हैं द्य जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है इस संबंध में उन्होंने कहा कि परिवहन संघ, व्यापारी संघ नगरपालिका और प्रशासन की संयुक्त बैठक, की गई है एवं कई व्यापारियों को नोटिस भी जारी किया जा चुका है द्य रोड पर खड़ी गाड़ी मालिकों को समझाइश दी जा रही है एवं टायर लॉक करने की भी भी की जा रही है। कुछ लोगों के द्वारा जब दल्ली राजहरा की बीएसपी क्षेत्र में अतिक्रमण की बात कहने पर कहा की मुख्य महाप्रबंधक की ओर से अनुभागीय अधिकारी को पत्र प्रेषित किया जाएगा जिससे प्रशासन की ओर से सड़क के आसपास होने वाले अवैध निर्माण को अति शीघ्र ही तोड़कर रोड को अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा ।

# आयुक्त ने शंकरनगर चैपाटी क्षेत्र का निरीक्षण कर सफाई पर विषेश ध्यान देने एवं गंदगी फैलाने वालो पर जुर्माना करने के निर्देष दिये

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com





नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त अबिनाष मिश्रा ने नगर निगम जोन 3 के शंकरनगर वार्ड क्षेत्र के तहत शंकरनगर चैपाटी क्षेत्र की सफाई व्यवस्था का प्रत्यक्ष अवलोकन जोन 3 कमिष्नर प्रिती सिंह उपअभियंता नरेष साहू की उपस्थिति में किया। आयुक्त ने शंकरनगर चैपाटी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था पर विषेष ध्यान रखने के निर्देष दिये। आयुक्त ने सभी दुकानदारों को अपनी दुकान में कचरा रखने डस्टबीन अनिवार्य रूप से रखने एवं कचरा प्रतिदिन नियमित निगम के सफाई मित्र को देने हिदायत देने के निर्देष दिये। आयुक्त ने चैपाटी क्षेत्र में गंदगी व कचरा फैलाने वालो पर जुर्माना की कार्यवाही करने के निर्देष दिये। आयुक्त ने नागरिको एवं दुकानदारों को कचरा सडक पर नहीं डालने एवं स्वच्छता कायम रखने समझाईश देने के निर्देष दिये ।

## 9 महीनों में 20 भारतीय शहरों में विशेष सीएसआर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे

# रायपुर में मोटुल ने ऑटो मैकेनिकों के लिए सेहत की समृद्धि पहल की शुरुआत की

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




भारत में प्रीमियम, हाई-परफॉर्मेंस इंजन ऑयल एवं इंडस्ट्रियल ल्यूब्रिकेंट का निर्माण करने वाली प्रमुख कंपनी, मोटुल इंडिया ने अपनी सीएसआर पहल, 'मोटुल सेहत की समृद्धि' की शुरुआत की है। इस पहल का उद्देश्य ऑटो मैकेनिकों, उनके परिवार के लोगों और समुदाय के सदस्यों के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता को सुविधाजनक बनाना है, जिसके तहत 6 जुलाई, 2024 को रायपुर में शिविर का आयोजन किया, जिसके बाद तीन और अनुवर्ती स्वास्थ्य शिविर होंगे।। यह भारत के 20 शहरों में स्वास्थ्य जांच सेवाओं के लिए बड़े पैमाने पर आयोजित शिविरों की श्रृंखला का शिविर है। मोटुल इंडिया की अगुवाई में स्माइल फाउंडेशन के साथ मिलकर शुरू की गई यह पहल जून 2024 से मार्च 2025 तक जारी रहेगी, जिसमें पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, असम, ओडिशा, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के प्रमुख क्षेत्र शामिल होंगे। चिकित्सा सेवाओं तक सीमित पहुँच वाले समुदायों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराने के साथ-साथ सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं पर दबाव को कम करने के उद्देश्य से इस पहल की शुरुआत की गई है। आने वाले 9 महीनों के दौरान 80 स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिनसे लगभग 16,000 लाभार्थियों को बड़े पैमाने पर चिकित्सा देखभाल की सुविधा मिलेगी। इससे इलाज पर उनकी जेब से होने वाला खर्च काफी कम हो जाएगा, घर-घर स्वास्थ्य की सेवाओं पहुँच का दायरा बढ़ेगा और कुल मिलाकर समुदाय के सदस्यों के बीच सेहतमंद ज़िंदगी जीने की आदतों को बढ़ावा मिलेगा। इस मौके पर मोटुल इंडिया एवं साउथ एशिया के सीईओ, नागेन्द्र पाई ने कहा, ÷हमने देश भर में ऑटो मैकेनिक और उनके परिवारों की खुशहाली को बढ़ावा देने के इरादे से सेहत की समृद्धि की शुरुआत की है। हम चाहते हैं कि स्वास्थ्य सेवाओं की सहज उपलब्धता के साथ उनका जीवन सकारात्मक रूप से बेहतर हो। हम स्माइल फाउंडेशन के साथ मिलकर, और समाज पर बड़ा प्रभाव डालने वाली परियोजनाओं को लागू करने में उनकी विशेषज्ञता के साथ, हम समुदाय में उन लोगों की सेहत की परवाह करने वाला रवैया विकसित करना चाहते हैं, जो मोटर-वाहन उद्योग का सबसे बड़ा सहारा हैं। स्माइल फाउंडेशन के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, पुनीत बाली ने कहा, ÷स्माइल फाउंडेशन में, हम सकारात्मक बदलाव लाने के लिए एकजुटता की ताकत में यकीन रखते हैं। 'सेहत की समृद्धि' पहल के लिए मोटुल के साथ हमारी साझेदारी इस बात की मिसाल है। हम इस साझेदारी के ज़रिये ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री की सप्लाई चेन के सबसे अहम सदस्यों के समूह यानी ऑटो मैकेनिक और उनके परिवारों तक पहुँच रहे हैं, और यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि उन्हें बेहतर गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध हों। हम सब मिलकर बदलाव ला रहे हैं। इस परियोजना की मुख्य गतिविधियों में योग्य चिकित्सा-कर्मियों और पैरा-मेडिकल कर्मचारियों की पहचान करना और उनकी सेवाओं का उपयोग करना, तथा स्थानीय डीलरों, रिटेलर्स एवं सेल्स टीमों के सहयोग से समुदाय को इस पहल से जुड़ने के लिए प्रेरित करना शामिल है। इस पहल के तहत स्माइल स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा।


**कार्यालय तहसीलदार दाढी, जिला–बेमेतरा (छ.ग.)**

क्र/45/निर्वा./वार्ड परिसीमन/न.पा.दाढ़ी/2024 बेमेतरा दिनांक 08.07.2024

// प्रपत्र //

नियम 07 देखिए

**नगर पंचायत क्षेत्र दाढ़ी के वार्डो की सीमाओं के अवधारणा संबंधी प्रस्तावों के प्रकाशन की सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि, नगर पंचायत दाढी क्षेत्र को 15 वार्डो में विभाजित करते हुए प्रत्येक वार्ड की सीमा निर्धारण संबंधी प्रस्ताव तैयार किये गये है, जो तहसीलदार दाढी कार्यालय एवं नगर पंचायत दाढी कार्यालय में कार्यालयीन समय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध है।

उक्त प्रस्तावों के संबंध मे कोई आपत्ति या सुझाव इस सूचना की तारीख से सुझाव दिनांक 09.07.2024 से 15.07.2024 (07 दिन) तक लिखित रूप में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत किये जो सकेंगें।

स्थान-दाढी
दिनांक-08.07.2024

(सीताराम कंवर)
तहसीलदार
एवं नाम निर्दिष्ट अधिकारी
दाढी, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

मुहर



HOSPITAL H

**कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिलाचिकित्सालय, दन्तेवाड़ा जिला - दक्षिण बस्तर, दन्तेवाड़ा (छत्तीसगढ़)**

दूरभाष / फैक्स कमांक :-07856-252830 ई मेल :- cs.dantewada@gmail.com

क्रमांक/सिस/अ.प्र./2024/542 दन्तेवाड़ा दिनांकः- 01/07/2024

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, जिला चिकित्सालय दन्तेवाड़ा (छ.ग.) की ओर से वर्ष 2024-25 के निविदा खुलने की तिथि से एक वर्ष के लिये सुरक्षा सेवाएँ कार्य हेतु इच्छुक सुरक्षा एजेंसी से मुहरबंद लिफाफा में निविदा आंमत्रित की जाती है। पृथक-पृथक का निविदा प्रपत्र अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से आवेदन संहित रू. 500.00 (पॉच सौ रूपये) डी.डी. जीवन दीप समिति जिला चिकित्सालय दन्तेवाड़ा के नाम से जमा कर निविदा सूचना Online "dantewada.nic.in" में भी देखी जा सकती है। कार्यालयीन अवधि में दिनांक 01.07.2024 से दिनांक 22.07.2024 तक निविदा फर्म प्राप्त किया जा सकता है।

01. निविदा फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि 22.07.2024 संध्या 5.00 बजे तक।
02. निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 23.07.2024 संध्या 5.00 बजे तक।
03. निविदा फार्म खोलने की तिथि 24.07.2024 संध्या 4.00 बजे।

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला चिकित्सालय दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

G-242500953/4

# निगम में गली-गली, नाला-नाली तक भ्रष्टाचार

# निगम में सफाई के धंधे में सबके हाथ गंदे... 409 की कलेक्टर दर, प्लेसमेंट का टेंडर 490 में, मजदूरों को मिल रहे 250, रोज 30 हजार अंदर, सप्लायर की आड़ में लाखों का भ्रष्टाचार

**निगम में अब 200 प्लेसमेंट मजदूर, इन्हें कलेक्टर दर पर भुगतान के दावे खोखले... सांठगांठ में अधिकारी शामिल, सफाई ठेके में भी यही हुआ, निगम के सफेदपोशों ने ठेकों की आड़ में जेब गरम की, हर साल मजदूरों के लाखों रुपए पार्षद हजम कर गए, फिर इसी की तैयारी**

विक्रम बाजपेयी < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



पायनियर एक्सक्लूसिव

शहर की गंदगी से नहीं बल्कि इसे समेटने वाले हाथों से उनकी रोजी छिनकर सुकून पाने वाले नेताओं, अफसरों को शर्म नहीं आ रही। शहर में चहूं ओर गंदगी पसरी है और इसके स्थाई उपाय के बजाए नेता आपसी बंटवारे में उलझे हुए हैं। खुद को हीरो साबित करने की आड़ में आयुक्त ऐसे निर्णय ले रहे हैं जिसमें लाखों का गबन पहले से ही हो रहा है। वे खुद सांठगांठ के आरोपों से घिर रहे हैं। जीरो टॉलरेंस और मितव्ययता पर नियंत्रण को अपनी प्राथमिकता बताने वाली सरकार के नुमाईंदे गरीब से उसकी रोटी और शहर से उसकी खूबसूरती छीनने पर सिर्फ इसलिए आमादा हैं कि... ये उनका कालाधंधा बन चुका है।

शहर की सफाई अब नागरिकों की मूलभूत आवश्यकता नहीं बल्कि सिस्टम में शामिल खलनायकों के भ्रष्टाचार का सबब बन गई है। इस भ्रष्टाचार में पिस रहे हैं सफाई नायक और शहरवासी। सफाई नायक वो जो जान का जोखिम लेकर नालियां साफ कर रहें, गंदगी में खुद को झोंक कर शहर को साफ करने का जिम्मा उठा रहे हैं। खलनायक वो हैं जो इनकी रोजी-मजदूरी में डाका डाल रहे हैं।

असल में नगर में सफाई ठेके के नाम पर सांगठनिक आर्थिक अपराध को अंजाम दिया जा रहा है। इसमें सभी शामिल हैं। पार्षद, नेता प्रतिपक्ष, महापौर या आयुक्त... निगम का हर जिम्मेदार शख्स इस पर चुप है क्यूंकि सभी सफाई नायकों का शोषण कर किए जा रहे भ्रष्टाचार की मूल जड़ से जुड़े हुए हैं। दूसरी ओर राजस्व की कमी से जूझने वाले निगम को इस घपले से हर महीने लाखों रुपए की चपत लग रही है।

सफाई के धंधे को समझना सबसे पहले जरुरी है। निगम प्लेसमेंट एजेंसी को बीते मार्च में स्वीकृत टेंडर के हिसाब से 490 रुपए प्रति मजदूर की दर पर भुगतान करता है। ऐसे लगभग 100 कर्मी सफाई कार्य में संलग्न है। इन मजदूरों को कलेक्टर दर की रकम मिलनी चाहिए जो कि 409 रुपए है लेकिन आज तक मजदूरों को सिर्फ 250 रुपए की मजदूरी ही दी जा रही है। इस तरह यहां रोज 15 हजार 900 रुपए की घपलेबाजी हो रही है। यह आंकड़ा में एक महीने में 04 लाख 77 हजार रुपए होता है।

09 जुलाई, 2024 से कलेक्टर दर पर ही 100 और मजदूरों को काम पर लगाया गया है। आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने इसके लिए कलेक्टर दर पर भुगतान की बात कही है। लेकिन ये दावे खोखले और झूठे हैं। एक बार फिर ये मजदूर प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से जुटाए गए हैं। काम पर लौटे मजदूर कर्मियों को 250 रुपए की मजदूरी दिया जाना ही तय किया गया है। कुल मिलाकर यहां भी 15 हजार 900 रुपए रोजाना सिस्टम के कारिंदों के खाते में जाने वाले हैं।

बताया जाता है कि, मौजूदा प्लेसमेंट कंपनी एक दशक से ज्यादा वक्त से निगम में मजदूर सप्लाई का काम कर रही है जो कि किसी सतीश अन्ना के माध्यम से चलाई जा रही है। बताया जाता है कि, इस एजेंसी संचालक की जान-पहचान निगम में पहले और अब के सभी बड़े चेहरों से हैं। बड़े नेताओं से भी इनके ताल्लुक हैं।

## आयुक्त नहीं चाहते ठेका हो, प्लेसमेंट की आड़ में लाखों का वारा-न्यारा



देखा जाए तो पूर्व से सफाई ठेके में संलग्न 100 सफाई कर्मी और अब बढ़ाए गए 100 मजदूरों को मिलाकर 200 मजदूरों की हक की रोजी में डाका डाला जा रहा है। आशंका है कि, प्लेसमेंट मजदूरों को बढ़ाकर आर्थिक अपराध की साजिश रची गई है। इसके लिए प्लेसमेंट का रास्ता चुना गया है। इसमें आयुक्त, प्लेसमेंट एजेंसी के संचालक और कुछ नेताओं की भूमिका सामने आ रही है। निगम के अंदरखाने से जो खबर निकलकर सामने आ रही है उसके मुताबिक आयुक्त गुप्ता चाहते ही नहीं कि सफाई ठेका हो, कुछ नेता भी ऐसा ही चाहते हैं। वे प्लेसमेंट मजदूरों से काम लिए जाने का मन बनाए हुए हैं। सफाई के इस धंधे में दिख रहा लाखों का फायदा भी इसकी वजह हो सकता है। आयुक्त की इस मानसिकता से सफाई ठेका चलाने वाले नेताओं की चिंता बढ़ गई है।

## सफाई ठेके की होड़ इसी भ्रष्टाचार के लिए

वार्डों में सफाई ठेके की होड़ इसलिए ही लगी हुई है कि इससे बड़ा मुनाफा कमाया जा रहा है। सफाई मजदूरों का आर्थिक शोषण कर इसे अंजाम दिया जाता है। कई वार्डों में तो स्वीकृत संख्या से कम मजदूरों से काम लिया जाता है और अपने परिजन, परिचितों के नाम मस्टर रोल में डालकर रकम ली जाती है। वास्तविक मजदूरी मांगने पर मजदूर को काम से लौटा दिया जाता है। बड़ी बात यह है कि समूहों के नाम पर ये ठेके पार्षदों द्वारा चलाए जाते हैं। इसके लिए निगम में बकायदा कांग्रेस और भाजपा के बीच समझौता और बंटवारा होता आया है।

## 10-15 साल से काम कर रहे, पहले 4 हजार मिलते थे अब साढ़े छह हजार



पायनियर ने सीधे मजदूरों से बात की। वार्ड नंबर 6 में मंगलवार से सफाई शुरु हुई है। कांग्रेस के इस वार्ड में अब तक प्लेसमेंट एजेंसी के मजदूर ही काम कर रहे थे। यहां सफाई में जुटे विकास भारती, गोपाल निषाद, हरिलाल साहू, प्रदीप यादव, विनय निषाद से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें महीने के 6 हजार 500 रुपए ही दिए जा रहे हैं। इनमें से कुछ 10 से 15 सालों से सफाई का काम कर रहे हैं। पहले इन्हें 4 हजार रुपए ही दिए जाते थे। वार्ड नं. 07 में भी मनीष तुरकेल, किशन नायक, पवन बन्नड, रतज खांडेकर, राहुल बेहरा सफाई करते मिले। इन्होंने बताया कि, आज से ही काम पर लौटे हैं। सुबह टांकाघर बुलाया गया था जहां से काम पर भेजा गया है। जितनी रोजी मिलती थी, उतनी ही रोजी अब भी मिलेगी। उन्होंने बताया कि, उन्हें हमेशा 250 रुपए ही दिए जाते हैं। वार्ड नं. 15 में भी प्लेसमेंट एजेंसी के लोगों ने 09 जुलाई से काम शुरु किया है। वार्ड नं. 13 गौरीगनर में भी आज 12 सफाई कामगार पहुंचे। यहां 10 दिनों से सफाई व्यवस्था बेपटरी थी। यहां के मजदूरों ने भी 250 रुपए ही दिए जाने की बात कही।

## अब आपा-धापी, बंटवारे को लेकर जद्दोजहद

वार्डों के सफाई ठेके को लेकर निगम में कांग्रेस और भाजपा के धड़े में आपाधापी मची हुई है। 08 जुलाई को आयुक्त ने प्लेसमेंट के 100 मजदूरों को बुलाने के निर्देश दिए तो दोनों दलों के कान खड़े हो गए। वे नहीं चाहते कि प्लेसमेंट के माध्यम से काम हो। इस तरह पूरा फायदा अधिकारी और प्लेसमेंट एजेंसी ले उड़ेंगे। सफाई ठेके के मसले पर हल निकालने के लिए आज महापौर ने पार्षदों की बैठक बुलाई है। दूसरी ओर भाजपा पार्षदों ने भी बैठक की है। दोनों ही बैठकों में जल्द निर्णय लिए जाने को लेकर चर्चा हुई है। मूल रुप से मामला ठेकों के बंटवारे पर अटका हुआ है।

## रकम खाते में ट्रांसफर न कोई रसीद

सालों से प्लेसमेंट के माध्यम से सफाई का काम कर रहे मजदूरों का वेतन नगद बांट दिया जाता है। इसकी कोई रसीद भी नहीं दी जाती। भुगतान बैंक के माध्यम से न होने के चलते इनके ईपीएफ, ईसीएफ की राशि भी नहीं दी जा रही है। प्लेसमेंट एजेंसी की आड़ में सालों से ये गोरखधंधा चल रहा है। बात निकलकर आती है कि, सत्ता सरकार के नेताओं के इशारे पर प्लेसमेंट को काम मिलता है। इस सांठगांठ में निगम के अधिकारी भी शामिल रहते हैं। आंकड़ों में ये साबित हो ही चुका है कि इससे हर महीने लाखों रुपए डकार लिए जाते हैं। सफाई मजदूरों के हक का ये पैसा सिस्टम के दीमक खा रहे हैं।

## क्या हो सकता है...

उपाय है कि प्लेसमेंट और ठेके पर काम करने वाले मजदूर अपनी सहकारी समिति बनाएं। इससे वे सीधे निगम से पैसे लेने के हकदार हो जाएंगे। निगम मस्टर रोल में मजदूरों को शामिल नहीं करेगा। ऐसा करने पर तीन महीने बाद कामगार के अधिकार बढ़ जाते हैं। प्लेसमेंट की धमकियां और उसकी रोजी में डाका डाले जाने का सिलसिला खत्म नहीं होता दिखता। भ्रष्टाचार की इस चेन को खत्म करने सिस्टम को सुधारने की भी जरुरत है जो कि प्रशासन के हाथों में है। अगर प्लेसमेंट मजदूरों का भुगतान बैंक खातों के माध्यम से शुरु कर दे तो भी यह समस्या खत्म हो जाएगी। इसके लिए निगम अपने टेंडर में एजेंसी के लिए शर्त जोड़ सकती है कि कार्य में संलग्न मजदूरों का भुगतान बैंक के माध्यम से करने बाध्य होगी। इन उपायों के बीच मजदूरों की एकता ही एक जरिया है जो उन्हें न्याय दिला सकता है। श्रम विभाग भी इस मामले में कार्रवाई के लिए सक्षम है। मामला अगर वहां जाता है तो प्लेसमेंट पर कड़ी कार्रवाई हो सकती है।

मजदूरों को उनका अधिकार मिलना चाहिए अगर ऐसा नहीं हो रहा है तो ये गलत है। निगम से प्लेसमेंट को क्या भुगतान हो रहा है... इसका क्या सिस्टम है ये तो आयुक्त ही बता पाएंगे।
**-हेमा देशमुख,** महापौर

प्लेसमेंट के मजदूरों को अगर कलेक्टर दर पर भुगतान नहीं किया जा रहा है तो ये गलत है। मैं इस मामले की जांच के लिए निगम कमिश्नर को पत्र लिखूंगा।
**-किशुन यदु,** नेता प्रतिपक्ष नगर निगम

100 मजदूरों को प्लेसमेंट के माध्यम से संलग्न किया गया है। ये वैकल्पिक व्यवस्था है। मजदूरों के लिए कलेक्टर दर पर भुगतान किए जाने का निर्णय लिया गया है।
**- यूके रामटेके,** ईई, नगर निगम

पहले दिन 50 मजदूर वार्डों में आए हैं। प्लेसमेंट के माध्यम से मजदूर सफाई के लिए बढ़ाए गए हैं। कल से 100 मजदूर काम करेंगे।
**- राजेश मिश्रा,** स्वास्थ्य अधिकारी, निगम

मजदूरों को कलेक्टर दर पर भुगतान की मांग बहुत पुरानी है। हम कई बार अधिकारियों को चेता भी चुके हैं। पर ऐसा हो नहीं रहा है। जो अपने हक का पैसा मांगते हैं उन्हें प्लेसमेंट से हटा दिया जाता है। जिन 100 लोगों को नई व्यवस्था के तहत रखा जा रहा है उसमें भी महिलाओं को जगह नहीं दी जा रही। हम हमारे लोगों के हक लिए लड़ाई लड़ेंगे और एकता का बल दिखाएंगे।
**- गोलू नायक,** अध्यक्ष, सफाई यूनियन

# विद्युत विभाग की लापरवाही से बालक की मौत : विधायक

■ विद्युत शुल्क को लेकर कांग्रेस का एक दिवसीय धरना

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com




नगर में पीसीसी के प्रदेशव्यापी आव्हान पर विद्युत शुल्क इजाफे के खिलाफ धरना आयोजित हुई। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में आयोजित धरना सभा मे विधायक दलेश्वर साहू एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भागवत साहू मुख्य वक्ता बतौर सम्मिलित हुए। इस दरम्यान वक्ताओं ने विद्युत विभाग की जमकर निंदा करते हुए खुले मंच से उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। दरअसल राज्य में विद्युत आपूर्ति सरप्लस होने के बावजूद विद्युत दर में भारी वृद्धि की गई। प्रदेशभर में बार बार अघोषित बिजली कटौती से जनता व किसान वर्ग को अधिक परेशानी हो रही है। इस पर तत्काल कार्यवाही करके विद्युत शुल्क कम करने की मांग को लेकर कांग्रेसी धरने पर बैठे। साथ ही भाजपा सरकार पर विद्युत विभाग को संरक्षण देने का आरोप लगाया। विधायक ने अपने वक्तव्य में ग्राम बाकल के 5 वर्षीय बालक दिलेश्वर साहू की करंट लगने से मृत्यु होने का जिक्र करते हुए विद्युत मंडल की घोर लापरवाही करार देते हुए अपना आक्रोश जाहिर किया। सभा को भागवत साहू, मदन साहू, विरेंद्र बोरकर, संध्या साहू सहित अन्य ने भी संबोधित किया। तदपश्चात कलेक्टर के नाम एसडीएम को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके पर चेतन साहू, सोनूराम साहू, सुयश नाहटा, रोशन यदु, संजय संचेती, कमल वैष्णव, वैशाली बोरकर, अखिलेश नखत, मुरली निषाद, प्रदीप रत्नाकर, रवि शुक्ला व महेंद्र वैष्णव सहित कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## 3 साल से फरार आरोपी को बिलासपुर से पकड़ लाई कोतवाली पुलिस




**राजनांदगांव।** तकरीबन 3 सालों से फरार आरोपी का कोतवाली पुलिस ने बिलासपुर से धर दबोचा है। जमीन और मकान दिलाने का झांसा देकर व्यक्ति ने 30 लाख ठग लिए थे। इसके बाद से वह फरार था। कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि, आरोपी शशांक निवाणी (40) को बिलासपुर के सरकंडा से गिरफ्तार किया गया है। वर्ष 2021 में उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि, प्रार्थी सुजीत कुमार सिंह (40) से 10.10.2019 से 07.02.2020 के मध्य आरोपी से जमीन-मकान खरीदने को लेकर प्रार्थी ने बातचीत की थी। शशांक ने पहले अपने मकान के बाजू वाला मकान को बिक्री हेतु होना बताया उसके बाद प्रार्थी को कौरिनभाठा स्थित प्लाट को अपना बताकर 80 लाख रुपये में सौदा तय कर लिया। इस एवज उसने 30 लाख रुपये भी ले लिए। इसके बाद जब मामले की सच्चाई सामने आई तो उसने रुपये वापस लौटाने के लिए इकरानामा करने के बाद भी पैसे नहीं दिए। अपराध दर्ज किए जाने के बाद से ही वह फरार हो गया। जिसे पुलिस बिलासपुर के सरकंडा से ढूंढकर लाई है।

# किसान परेशान, सहूलियत कराने मुख्यमंत्री से मुलाकात

पायनियर संवाददाता < छुरिया
www.dailypioneer.com



केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना भारत माला परियोजना के अंतर्गत रायपुर से हैदराबाद एक्सप्रेस निर्माण के चलते राजनांदगांव जिले के लगभग 42 गाँव एवं खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के 18 गांवो में बंटाकन, सीमांकन, नामांतरण एवं रजिस्ट्री, खरीदी, बिक्री जैसे राजस्व मामले प्रभावित है। इससे किसान परेशान व पीड़ित है। उक्त संबंध में खुज्जी विधानसभा के जिला युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर शीघ्र निराकरण हेतु आग्रह किया ताकि आम जन को सहूलियत हो। भारत माला परियोजना से इस क्षेत्र को जोड़ने के लिए क्षेत्र के सांसद संतोष पांडे की अहम भूमिका रही है जिससे पूरे क्षेत्र का उत्तरोत्तर विकास होगा। उक्त संबध में मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया शीघ्र ही जनसामान्य को उक्त विषय में लाभ मिलेगा। उक्त मुलाकात में मुख्यमंत्री से जिला मंत्री भाजयुमो अनंत तिवारी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी नवीन साहू , हिमांशु साहू उपस्थित थे। उक्त मुलाकात में अनन्त तिवारी ने उमरवाही से गुंडरदेही मार्ग को चौड़ीकरण कराने की भी बात मुख्यमंत्री से कही जो लंबे समय से अटकी हुई है। उक्त मार्ग के लिए 11 ग्राम पंचायतों के सरपंच व आम लोगो ने कड़ी मेहनत की परंतु 5 वर्ष कांग्रेस सरकार में सड़क का कोई काम नहीं हुआ। अब भाजपा सरकार से मांग करते हुए इस सड़क के लिए ज्ञापन पत्र सौंपा गया है। मुख्यमंत्री ने उक्त विषयो पर गंभीरता से सुनकर आश्वस्त किया और कहा कि 'हमर आदिवासी अंचल में जल्दी सुविधा पहुंचाए के दर्शन प्रयास करबो'।

## चक्काजाम में अफसरों व पत्रकारों से हुई बदसलूकी

# एबिस की पार्किंग में मौत से स्टेट हाइवे में चक्काजाम, मुख्यमंत्री कोष एवं 3 पक्षों से मुआवजे से मार्ग बहाल

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



स्टेटहाइवे में डोंगरगांव नगर समीप झींका स्थित आईबी ग्रुप के एबिस फैक्ट्री के पार्किंग में ट्रक के चपेट में एक बालक की आने से मौत हो गई। उद्वेलित ग्रामीणों ने सुखरी चौक में सोमवार दोपहर 3 बजे स्टेटहाइवे में मेगा चक्काजाम कर दिया। प्रशासनिक नुमाइंदों द्वारा चक्काजाम हटाने कोशिश कमतर साबित हुई। अंततः सत्तापक्ष के नेता द्वारा मुख्यमंत्री कोष से सहायता दिलाने आश्वासन से चक्काजाम रात्रि 8 बजे खत्म हुआ।

दरअसल राजनांदगांव मानपुर स्टेटहाइवे में झींका स्थित आईबी ग्रुप के एबिस फैक्ट्री में सोमवार को दोपहर डेड़ बजे ट्रक पार्किंग दरम्यान एक बालक ट्रक की चपेट में आ गया। बालक अंशुल 17 वर्ष, पिता दिनेश निषाद, साकिन बरसनटोला अपने बड़े पिताजी रोमेश निषाद के अस्थाई ठेले खोमचे में पेयजल हेतु सायकिल के सहारे पानी ला रहा रहा था, तभी अकस्मात ही मध्यप्रदेश से पहुंचे ट्रक एमपी 20 जेडएम 9418 के आगे पीछे करने दौरान बालक चपेट मे आ गया। इससे बालक अंशुल की ट्रक के पहिये में दबने से मौके पर ही मौत हो गई। इस दरम्यान फैक्टी के इर्दगिर्द मौजूद ग्रामीण मजदूर उद्वेलित हो उठे। हालांकि मृत बालक को पोस्टमार्टम हेतु डोंगरगांव नगर भेज दिया गया। ट्रक व ड्राइवर को पुलिस कस्टडी में ले लिया गया। पुलिस ने घटना में 106 के तहत मामला दर्ज किया है। इधर घटना से आक्रोशित मजदूरों व संबंधित बरसनटोला के ग्रामीणों ने मृतक की बहन व पिता के साथ स्टेटहाइवे में लगभग 3 बजे चक्काजाम कर दिया। चक्काजाम में बरसनटोला के अलावा घटनास्थल ग्राम झींका व सुखरी सहित फैक्ट्री से प्रभावित आसपास के गांवों के ग्रामीण भी शामिल हो गए। चक्काजाम में शामिल मृतक के परिजन व ग्रामीण मृतक बालक के शव को सौंपने, ट्रक मालिक को मौके पर ही बुलाने, आईबी ग्रुप एबिस के मालिक बहादुर अली को मौके ओर बुलाने, मेनरोड से झींका मार्ग पुनर्निर्माण व एक करोड़ मुआवजे की मांग करते हुए शासन प्रशासन के खिलाफ मुदार्बाद के नारेबाजी करने लगे। इस दरम्यान कुछ युवक मृतक परिवार के आड़ में बेहद उत्तेजित होकर बदसलूकी व गालीगलौज में उतर आए थे। चक्काजाम स्थल में एसडीएम मनोज मरकाम, एसडीओपी दिलीप सिसोदिया, तहसीलदार पीएल नाग, टीआई शाह व नायब तहसीलदार झरना राजपूत के अलावा कुछ अन्य थानों के टीआई भी मोर्चेबन्द हो गए थे। सभी ने मार्ग से हट जाने अपील की। पत्रकारगण भी कुछ मेडिकल मामलों व विद्यार्थियों को लेकर ग्रामीणों से हटने आग्रह करते रहे। इस दरम्यान कुछ लोग शराब के नशे में अफसरों व मीडिया से ही उलझ पड़े।

## मुख्यमंत्री की मदद से मार्ग बहाल

दरअसल शाम 6 बजे सत्तापक्ष से क्षेत्रीय नेता दिनेश गाँधी चक्काजाम स्थल पहुंचे थे। उन्होंने अफसरों व ग्रामीणों की बातें सुनने के उपरांत मुख्यमंत्री निवास में बात की। उन्होंने सीएम की ओर से ढाई लाख देने आश्वासन दिया। गांधी ने मृतक परिवार को एबिस के एमडी बहादुर अली से एक लाख, ट्रक मालिक से 50 हजार सहित प्रशासन से 25 हजार तात्कालिक सहायता दिलाई।

## चक्काजाम को लेकर एफआईआर

सुखरी चौक में सोमवार को चक्काजाम हुआ था। इस दरम्यान अफसरों व पुलिसबल सहित मीडिया से भी बदसलूकी हुई थी। पुलिस ने चक्काजाम को अंजाम देने वाले लगभग 30 से अधिक लोगों पर एफआईआर दर्ज करने की खबर है। वहीं मीडिया की ओर से भी अभद्रता के लिए कुछ लोगों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है।

# भारत स्टार्ट अप तथा नवाचार के क्षेत्र में अग्रणी राष्ट्र: प्रो. चक्रवाल

## स्पेन में उच्च शिक्षा पर 7-11 जुलाई तक संगोष्ठी का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com




गुरू घासीदास विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय) के कुलपति प्रोफेसर अलोक कुमार चक्रवाल ने स्पेन में दिनांक 7-11 जुलाई, 2024 को आयोजित संगोष्ठी में कहा कि भारत दुनिया में स्टार्ट अप और नवाचार के क्षेत्र में प्रगति करते हुए अग्रिम पंक्ति में अपनी उपस्थिति दर्ज कर रहा है। विज्ञान एवं अभियांत्रिकी जैसे उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भारत दुनिया में शोध उपाधि एवं अनुसंधान में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। कुलपति प्रो. चक्रवाल ने कहा कि भारत में स्टार्ट अप्स को विकसित करने के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया गया है। इसके परिणामस्वरूप भारत स्टार्ट अप इकोसिस्टम उपलब्ध कराने वाला दुनिया का तीसरे नंबर का देश है। उन्होंने कहा कि आंकड़े इस बात की तस्दीक करते हैं कि 2015-2022 के मध्य स्टार्ट अप की फंडिंग में 15 गुना से ज्यादा की वृद्धि दर्ज की गई। जिसमें नौ गुना निवेशक तथा सात गुना इंक्यूबेटर्स की संख्या शामिल है। देश में लगभग 125 यूनिकॉर्न स्टार्ट अप का आंकलन 350 बिलियन डॉलर के करीब है। कुलपति प्रो. चक्रवाल ने कहा कि भारत शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में विश्व में अपना अग्रणी स्थान बनाने में सफल रहा है। उन्होंने कहा कि दुनिया में विज्ञान एवं अभियांत्रिकी के क्षेत्र में शोध उपाधि प्रदान करने वाला एवं शोध पत्र प्रकाशन के विषय में भारत तीसरे क्रम पर है। ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स 2023 के मुताबिक भारत दक्षिण मध्य एशिया की10 अर्थव्यवस्थाओँ में प्रथम स्थान पर है। कुलपति प्रो. चक्रवाल ने कहा कि शोध एवं अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए सरकार और निजी क्षेत्र की ओर से निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। देश में शोध एवं अनुसंधान के क्षेत्र में एचएएल, एनआईएबी, एनआईओटी, आरजीसीबी और वीईसीसी जैसे संस्थान लगातार बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। क्यूएस रैंकिंग के अनुसार अपनी गुणवत्ता एवं मानकों को उच्चता प्रदान करने के क्षेत्र में भारत के उच्च शिक्षण संस्थान दुनिया के अन्य देशों की तुलना में दूसरे पायदान पर हैं। कुलपति प्रो. चक्रवाल ने कहा कि भारत के शैक्षणिक योगदान में गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय अमूल्य योगदान दे रहा है। शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में नये प्रतिमान स्थापित कर रहा है जिसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर के उच्च शिक्षा संस्थानों के साथ एमओयू हो रहे हैं। हाल ही में विश्वविद्यालय को भारत की उच्चतम रैंकिंग नैक ए++ प्राप्त हुई है। इस संगोष्ठी का आयोजन स्पेनिश सर्विस फॉर इंटरलाइजेशन ऑफएजुकेशन द्वारा किया गया जिसमें भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) का प्रतिनिधि मंडल शामिल हुआ है। संगोष्ठी में उच्च शिक्षा पद्धति, अकादमिक एवं शोध के क्षेत्र में परस्पर सहयोग तथा भारत और स्पेन के मध्य शैक्षिक आदान-प्रदान जैसे विषयों को शामिल किया गया है। इस संगोष्ठी में भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) के प्रतिनिधि मंडल के साथ स्पेन के विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों के प्रमुख शामिल हुए।

# कांग्रेसियों के धरना प्रदर्शन पर धिक्कार रही जिले कि जानता: भाजपा जिलाध्यक्ष

पायनियर संवाददाता ◄ बलरामपुर
www.dailypioneer.com



जिले भर के ब्लॉकों में कांग्रेसियों के द्वारा विद्युत कटौती को लेकर धरना प्रदर्शन कर प्रदेश के भारतीय जनता पार्टी की सरकार को बदनाम करने की साजिश की जा रही है जिसे पूरे जिले भर की जनता झूठ बोलने वाले कांग्रेसियों को धिक्कार रही है। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश जायसवाल ने कहां कि कांग्रेस पूरी तरह से मुद्दा विहिन हो चुकी है बरसात के मौसम में आंधी तूफान एवं बिजली कड़कने के कारण विद्युत उपकरणों में आई खराबी के कारण कुछ समय तक बिजली प्राकृतिक बाधित हो रही है यह बात सत्य है, लेकिन विद्युत विभाग के कर्मचारी जी जान लगाकर विद्युत आपूर्ति बाहर करने में सफलता हासिल कर रहे हैं आज पूरे जिले में लगातार 24 घंटे बिजली आपूर्ति हो रही है वावजूद इसके कांग्रेसियों के द्वारा अपने प्रदेश के आकाओं के फरमान पर जनता को गुमराह करने एवं अपना नौटंकी दिखाने के लिए बाध्य हो रहे हैं। आगे ओम प्रकाश जायसवाल ने कहा कि जिले के जिस कांग्रेस के पदाधिकारी अपने आकाओं की झूठी हुकुम बजने में लगे हुए हैं उनकी भी लंबी फेहरिस्त है कांग्रेस यह बताएं कि 5 वर्षों में प्रदेश में बिजली की उत्पादन क्षमता बढ़े इसके लिए कोई कदम क्यों नहीं उठाया? विधानसभा और लोकसभा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस के नेता मीडिया की सुर्खियों में बने रहने के लिए यह सब कर रहे हैं। जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस सरकार के 5 साल के कार्यकाल में 4 बार से ज्यादा बिजली टैरिफ बढ़ाया गया,बिजली उत्पादन करने वाले 2 बड़े प्लांट बंद हो गए उत्पादन क्षमता बढ़ने की जगह घट गई।

**क्या हैं कांग्रेसियों का धरना प्रदर्शन का पूरा मामला**-छत्तीसगढ़ में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने बिजली की दरों में बढ़ोतरी और कटौती के खिलाफ सोमवार को राज्य भर में प्रदर्शन किया। क्यों कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग ने पिछले महीने राज्य में सभी श्रेणियों के उपभोक्ताओं के लिए मौजूदा दरों की तुलना में बिजली दरों में औसतन 8.35 प्रतिशत की बढ़ोतरी की। नये दरें एक जून से प्रभावी हो गई हैं। कांग्रेसियों का आरोप है कि घरेलू उपभोक्ता, किसान, उद्योगपति या व्यवसायी, सभी बढ़ी हुई बिजली दरों और बिजली कटौती का खामियाजा भुगत रहे हैं। जब कि ताप विद्युत संयंत्रों में इस्तेमाल होने वाला कोयला, देश के आधे हिस्से को छत्तीसगढ़ से आपूर्ति की जाती हैं। जब कि छत्तीसगढ़ राज्य देश को ऊर्जा बिजली संयंत्रों के लिए कोयला की आपूर्ति कर रहा है,लेकिन खुद बिजली आपूर्ति में रुकावटों का सामना कर रहा है। जब कि अपनी राज्य में बिजली की दरें पड़ोसी राज्यों से अधिक हैं। कांग्रेसियों का दावा है कि पिछली दरों की तुलना में बिजली दरों में औसतन आठ प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है लेकिन बिजली के बिलों में डेढ़ गुना वृद्धि हुई है।

# नवकार महिला मंडल ने शंकरदाह स्कूल में किया वृक्षारोपण

- नवकार महिला मंडल ने शा.उमावि शंकरदाह में वृक्षारोपण, नशा मुक्ति शाकाहारी व कपड़ा वितरण का कार्यक्रम किया

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com




शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शंकरदाह में नवकार महिला मंडल धमतरी द्वारा 10 पौधों का वृक्षारोपण का कार्य अध्यक्ष संतोष मिनी, सदस्य गण कंजन चोपड़ा, इंदु जैन, सचिव कुसुम गोलछा, शशि पिंचा तथा बेबी पिचा के कर कमल द्वारा किया गया सहयोग के रूप में जिलाधीश मैडम के प्रतिनिधि के रूप में उमा देवांगन प्राचार्य मुख बधिर शाला धमतरी तथा शाला के प्राचार्य एचएल कुर्रे तथा शाला स्टाफ शोभा दुबे, रोहित कुमार देवांगन, तारामती वैघ, हिमेश्वरी अंधार , मोनिका शाह , राजेंद्र कुमार राखेचा, नंदनी साहू सहायक शिक्षक शोभा गोस्वामी, सरोज ध्रुव, लिपिक देवशरण वर्मा तथा गिरीश चंदेल ने सहयोग संतोष मिनी द्वारा तथा उमा देवांगन द्वारा छात्र-छात्राओं को मोबाइल की लत और दुरुपयोग के बारे में, मांसाहार से शाकाहार की ओर जाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके दुष्परिणाम व बीमारी संबंधित जानकारियां भी दी गई जब अध्यक्ष संतोष मिन्नी ने नशा मुक्ति के बारे में बच्चों को प्रेरित किया तो कुछ बच्चे भाव भोर हो उठे और अपनी अपनी दास्तान सुनाने लगे तब अध्यक्ष द्वारा आश्वासन दिया गया कि वे इसका डटकर सामना करें और इन सभी गंदगियों को साफ कर आगे की पढ़ाई जारी रखें ताकि देश का भविष्य गौरवान्वित हो सके।

शासकीय प्राथमिक विद्यालय शंकरदाह के कक्षा पहली से पांचवी तक के बच्चों को 150 नए कपड़े वितरण किए गए इसके अलावा 170 कपड़े हटकेश्वर शासकीय प्राथमिक शाला, 50 कपड़े आंगनबाड़ी और 270 टाई बेल्ट पेन कॉपी एवं सभी स्कूलों के कर्मचारियों को शर्ट पैंट साड़ी आदि वितरण किया गया।

# संभावित सड़क दुर्घटना वाली जगहों का चिन्हांकन कर आवश्यक उपाय करें सुनिश्चित

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिए गए कई अहम फैसले

- हेलमेट व सुरक्षा बैल्ट लगाकर नियंत्रित गति से वाहन चलाने की अपील

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

सड़क दुर्घटनाओं के कारण एवं इसे रोकने के उपायों के संबंध में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्टर अवनीश शरण की अध्यक्षता में आयोजित की गई। कलेक्टर एवं एसपी रजनेश सिंह ने अधिकारियों को जिले के संभावित दुर्घटना वाली जगहों का चिन्हांकन कर आवश्यक उपाय करने के निर्देश दिए। बैठक में इन उपायों पर सभी ने विचार-मंथन किया। उन्होंने दुर्घटना रहित यात्रा के लिए नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी नागरिकों से हेलमेट व सुरक्षा बैल्ट लगाकर नियंत्रित गति से वाहन चलाने की अपील की। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को सड़क में घूमने वाले आवारा मवेशियों मुख्यमार्ग से हटाने प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। बताया गया कि ग्रामीण इलाकों में जनचौपाल लगाया जा रहा है जहां पशुपालकों को इस संबंध में जागरूक किया जा रहा है। कलेक्टर ने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाने, तेज गति से वाहन चलाने एवं हेलमेट नहीं लगाने की वजह से सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। उन्होंने अभियान चलाकर इसकी जांच के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि पुलिस विभाग द्वारा ई-चालान के 22 हजार 334 प्रकरणों में एक करोड़ 56 लाख 24 हजार शमनशुल्क लिया गया। एसपी रजनेश सिंह ने बताया कि जिले में निजात नशा विरोधी अभियान चलाया जा रहा है जिसके जरिए लोगों को नशे से दूर रहने लगातार जागरूक किया जा रहा है। कलेक्टर ने स्कूलों एवं कॉलेजों में यातायात जागरूकता के लिए कार्यक्रम आयोजित करने कहा। आरटीओ ने बताया कि जनवरी 2023 से जून 2024 तक 19 हजार 212 लर्निंग लाइसेंस जारी किया गया है। बैठक में एडीशनल एसपी यातायात ने बताया कि जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है।

# अजजा शासेवि संघ पदोन्नति में आरक्षण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री से मध्य रात्रि में भेंट किए

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ छत्तीसगढ़ द्वारा पदोन्नति में आरक्षण की बहाली एवं अन्य संवैधानिक मुद्दों को लेकर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मध्य रात्रि को भेंट किए। मुख्यमंत्री जी ने सभी बातों को गंभीरता से सुनते हुए समाधान का रास्ता शीघ्र निकालने की बात कही। प्रांताध्यक्ष आरएन ध्रुव ने संघ की ओर से अपनी बात रखते हुए कहा कि अवैधानिक रूप से नियम कानून को ताक में रखते हुए विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा धड़ल्ले से आरक्षण विहीन पदोन्नति किया जा रहा है। जिसके फलस्वरुप हजारों की तादाद में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के अधिकारी कर्मचारी पदोन्नति से वंचित हो रहे हैं। इससे समाज को दोहरा नुकसान हो रहा है। अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग अधिकारी कर्मचारी जिस पद में भर्ती हुआ है, उसी पद में रिटायरमेंट तक बने रहने पर मजबूर हैं। यदि कोई पटवारी से आरआई नहीं बनेगा, शिक्षक से प्रधान पाठक नहीं बनेगा डिप्टी कलेक्टर से ज्वाइन कलेक्टर नहीं बनेंगे तो इसका परिणाम यह होगा कि अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के बेरोजगार युवा जो रोजगार हेतु पढ़, लिखकर शासकीय सेवा में इन पदों पर आने के लिए कतार में खड़े हुए हैं वे नौकरी में आने से वंचित हो जाएंगे।

# सरकारी विभागों की उदासीनता के चलते परेशानी भुगत रहे ग्रामवासी

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



विदित हो कि शहर से गांव को जोड़ने और ग्रामवासियों को आवागमन की सुविधा प्रदान करने हेतु पक्की डामर रोड बनाई गई है जिसे प्रधानमंत्री ग्राम सड़क विभाग द्वारा बनाया जाता है । धमतरी जिले में विभाग द्वारा बनाई गई सड़के जर्जर हो चुकी है जिसकी लगातार शिकायते मिलती रही है। इसी तारतम्य में जनपद सदस्य पिंकू जागेंद्र साहू ने अपने जनपद क्षेत्र कोलयारी एवम् आसपास के गांव शंकरदहा, डोडकी के ग्रामीणों से मिल रही शिकायत पर निरीक्षण किया जहां नहर रोड के किनारे भारी गंदगी पड़ी मिली,मुर्गी के बाल को नहर रोड के किनारे डाल दिया गया जिससे भारी दुर्गंध आती रहती है जिससे लोगों के स्वास्थ पर असर पड़ता है, साथ ही नहर रोड के किनारे सुरक्षा के दृष्टि से लगे रेलिंग जगह जगह निकल चुके है, रेलिंग के नट बोल्ट निकले हुए है जिससे रेलिंग गिरकर सड़क के किनारे में पड़ा है जिससे गंभीर दुर्घटना घट सकती है, कुछ दिन पहले एक शिक्षक टूटे हुए रेलिंग से टकराकर घायल हो गए थे। बरसात के दिनो में रोड किनारे घास फूस होने के कारण टूटा हुआ रेलिंग से एक्सीडेंट होने का खतरा बढ़ चुका है, जनपद सदस्य पिंकू जागेंद्र साहू ने 1 साल पहले भी इसकी शिकायत की थी आनन फानन में विभाग द्वारा खानापूर्ति कार्यवाही की थी लेकिन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क विभाग इस शिकायत को लेकर गंभीर नहीं दिख रहीं है जिसके फलस्वरूप कोलयारी पुल से लेकर सांकरा पुल तक जगह जगह रेलिंग सड़क पर गिरी हुई है और विभाग द्वारा बनाई गई जर्जर हो चुकी है। जनपद सदस्य पिंकू जागेंद्र साहू ने निरीक्षण स्थल का वीडियो बनाकर इस विषय पर कलेक्टर को ध्यानाकर्षण करवाया है साथ ही नहर के किनारे फैले गंदगी को ध्यान नही देने के लिए ग्राम पंचायत कोलयारी को, टूटे रेलिंग की मरम्मत एवम् रोड में सुधार नही करने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क विभाग को और मुख्य नहर के किनारे उगे घास फूस की सफाई नही करने के लिए कार्यपालन अभियंता महानदी जलाशय परियोजना बांध संभाग क्रमांक 2 रुद्री को पूरी तरह से जिम्मेदार ठहराया है।

# देवश्री टॉकीज में हुए चाकूबाजी घटना के चार आरोपियों को कोतवाली पुलिस एवं सायबर टीम ने किया गिरफ्तार

- धमतरी पुलिस द्वारा ऐसे असमाजिक तत्वों, बटंचीबाज एवं चाकूबाजों पर लगातार नजर रख की जायेगी सख्त कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



7 जुलाई 24 को दिन करीबन 12 बजे के प्रार्थी डोमेन्द्र साहू अपने दोस्तों वासुदेव ध्रुव,डोमेन्द्र साहू, विवेक कुमार साहू के साथ देवश्री टॉकीज धमतरी में पिक्चर देखने आये थे और देवश्री टॉकीज में टिकिट कटवाने के लिए लाईन में खड़े थे कि दोपहर करीबन 2:30 बजे धमतरी के राकेश यादव, शाग्गीर खान, राहुल धुव, हिमांचल गौतम आये और लाईन में नहीं लगे हो हरामखोर, करके अश्लील गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का एवं प्लास्टिक पाईप एवं लोहे के संकल से एवं धारदार वस्तु से एक राय होकर मारपीट किये जिससे प्रार्थी डोमेन्द्र साहू के बांया जांघ और पीठ में विवेक साहू के दाहिने ओर पेट में और बांया जांघ में चोट आने की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली धमतरी में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जिसके बाद दोनों आहत को आयी चोट की डॉक्टरी मुलाहिजा कराया गया एवं घटना स्थल का निरीक्षण कर, प्रार्थी व गवाहान का कथन लिया गया तथा मुर्त0 विवेक साहू को आयी चोट की प्रकृति के संबंध में डॉक्टर से राय लिया गया जिसमें डॉक्टर द्वारा धारदार वस्तु से गंभीर चोट आना लेख करने पर प्रकरण में धारा 118(1) 118 (2) भा.न्याय.सं. जोड़ी गयी एवं थाना प्रभारी एवं सायबर टीम द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए आरोपियों की पतासाजी की गई एवं आरोपीगण को हिरासत में लेकर कडाई से पुछताछ किया गया। आरोपियो से कडाई से पूछताछ करने पर चारों आरोपियों ने अपना.अपना जुर्म स्वीकार करने तथा घटना में प्रयुक्त लोहे का संकल, प्लास्टिक का पाईप व एक नग बटंची चाकु को छुपाकर रखना बताने पर बताये अनुसार पृथक पृथक कुल लोहे का संकल, प्लास्टिक के पाईप व एक नग चाकु बरामद किया गया।

# एनएसयूआई जिले के हर कोने मे कर रही पुनः नीट की मांग को लेकर केंद्र सरकार का विरोध

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



एनएसयूआई द्वारा जब से नीट का रिजल्ट आया है एनटीए के द्वारा हुये नीट के परीक्षा मे धांधली को लेकर विरोध प्रदर्शन निरंतर जारी है। एनएसयूआई एवं नीट के छात्रों का एनटीए पर सीधा आरोप है की चिन्हित कोचिंग संस्थानों को नीटका पेपर लीक किया गया। हिंदुस्तान की इतिहास मे यह पहली बार हुआ की एक ही सेंटर से 7 परीक्षार्थी 720 मे 720 अंक प्राप्त किये हो। इतिहास मे पहिली बार 69 परीक्षार्थी 720 मे 720 अंक प्राप्त किये है। झारखण्ड ,बिहार जैसे तमाम प्रदेशो मे पेपर लीक के संदर्भ मे गिरफ्तारिया हुई है सुप्रीम कोर्ट मे अर्जी लगाने के पश्चात सुप्रीत कोर्ट ने बोनस अंक दिए परीक्षार्थियों का पुनः परीक्षा लेने का निर्देश दिया। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन ने बताया की जब से केंद्र मे मोदी सरकार आयी है तब से पेपर लीक की घटना आम बात हो गयी है छात्र अपने आप को असहाय महसूस कर रहे है एनएसयूआई नीट की पुनः परीक्षा की मांग एवं एनटीए को बैन करने की मांग को लेकर दिल्ली मे संसद घेराव, एनटीए दफ्तर दिल्ली मे तालाबंदी, राजधानी रायपुर मे आक्रोश रैली धमतरी जिले के हर ब्लॉक मे पुतला दहन कर अपना विरोध प्रतिदिन दर्ज करा रही है। लेकिन केंद्र की मोदी सरकार के कान मे जू तक नहीं रेंग रहा है। राजा देवांगन ने बताया की आंदोलन और तेज होगा और महाविद्यालय स्तर मे पहुंचकर छात्रों के सँग आवाज बुलंद करेंगे। भखारा ब्लॉक मे यश नारायण दुबे, नमन बंजारे , लोकेश साहू, लक्की टंडन, देवेंद्र सिन्हा, सौरभ पॉल सहित एनएसयूआई के दर्जनों कार्यकर्ताओ ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन किया। मगरलोड ब्लॉक मे पारसमनी साहू, अरविन्द यादव, नोमेश सिन्हा, लिकेश साहू, लकी निर्मलकर, अज्जू देवांगन, भेपेन्द्र कवर, चितेन्द्र साहू सहित एनएसयूआई कार्यकर्ताओ ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पोस्टर छायाचित्र जलाकर विरोध दर्ज कराया।

## जिले में महावृक्षारोपण अभियान की हुई शुरूआत, लगेंगे 11 लाख से ज्यादा पौधे

# कलेक्टर सहित जनप्रतिनिधियों ने लगाया 'एक पेड़ मां के नाम

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'एक पेड़ मां के नाम' लगाने की अपील लोगों से की है। इसके मद्देनजर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर प्रदेश सहित जिले में भी वृहद पौधरोपण किया जा रहा है। इसके तहत धमतरी शहर के नेहरू गार्डन से महावृक्षारोपण अभियान की शुरूआत की गई। इस अवसर पर कलेक्टर नम्रता गांधी, सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय, वनमण्डलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव सहित जनप्रतिनिधि नगरनिगम महापौर विजय देवांगन, अनुराग मसीह, नेता प्रतिपक्ष नरेन्द्र रोहरा, श्यामा साहू, सरिता दोशी, ममता शर्मा, नीलू पवार सहित रक्तदान ग्रुप , लायंस क्लब, एजुकेशन सेवा संस्था, फ्रीडम फिजिकल, रेडक्रॉस, जननी सेवा संस्था इत्यादि के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में लोगों ने 'एक पेड़ मां के नाम' पर लगाया। नगरपालिक निगम धमतरी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में कलेक्टर नम्रता गांधी ने अशोक पौधा का रोपण करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण का उतना ही महत्व है जितना मानव जीवन का। पर्यावरण संरक्षण के लिए हर व्यक्ति को प्रकृति के बीच जीवन-यापन की परंपरा का निर्वहन करना चाहिए। साथ ही हमें पेड़ों की रक्षा वैसे ही करनी चाहिए जैसे हम अपने बच्चों की करते हैं। किसी भी पेड़ लगाने से ज्यादा उसको जीवित रखना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि महावृक्षारोपण अभियान की शुरूआत आज धमतरी विधानसभा से की गई है। वहीं 10 जुलाई को कुरूद और 11 जुलाई को सिहावा विधानसभा में वृक्षारोपण किया जाएगा। कलेक्टर गांधी ने बताया कि धरती का श्रृंगार करने के लिए जिले में कुल 11 लाख 23 हजार से ज्यादा पौधों का रोपण किया जाएगा।

नगरनिगम महापौर विजय देवांगन ने कहा कि मां के नाम पर एक पेड़ लगाने का सिलसिला पूरे देश में चलाया जा रहा है। हम सब इस कार्यक्रम को उत्सव के रूप में मना रहे है। गांव-गांव में भी सभी परिवार इस कार्यक्रम को लेकर उत्साहित है। डॉ.सरिता दोशी ने कहा कि मानव जीवन के लिए एक पेड़ लगाना बहुत ही महान काम है। एक पेड़ मां के समान है। जैसे मां अपने बच्चों को सजाती एवं संवारती है, भोजन कराती है, ठीक उसी तरह एक पेड़ हमें फ्ल एवं शुद्ध हवा देता है। एल.के.साहू ने कहा कि प्रकृति ने हमें सब कुछ दिया है। इसे सहेजकर रखना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। पर्यावरण के बिना मनुष्य के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसलिए हम सब एकजुट होकर पर्यावरण के सुधार के लिए ऐसा प्रयास करें कि धमतरी जिला वृक्षारोपण अभियान की सार्थकता सिद्ध कर सके।

**महापौर विजय देवांगन ने पौध वितरण वाहन को दिखाई हरी झंडी-** आयोजितमहावृक्षारोपण कार्यक्रम में नगरनिगम महापौर विजय देवांगन नेनिःशुल्क पौधा वितरण वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उल्लेखनीय है कि पौधा रोपण को प्रोत्साहित करने के लिए वन विभाग द्वारा पौधों का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है। इस वाहन के जरिए लक्षित वृक्षारोपण स्थल पर पौधों को पहुंचाया जाएगा।

# शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए आवेदन 24 जुलाई तक

पायनियर संवाददाता ◄ धमतरी
www.dailypioneer.com

शासन द्वारा जारी छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) आदेश के तहत नगरनिगम धमतरी क्षेत्र में उचित मूल्य दुकानों के युक्तियुक्तकरण के लिए विंध्यवासिनी वार्ड और जोधापुर वार्ड में दुकानों का आबंटन किया जाना है। दुकान संचालन के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 24 जुलाई तक है। अंतिम तिथि के बाद मिले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए स्थानीय नगरीय निकाय, राज्य शासन के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा पंजीकृत महिला स्व सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समितियां, अन्य सहकारी समितियां, राज्य शासन द्वारा विनिर्दिष्ट उपक्रम, वन सुरक्षा समितियां ही पात्र होंगी। अन्य संस्थाओं, निजी व्यक्तियों के आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। सहकारी समितियां, महिला स्व सहायता समूह का आवेदन तिथि के दो माह पूर्व पंजीयन एवं कार्यरत होना आवश्यक है। सामाजिक, आर्थिक क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव वांछनीय है। स्थानीय संस्था, पंजीयन अवधि, आर्थिक स्थिति, कार्यशीलता एवं अनुभव दुकान आबंटन के लिए विचार योग्य बिन्दु होंगे। संस्था के पास दुकान संचालन के लिए पर्याप्त पूंजी व भवन की व्यवस्था होना जरूरी है तथा उचित मूल्य दुकान आबंटित होने पर एक सप्ताह के भीतर निर्धारित अनुबंध पत्र निष्पादित करना होगा।

# प्रकृति को हरा भरा बनाना है, एक पेड़ मां के नाम लगाना है : उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

## एक पेड़ मां के नाम : उपमुख्यमंत्री ने किया वृक्षारोपण

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कबीरधाम जिले में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर जिले के गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, स्काऊट गाईड के सदस्य, हरितिमा ग्रुप के सदस्य सहित अधिकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर कवर्धा वन मंडल में एक-पेड़-माँ-के-नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री शर्मा ने निःशुल्क पौधा वितरण के लिए स्ट्राईक फोर्स वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि प्रकृति को हरा भरा बनाना है, एक पेड़ मां के नाम लगाना है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक-पेड़ मॉ-के-नाम प्रारंभ किया गया है। जो मूलतः वृक्षारोपण अभियान है।

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने बताया कि कि निःशुल्क पौधा प्राप्त करने के लिए विभाग द्वार क्यू.आर. कोड जारी किए गए है। जिससे स्कैन करके पौधा प्राप्त किया जा सकता है। इसके साथ ही 03 सम्पर्क नंबर भी जारी किया है। जिसमें सोमवार से शुक्रवार तक पौधा के लिए मांग किया जाएगा तथा शनिवार एवं रविवार को पौधा वितरण किया जाएगा।

# जैव विविधता पार्क अटल नगर में 11 जुलाई को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मुख्य आतिथ्य में 11 जुलाई को अटल नगर नवा रायपुर स्थित जैव विविधता पार्क में एक पेड़ मां के नाम अभियान का आयोजन संध्या 4 बजे से होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सहित समस्त अतिथिगणों द्वारा पौधों का रोपण किया जाएगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप करेंगे। कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री द्वय अरूण साव एवं विजय शर्मा एवं मंत्रिमंडल के सदस्य गण, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक अभनपुर इंद्र कुमार साहू, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य वन सचिव ऋचा शर्मा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख व्ही. श्रीनिवास राव एवं अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारियों, वनप्रबंधन समिति के सदस्यों, छात्रों एवं स्थानीय ग्रामीणों द्वारा भी अपनी मां के नाम वृक्षारोपण किया जाएगा।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ प्रारंभ किया गया था। इस अभियान के अंतर्गत देश में सितम्बर 2024 तक 80 करोड़ एवं मार्च 2025 तक 140 करोड़ वृक्षों का रोपण किए जाने का लक्ष्य है।

''एक पेड़ मां के नाम'' महावृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में वन विभाग द्वारा वन एवं वनेत्तर क्षेत्रों में 03 करोड़ 85 लाख पौधों का रोपण किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस अभियान के तहत वृक्षारोपण स्थलों का नामकरण स्थानीय देवी-देवताओं के नाम से करने का आह्वान किया है। सभी जिलों में ग्राम एवं पंचायत स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर जनप्रतिनिधियों की भागीदारी से वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित होगा। इस अभियान के तहत आम, जामुन, बेल, कटहल, सीताफल, अनार, शहतूत, बेर, तेन्दू, गंगाईमली जैसे फलदार पौधे तथा लघु वनोपज एवं औषधीय प्रजाति के पौधों जैसे- हर्रा, बहेड़ा, आंवला, नीम, पुत्रन्जीवा, काला सिरस, रीठा, चित्रक आदि प्रजातियों के पौधों का रोपण किया जा रहा है। शहरी क्षेत्रों में छायादार प्रजातियां बरगद, पीपल, मौलश्री, कदम, पेल्ट्राफार्म, गुलमोहर, करंज, अशोक, अर्जुन के साथ अन्य प्रजातियों का रोपण किया जा रहा है। अभियान अंतर्गत सभी स्कूलों, छात्रावासों, आंगनवाड़ी केन्द्र, पुलिस चौकी, अस्पताल, शासकीय परिसर, शासकीय एवं अशासकीय भूमि, विभिन्न औद्योगिक संस्थानों की रिक्त भूमि पर इस महावृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है। यहां यह उल्लेखनीय है कि एक पेड़ मां के नाम महावृक्षारोपण अभियान का मुख्य उद्देश्य अधिक-से-अधिक पौधे रोपित कर छत्तीसगढ़ को हरा-भरा बनाकर पर्यावरण संतुलन बनाये रखना है।

# 5वीं तक बच्चों को स्थानीय भाषा-बोली में शिक्षा दिए जाने का प्रावधान

प्रथम पेज का शेष

छत्तीसगढ़ शासन भण्डार क्रय नियम 2002 के (यथा संशोधित 2022) में संशोधन प्रारूप का अनुमोदन किया गया। राज्य शासन के समस्त विभाग आदि आवश्यकतानुसार सामग्री, वस्तुओं एवं सेवाओं जिनकी दरें एवं विशिष्टियां भारत सरकार के डीजीएसएण्डडी की जेम वेबसाइट में उपलब्ध हो का क्रय जेम वेबसाईट से उनकी नियमावली निर्धारित प्रक्रिया पालन करते हुए क्रय करेंगे। अतिरिक्त आवश्यकता होने पर सामग्री, वस्तु एवं सेवाओं के क्रय के लिए वित्त विभाग की सहमति आवश्यक होगी। वर्तमान में प्रचलित सीएसआईडीसी के सभी रेट कॉन्ट्रेक्ट इस माह के अंत में निरस्त करने का भी निर्णय लिया गया। यह कदम भ्रष्टाचार निवारण की दृष्टि से लिया गया है। मंत्रिपरिषद की बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य संवर्ग के भारतीय वन सेवा में वर्ष 1992 से 1994 तक के अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक के पद पर पदस्थ 06 अधिकारियों को गैर-कार्यात्मक आधार पर यथास्थान प्रधान मुख्य वन संरक्षक स्तर के समतुल्य वेतनमान 01 जनवरी 2024 से प्रदान करने हेतु भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, से सहमति प्राप्त करने का निर्णय लिया गया। अधीक्षण अभियंता (सिविल) से मुख्य अभियंता (सिविल) के पद पर पदोन्नति के लिए निर्धारित न्यूनतम अवधि 05 वर्ष में केवल एक बार के लिए 01 वर्ष की छूट प्रदान करने का निर्णय लिया गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश के जरूरतमंद सर्वेक्षित 47 हजार 90 आवासहीन परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत आवास स्वीकृत करने का निर्णय लिया गया। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ राज्य सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण के तहत 01 अप्रैल से 30 अप्रैल 2023 तक प्रदेश में कुल 59.79 लाख परिवारों का सर्वेक्षण पूर्ण किया गया, जिसमें 47 हजार 90 परिवार ऐसे पाए गए जो आवासहीन है, किन्तु उनका नाम सामाजिक आर्थिक एवं जातिगत जनगणना की स्थायी प्रतीक्षा सूची में नहीं है। ऐसे आवासहीन परिवारों को मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण से आवास स्वीकृत करने का निर्णय लिया गया।

# उप मुख्यमंत्री अरुण साव नई दिल्ली में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक में हुए शामिल

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव नई दिल्ली में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक में शामिल हुए। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल की अध्यक्षता में नई दिल्ली के लोधी रोड स्थित अंत्योदय भवन में आयोजित बैठक में केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री वी. सोमन्ना, सचिव विनी महाजन, छत्तीसगढ़ शासन के लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुलहक और प्रमुख अभियंता डॉ. एम.एल. अग्रवाल भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

## केन्द्रीय वित्त आयोग आज से राज्य के दौरे पर

**रायपुर।** केन्द्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में 12 सदस्यीय दल राजधानी रायपुर पहुंच रहा है। यह दल मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और मंत्रीमण्डल के सदस्यों और अधिकारियों के साथ, राज्य की वित्तीय आवश्यकताओं, अधोसंरचना विकास तथा आर्थिक प्रगति सहित विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श करेगा। वित्त आयोग 12 एवं 13 जुलाई को जगदलपुर भ्रमण पर भी रहेगा। केन्द्रीय वित्त आयोग के अध्यक्ष पनगढ़िया के साथ आयोग के सदस्य अजय नारायण झा, एनी जॉर्ज मैथ्यू, डॉ. मनोज पाण्डा, डॉ. सौम्यकांति घोष तथा आयोग के सचिव ऋत्विक रंजनम पाण्डेय, संयुक्त सचिव कमल कुमार मिश्रा, संयुक्त संचालक राघवेन्द्र सिंह एवं अन्य अधिकारीगण भी रायपुर पहुंचेंगे।







सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403